CMYK CMYK

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, बुधवार, 05 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 47 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



रवीना टंडन ने पैपराजी को गिफ्ट किए अपने सोने के इयररिंग्स....

पेज -09

## न्यूज ब्रीफ

### भारत चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में




**जयपुर।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली, जिन्होंने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

## पीएम मोदी के गुजरात दौरे के फोटो और वीडियो मंगलवार को सामने आए...


# 'वनतारा' में पीएम मोदी ने बिताएं 7 घंटे

**शावक को दूध पिलाया**

**चिम्पैंजी, हाथी, जिराफ, डॉल्फिन के साथ बिताए पल**







**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 1 मार्च से तीन दिन तक गुजरात दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने रविवार (2 मार्च) को जामनगर में रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का उद्घाटन किया। इसके फोटो-वीडियो मंगलवार को सामने आए हैं।

वनतारा के उद्घाटन के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता अंबानी, बेटा अनंत अंबानी और बहू राधिका मर्चेंट भी मौजूद रहे। पीएम ने यहां सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक 7 घंटे बिताए। अनंत अंबानी का यह ड्रीम प्रोजेक्ट वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र है। यह 2000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से ज्यादा बचाए गए लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। मोदी ने वनतारा में वन्यजीव अस्पताल का दौरा किया और पशु-चिकित्सा की सुविधाएं देखीं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई शेर और सफेद शेर के शावकों को अपने हाथों से खाना भी खिलाया। पीएम ने वनतारा की सफारी की।

# अमेरिका ने यूक्रेन की सभी सैन्य मदद रोकी

## ट्रम्प-जेलेंस्की की बहस के 3 दिन बाद ऐलान


## यूएस प्रेसिडेंट बोले, जेलेंस्की शांति नहीं चाहते हैं

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोकने का ऐलान किया है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेन नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार रोकी गई मदद तब तक बहाल नहीं की जाएगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रम्प को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं।

यूक्रेन की सैन्य मदद रोकने से कुछ घंटे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, जेलेंस्की नहीं चाहते कि जब तक उन्हें अमेरिका का



फाइल फोटो

समर्थन हासिल है, तब तक शांति हो। यह राष्ट्रति जेलेंस्की की तरफ से दिया गया सबसे खराब बयान है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### एक अधिकारी का दावा, मदद स्थायी तौर पर नहीं रोकी गई

यूक्रेन को सैन्य मदद रोके जाने को लेकर फिलहाल अमेरिकी रक्षा विभाग और राष्ट्रति ट्रम्प ने कोई टिप्पणी नहीं की है। ब्लूमबर्ग ने रक्षा विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि क्या जेलेंस्की रूस के साथ शांति कायम करना भी चाहते हैं या नहीं। ट्रम्प प्रशासन के एक अधिकारी ने फॉक्स न्यूज से कहा कि यह मदद स्थायी तौर पर नहीं रोकी गई है। बाइडेन प्रशासन ने 20 जनवरी को एक बयान में कहा कि उसने फरवरी 2022 से यूक्रेन को 65.9 बिलियन डॉलर की सैन्य मदद दी है। इन सैन्य मदद में मिसाइलों से लेकर लैंडमाइंस तक शामिल हैं। अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन का रूस के सामने 3 साल से भी ज्यादा समय तक टिक जाना नामुमकिन था।

## जो हमारा, हमें मिलना चाहिए...इसके इतर कुछ नहीं, यूपी सीएम योगी बोले...

# संभल में 68 तीर्थ मिटाने की कोशिश हुई, 54 को ढूंढ निकाला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सीएम योगी ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। कहा, एक शरारत के तहत संभल के 68 तीर्थों और 19 कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई। उनको खोजना हमारा काम था। हमने 54 तीर्थ खोजे और 19 कूपों को भी ढूंढ निकाला। जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए। इससे इतर कुछ नहीं है। कहा, लोहिया ने कहा था कि भारत के लिए राम, शंकर और कृष्ण जब तक भारत के आदर्श हैं, कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता।

जब तक इन्हें आदर्श के रूप में मानेंगे, भारत भारत बना रहेगा। लेकिन सपा का इन तीनों देवताओं पर विश्वास नहीं है। योगी ने कहा, पहले माफिया दौड़ाता था, तो पुलिस भागती थी। माफिया को पुलिस सैल्यूट करती थी। अब इसका ठीक उल्टा है।

योगी ने कहा, भ्रष्टाचार का नमूना देखना है, तो अंसल बिल्डर तो आपकी उपज थी। आज ही मैंने



एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसकी सारी प्रॉपर्टी जब्त कर लेंगे। किसी होम बायर के साथ गलत नहीं होने देंगे। कोई किसी गरीब का पैसा लेकर भाग जाएगा, तो उसे पाताल से भी ले आएंगे।

### नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद से कहा- मन से बोलते हैं, तो सही बोलते हैं

सीएम ने कहा- 93 सदस्यों ने विधानसभा की चर्चा में भाग लिया। इसमें विपक्ष के 34 सदस्य शामिल रहे। हमें अच्छा लगा कि नेता प्रतिपक्ष ने दार्शनिक अंदाज में अपनी बात रखी। डॉ लोहिया के अनुयायी के रूप में बात रखी। वे इसका आचरण स्वयं कर पाते हैं या नहीं, यह मुझे नहीं पता। वह उम्र में मुझसे बड़े हैं, इस कारण मैं उन्हें सुझाव नहीं दे सकता।

## भोपाल में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

# किताबों तक सीमित न हो शिक्षा

**सभी विचारधाराओं को साथ लेकर चलना है**

**समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं संघ के कार्य**

**पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 का उद्घाटन**

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएं हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं है। हमारी शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। हमें इसे व्यापक नजरिए से देखना होगा। मानवता को सही दिशा दिखाने के लिए जरूरी है कि हमे अपने काम को समाज के हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाना है। परिवर्तन जरूरी है, क्योंकि संसार स्वयं परिवर्तनशील है, लेकिन यह अधिक महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए। संघ प्रमुख ने यह बात भोपाल में विद्या भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 के उद्घाटन पर कही।



### समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती विद्या भारती

संघ प्रमुख ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश्व भारत की ओर देख रहा है उसे मानवता की दिशा देनी होगी। विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता।

### विविधता में एकता का महत्व

भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। सब में मैं हूं, मुझ में सब हैं। भागवत ने भारतीय दर्शन के इस मूल विचार को रेखांकित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दृष्टिकोण से हमें अपने कार्यों को संचालित करना चाहिए। यदि समाज में परिवर्तन लाना है, तो सबसे पहले व्यक्ति में परिवर्तन लाना होगा।

### संघ का उद्देश्य सभी का कल्याण

हमारे प्रयास केवल एक वर्ग या समूह के कल्याण तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि हमें संपूर्ण समाज के कल्याण का लक्ष्य रखना होगा। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए।

# सर्बिया की संसद में विपक्ष का स्मोक ग्रेनेड से हमला

## 2 सांसद घायल, एक की हालत गंभीर

**बेलग्रेड।** यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्मोक ग्रेनेड फेंके। विपक्ष ने यह प्रदर्शन सरकार की नीतियों के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया।

सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी की अगुआई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने जैसे ही सत्र के एजेंडे को मंजूरी दी, कुछ विपक्षी नेता अपनी कुर्सी से उठकर स्पीकर की कुर्सी की तरफ दौड़ पड़े। उन्होंने सदन में स्मोक ग्रेनेड फेंक दिया, जिससे सदन में काला धुआं भर गया। इस दौरान उनकी सिक्योरिटी गार्ड्स से हाथापाई भी हुई। इस हमले में दो सांसद घायल हो गए हैं, जिनमें से एक सांसद की हालत गंभीर है। स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि संसद काम करना जारी रखेगी।

### पीएम के इस्तीफे पर होनी थी चर्चा

सर्बियाई संसद में मंगलवार को देश की यूनिवर्सिटीज के लिए धनराशि बढ़ाने वाला कानून पारित होना था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक के इस्तीफे पर भी चर्चा होनी थी, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन की तरफ से पेश किए गए एजेंडे के अन्य मुद्दों से विपक्ष नाराज था। इसके बाद यह हंगामा हुआ।



### 15 लोगों की मौत के बाद शुरू हुआ था विरोध प्रदर्शन

दरअसल, सर्बिया के दूसरे सबसे बड़े शहर नोवी सैड में 1 नवंबर को रेलवे स्टेशन की छत का एक हिस्सा गिर गया था। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद देश में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। सड़कों पर हजारों लोग उतर आए और इस घटना की जवाबदेही की मांग करने लगे। लोगों का आरोप था कि निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की वजह से छज्जा गिरने की घटना हुई।

## आईटी विभाग को कानूनी अधिकार

# चेक कर सकता है आपका ईमेल और सोशल मीडिया अकाउंट

**नई दिल्ली।** एक अप्रेल, 2025 से इनकम टैक्स(आईटी) विभाग को अपने सोशल मीडिया अकाउंट, निजी ईमेल और बैंक अकाउंट, ऑनलाइन निवेश अकाउंट, ट्रेडिंग अकाउंट और दूसरी चीजों को देखने और उन तक पहुंचने का कानूनी अधिकार होगा। नए आयकर कानून में अधिकारियों के पास यह अधिकार होगा।

मौजूदा आईटी अधिनियम, 1961 की धारा 132 के तहत अधिकारियों को तलाशी लेने और संपत्ति और खातों को जब्त करने की अनुमति देती है, अगर उनके पास यह मानने की जानकारी और कारण है कि किसी व्यक्ति के पास कोई आय, संपत्ति या दस्तावेज हैं, जिन्हें वे आयकर से बचने के लिए जानबूझकर नहीं बताएंगे। वर्तमान कानून के तहत ऐसा करने का उनका एक तरीका यह है कि यदि उनकी चाबियां उपलब्ध न हों और उन्हें संदेह हो कि वहां कोई अघोषित संपत्ति या खाता बही रखी गई है, तो वे किसी भी दरवाजे, बक्से या लॉकर का ताला तोड़ सकते हैं। नए आयकर बिल के तहत, यह पावर आपके कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस तक भी बढ़ा दी गई है। आयकर विधेयक के क्लोज 247 के अनुसार अगर किसी अधिकारी के पास यह मामने का कारण है कि किसी व्यक्ति के पास अघोषित इनकम या फिर संपत्ति है जो आयकर अधिनियम के दायरे में आती है, वो किसी भी दरवाजे, बॉक्स, लॉकर, तिजोरी, अलमारी या अन्य इंस्ट्रूमेंट का ताला भी तोड़ सकते हैं। वो किसी भी कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस में एक्सेस कोड को ओवरराइड करके एक्सेस भी ले सकते हैं।



एक अप्रेल, 2025 से लागू होगा कानून

# बांग्लादेश में झींगा उद्योग संकट में पहुंचा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश से भागने के बाद वहां की हालत खराब होती जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान से बांग्लादेश की गारमेंट्स इंडस्ट्री पहले ही टेंशन में है, अब एक नई मुसीबत आ गई है। यहां का झींगा कारोबार बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। फैक्ट्रियों में ताले पड़ गए हैं। एक्सपोर्ट में गिरावट आने और कई चुनौतियों की वजह से झींगा प्रोसेसिंग उद्योग पूरी तरह ठप होने की कगार पर है।

बांग्लादेश फ्रोजन फूड्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, 109 झींगा प्रोसेसिंग कारखाने थे, लेकिन इनमें से केवल 30 खुलना में और 18 चटगांव में चल रहे हैं। बाकी में ताले लग गए हैं। भारत झींगा का एक प्रमुख निर्यातक है। भारत से झींगा अमेरिका, जापान, और यूरोपीय यूनियन के बाजारों में भेजा जाता है। 2023-24 में भारत ने 17,81,602 मीट्रिक टन झींगा एक्सपोर्ट किया, इसकी कुल कीमत 60,523.89 करोड़ थी। अमेरिका ने भारत से 2,97,571 मीट्रिक टन फ्रोजन झींगा इंपोर्ट किया था। बांग्लादेश के झींगा निर्यात का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा ईयू के देशों में में ही जाता है। अब भारत इन देशों में एक्सपोर्ट कर सकता है। इससे भारत में रोजगार के मौके बढ़ेंगे।

**109 में से 48 फैक्ट्रियां ही चल रही**

**भारत के लिए झींगा निर्यात का मौका**

**शेख हसीना के भागने के बाद झींगा उद्योग संकट में**

## तेजस्वी का नीतीश पर हमला

# मूलभूत सुविधाओं को तरसता बिहार

**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को तीखी बहस देखने को मिली। विधानसभा में तेजस्वी यादव ने भाषण दिया। तेजस्वी ने कहा कि विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण काफी कन्फ्यूजन भरा था। वह 2005 का अभिभाषण पढ़ रहे थे या 2010 का कुछ पता नहीं चला। 3.71 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। ऐसा लगता है कि बजट दस्तावेज झूठ में डूबी स्याही से लिखे गए हैं। वे इसे पांच लाख करोड़ रुपए कर सकते थे।'



तेजस्वी ने कहा, 'जमीनी सच्चाई यह है कि आधुनिक सुविधाएं तो छोड़िए बिहार अब भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। तेजस्वी ने शायराना अंदाज में कहा, 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, मुख्यमंत्री थका हारा, आम आदमी फिर रहा मारा-मारा।

लालू ने कमजोर तबके के दलितों, पिछड़ों को मंत्री बनाया, विधायक बनाया, एमएलसी बनाया अध्यक्ष बनाया, ताकत दिलाने का काम लालू जी ने किया। इस पर सम्राट चौधरी ने टोका, 'जो नकली समाजवादी है। उसको सब कुछ नकली ही लगता है।' तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया था कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा पेश किया गया बजट 'बढ़ा-चढ़ाकर झूठ और जुमलों की स्याही से तैयार किया गया है।

### सीएम नीतीश कुमार बोले, एनडीए में थे और रहेंगे

**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र का तीसरे दिन सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया कि वह एनडीए में हैं और आगे भी एनडीए में ही रहेंगे। वहीं, विपक्ष की ओर इशारा कर उन्होंने कहा इस बार चुनाव में इन लोगों को कुछ नहीं मिलेगा। सीएम नीतीश ने भागलपुर दंगे के दोषियों को सजा दिलाने की बात का भी जिक्र किया। लगातार विपक्ष की नारेबाजी होती रही, बावजूद इसके सीएम अपना संबोधन देते रहे।



CMYK CMYK

## पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 6 मार्च को सुबह 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि गुरूवार 6 मार्च को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## वार्षिक सम्मेलन कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान पेंशनर समाज स्थानीय शाखा का वार्षिक सम्मेलन 6 मार्च को सवेरे 11 बजे स्थानीय कचहरी परिसर स्थित विकास भवन में आयोजित होगा। अध्यक्ष अर्जुनप्रसाद बोहरा ने बताया कि सम्मेलन में सभी पेंशनर भाग लेंगे। साथ ही 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित भी किया जाएगा। पेंशनरों के पेंशन से कटौतियों का निराकरण एवं नए आदेशों की जानकारी दी जाएगी।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र की थीम व फिट इण्डिया के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेलकूद का आगाज पीएमश्री उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विभाग के उप निदेशक (सांख्यिकी) ओमप्रकाश कुमावत उपस्थित रहे। कृषि विभाग के उप निदेशक ओमप्रकाश कुमावत ने युवाओं को नियमित खेल से शारीरिक व मानसिक विकास पर बल देते हुए राष्ट्रनिर्माण में योगदान करने का आह्वान किया। प्राचार्य चैनकरण सिंह ने युवाओं को खेल भावना व अनुशासन के साथ खेल खेलने की बात कही। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने कार्यक्रम विवरण देकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्य म में अतिथियों ने ब्लॉक स्तर की विजेता टीमों को फिट इण्डिया किट प्रदान किए गए। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी के प्रथम मैच में बागोड़ा ब्लॉक की युवा मंडल टीम ने सायला ब्लॉक की बिश्नगढ़ टीम को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। रस्साकशी में जालोर की टीम ने आहोर ब्लॉक की गुडारामा टीम को हराकर फाइनल में स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक असलम खान, मेहबूब खान, नरेश कुमार, शिवदत्त शर्मा, महेन्द्र लांबा ने निभाई। व्याख्याता प्रियंका शर्मा, लेखा सहायक अमित सचदेवा, खसाराम माली, युवा स्वयंसेवक प्रकाश बागोडा, मनोहर सिंह, रघुनाथ राम आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तालुका मुख्यालय पर 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को श्याम सुन्दर, अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साचोर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपखण्ड मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार, उपखण्ड मजिस्ट्रेट चितलवाना देशलाराम, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांचोर त्रिकमदान चारण, तहसीलदार सांचौर कर्मवीरसिंह, तहसीलदार चितलवाना चमनलाल उपस्थित हुए उपस्थित सभी राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सांचौर न्याय क्षेत्र में राजस्व न्यायालयों के राजीनामा योग्य लंबित तथा प्रि-लिटिगेशन स्तर के सभी रेवेन्यू प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में रखा जाकर अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायक्षेत्र के न्यायालयो में लम्बित राजीनामा योग्य फौजदारी, दीवानी, पारिवारिक प्रकरण, चैक अनादरण (एन.आई. एक्ट) प्रकरण, बैंक संबंधित प्रकरण / दावें, मोटर दुर्घटना दावे, राजस्व न्यायालयो के रैन्वयु प्रकरण तथा प्रि-लिटिगेशन स्तर के विवादों का निस्तारण जरिए समझाईश एवं राजीनामा के किया जाएगा। पक्षकारान उक्त दिवस को संबंधित न्यायालयों में उपस्थित होकर अपने मामलों को सुनवाई के लिए रखवा कर लोक अदालत की भावना से प्रकरणो का अंतिम रूप से निस्तारण करवा सकते है।

### विधिक सहायता स्वीकार की

मंगलवार को तालुका विधिक सेवा समिति की बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें लम्बित सभी 08 आवेदनों में सर्व सम्मति से निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए विधिक सहायता स्वीकार की गई। बैठक में समिति के सदस्य उपखण्ड मजिस्ट्रेट, सांचौर प्रमोद कुमार, सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष लाधुसिंह कीलवा उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज की बैठक में समस्याओं की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** राजस्थान पेंशनर समाज जालोर की उपशाखा जसवंतपुरा की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष धनराज दवे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में जसवंतपुरा उपशाखा अध्यक्ष लक्ष्मीशंकर भट्ट, सचिव नवाब खां, कोषाध्यक्ष नटवरलाल दवे, जालोर नागरिक सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे सहित कई वक्ताओं ने पेंशनर हितों पर चर्चा की गई। साथ ही पेंशनर समस्याओं पर विचार विमर्श कर कई निर्णय लिए गए। इस दौरान वजाराम माली, भंवर सिंह चारण, छगन लाल बोहरा, धन्नाराम प्रजापत, ताराचंद पुरोहित, कपूराराम प्रजापत, कांतिलाल शर्मा, भूरमल आदि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक ने दी सांत्वना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के जैसाराम प्रजापत का कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते अहमदाबाद में निधन हो गया था। सोमवार को रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दौलत सिंह कलापुरा, मारू प्रजापति सेवा संस्थान के अध्यक्ष नगाराम प्रजापत, पूर्व उपसरपंच धनाराम प्रजापत, जसवंत भाई प्रजापत, उत्तम भाई प्रजापत, ईश्वर भाई सैन, अशोक कुमार, रमेश कुमार, जीतू भाई, भरत कुमार सहित कई गणमान्यजन मौजूद रहे। देवल ने परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# श्रीयादे समाजोत्थान एवं शिक्षा समिति की बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** कस्बे के श्रीयादे मंदिर में प्रजापत समाज के श्रीयादे समाजोत्थान एवं शिक्षा समिति की बैठक अध्यक्ष नरेशकुमार पुनककलां की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिए गए। दिलीपकुमार मुंथलाकाबा ने बताया कि बैठक में आगामी प्रतिभावान सम्मान समारोह के आयोजन के लिए अंकतालिका वर्ष 2024 कक्षा 10, 12, स्नातक आदि अंकतालिका जमा कराने के लिए जगह निश्चित की गई। दूसरे प्रस्ताव में श्रीयादे समाजोत्थान एवं शिक्षा समिति के कार्यालय की मरम्मत कर नवीनीकरण करवाना। जिससे सामान एवं बैठक व्यवस्था के लिए उचित रहे। पुजारी ईश्वरदास, रमेशकुमार, हिम्मतकुमार, गणपत कुमार रामसीन, जयंतिलाल तवाव, कमलेश कुमार खेड़ा, अशोककुमार पुनककलां सहित समस्त सदस्य उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के कार्यों की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** शिक्षा विभाग के कार्यों की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक निजी विद्यालयों एवं संस्था प्रधानों की बैठक ली। न्यू गोल्डन एज्युकेशन सेंटर में शिक्षा विभागीय अधिकारियों की ओर से सीबीइओ गजेंद्र कुमार देवासी के निर्देशानुसार निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक ली गई। एसीबीईओ रघुनाथ विश्नोई ने अपार आईडी जनरेशन की समीक्षा कर शत प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आई बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इस बाबत श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यालयों की प्रशंसा भी की। उन्होंने यू डाईस पोर्टल पर लंबित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने, सूचना सम्प्रेषण प्रभावी बनाने एवं पीएसपी पोर्टल पर सभी सूचनाएं समय पर फीड करने के लिए निर्देशित किया। समग्र शिक्षा के आरपी कृष्ण वाघेला ने आगामी पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा बाबत जानकारी दी। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज विभिन्न प्रकरणों के त्वरित समाधान, शिविरा पंचांग अनुसार समस्त विभागीय गतिविधियों के आयोजन बाबत समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित किया। एमआईएस कृष्ण कुमार चौधरी ने अपार आईडी की टेक्निकल समस्याओं का समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्य म का संचालन परीक्षित पांडे ने किया। बैठक में न्यू गोल्डन एज्युकेशन सेंटर के संस्था प्रधान जयंतीलाल ने उपस्थिति समस्त संस्थाप्रधानों को सम्बोधित किया। बैठक में निजी विद्यालय संघ के मांगीलाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार, हिम्मतसिंह सहित ब्लॉक के अनेक संस्थाप्रधान उपस्थित रहे।



## विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष जयंतीलाल घांची के नेतृत्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में भीनमाल नगर की आबादी करीबन एक लाख तक पहुंच गई है। बढ़ती आबादी के अनुपात में सुविधाओं का विस्तार नहीं होने की वजह से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया कि शहर में यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए रिंगरोड व शहर में भारी वाहनों की समस्या से निजात पाने के लिए बाईपास और गंदे पानी की निकासी के लिए सीवरेज योजना को मंजूरी दिलवाने की मांग की है। इस अवसर पर सुरेश एम बोहरा, ओमप्रकाश सुन्देशा व आत्माराम साऊ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धरना 66वें दिन जारी

# विरोध दर्ज कराया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** राज्य सरकार की ओर से जिले को खत्म करने के विरोध में सांचौर मुख्यालय पर संघर्ष समिति का धरना 66 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान डूंगरी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने धरने को समर्थन देते हुए सांचौर मुख्यालय पर प्रदर्शन कर सरकार से पुणे जिला बहाल करने की मांग की, इस दौरान ग्रामीणों ने रैली निकालकर राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिले को खत्म करने के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए पूरा मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है और सरकार का यह फर्ज होता है कि आमजन के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके अधिक से अधिक उनका फायदा पहुंचाने का काम करें किंतु भाजपा सरकार द्वारा लोगों के सुविधाओं के लिए दिए गए जिले को खत्म करके उनका हक छीनने का काम कर रही है। जलाराम पुनिया ने कहा कि कोजाराम बिश्नोई ने कहा कि सांचौर की दूरी जालोर जिले से 145 कि.मी. दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। सरकार ने कौनसे आधार पर सांचोर जिले को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। पांचाराम बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बिना आधार के साचौर जिले को खत्म कर दिया जो जन भावनाओं के खिलाफ काम किया है। सदराम बिश्नोई ने कहा कि सरकार ने अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय बंद कर पुनः खोला है, ऐसे में सरकार को जिला कलेक्टर का पद भी बहाल कर देती तो लोगो को जिले का पूरा फायदा मिलता। उन्होंने कहा कि हम एडीएम कार्यालय से धरना समाप्त नहीं करने वाले है हमारा जिला घोषित नहीं होता है तब तक हम धरना समाप्त नहीं करेंगे।


### यह भी थे मौजूद

इस दौरान भीयाराम चौधरी, जालाराम जानी, बाबुलाल बिश्नोई, सोहनलाल बिश्नोई, वि' म गर्ग, पुनमाराम, बाबुलाल, हरिराम खिचड़, सांवताराम, पोकराराम, किशनाराम, धर्माराम, रुगाथाराम, अन्नाराम जाट, मोताराम, बाबुलाल बरवड, बाबुलाल खिचड, हेमाराम बिश्नोई, भंवरलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राव बने जोधपुर प्रांत कार्यकारिणी अधिकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** विहिप जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक नागौर जिले के पांचला सिद्धा जसनाथ आश्रम में आयोजित हुई। जिसमे संगठन की भावी योजनाओं और हिंदू समाज को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विहिप भीनमाल जिलाध्यक्ष राव वचनसिंह को जोधपुर प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी अधिकारी के रूप में दायित्व सौंपा गया। बैठक के उदघाटन सत्र में विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि हिंदुत्व का पुनरुत्थान शुरू हो चुका है। उन्होंने महाकुंभ में 66 करोड़ हिंदुओं की उप-स्थिति और श्रीराम मंदिर निर्माण में 60 करोड़ की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि अब हिंदू समाज धर्म के प्रति अधिक सजग और जागरूक हो चुका है। उन्होंने कहा कि मंदिरों व तीर्थ स्थलों पर उमड़ती अपार भीड़ और विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी दर्शाती है कि हिंदू विरोधियों को अब यह समझ आ गया है कि हिंदुत्व का विरोध करना व्यर्थ है। बैठक में निर्णय लिया गया कि देशभर में लाखों मंदिर सरकारी नियंत्रण में हैं और उनकी संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा रहा हैं। बैठक में विहिप ने अन्याय के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरुआत विजयवाड़ा से की गई। बैठक में डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती हिंदू समाज में बढ़ते पारिवारिक विघटन को रोकना है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से समाज को इस समस्या से उबारने की जरूरत बताई। साथ ही, सदियों से चली आ रही भेदभाव की भावना को त्यागकर सामाजिक समरसता स्थापित करने का आह्वान किया गया। बैठक में विहिप के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन, राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, प्रांत अध्यक्ष डॉ. राम गोयल, प्रांतमंत्री परमेश्वर जोशी, प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल, प्रांत कोषाध्यक्ष पंकज भंडारी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। राव छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहते हुए विश्व हिंदू परिषद में भीनमाल प्रखंड मंत्री, जालोर जिला मंत्री और जिलाध्यक्ष के रूप में लंबे समय तक दायित्व का निर्वहन किया।अब उन्हें जोधपुर प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है।



## पटवारी को हटाने की मांग, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सांचौर।** भीमगुड़ा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पटवारी को हटाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि करीबन तीन साल से अधिक समय से पटवारी हमारी ग्राम पंचायत में मनमानी कर रहे हैं, जो लोग के काम करवाने के लिए जाते है तो पटवार भवन से दूर बुलाकर भारी रिश्वत की मांग की जाती है। जो लोग रिश्वत देते है तो उसका काम किया जाता है। कई काश्तकारों महिने भर पटवार मण्डल का चक्कर काटते है,और पटवारी को फोन करते है तो पटवारी काश्तकारों को सांचौर में अपने घर पर बुलाते है और रिश्वत लेते है जो काश्तकार रिश्वत नहीं देते है उनके कामकाज सही समय पर नहीं किया जाता है, करते है तो उसमें त्रुटि रख देते है। राजस्व रेकर्ड में म्यूटेशन इन्द्राज करते वक्त काश्तकारों के खातों नाम या हिस्से आदि में त्रुटि रख दी जाती है। घोलाराम को तुरन्त प्रभाव से पटवार हल्का भीमगुड़ा से हटवाने का आदेश करवाने की मांग की।

# ऊर्जा संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारत स्काउट गाइड का ऊर्जा संरक्षण पखवाड़ा का आयोजन कावतरा में राष्ट्रीय प्रकल्प के तहत आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ व विप्र फाउंडेशन जालोर की ओर से एक महत्वपूर्ण ऊर्जा संरक्षण पखावाड़ा कार्यक्रम के तहत ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम को लेकर जनजागरूकता रैली व विविध विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्थानीय विद्यालय में संरक्षक नरेश सुंदेशा व सीओ स्काउट सवाईसिंह राठौड़, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भीखाराम विश्नोई, वेनाराम राजपुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार माणकमल भंडारी, विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे, डॉक्टर भूपेंद्र चौधरी, किशोर प्रजापति, सुरेश माली वरिष्ठ समाज सेवी, नरेश सुंदेशा व हरीश माली के प्रकल्प मंडल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालिका विद्यालय कावतरा, भीनमाल के स्कूलों ने भाग लिया। भीनमाल में ऊर्जा संरक्षण-2025 कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थियों की ओर से विविध कार्यक्रम में कार्यशाला आयोजन के साथ ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान भंवरलाल विश्नोई प्राचार्य ने कहा की सरकार की मंशानुरूप हमे भी ऊर्जा संरक्षण को सौर ऊर्जा,पवन ऊर्जा,जल ऊर्जा के विविध आयामों को विस्तार से बताया गया।




इस अवसर पर भारत स्काउट के संरक्षक एडवोकेट भंवरसिंह देवड़ा के निर्देशन, खंगारसिंह सीबीईओ, डॉ अक्षय बोहरा, निंबाराम चौधरी, तेजाराम विश्नोई, जब्बार खां कादरी, डॉ किशोर माली, नरेश सुन्देशा, विष्णुदत्त व्यास, रेवत जांगिड़, भंवरलाल विश्नोई, मदन माली व हरीश कुमार द्वारा विविध विद्यालयो से संपर्क कर ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। डॉ घनश्याम व्यास ने स्वागत भाषण में बताया कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं के समाधान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के विविध शिक्षाविद शामिल हुए। जब्बार खां कादरी ने बताया कि स्थानीय शिक्षा विभाग व समाज सेवी द्वारा कार्य करने पर विद्यार्थियो ने विविध विषयक पर तैयारियों में जुटकर अपना अपना प्रयास कर प्रतियोगिता में सफल होने वाले प्रतिभागियों को मंच से सम्मान प्राप्त करेंगे। संस्था प्रधान भंवरलाल विश्नोई ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद करता है। स्काउट गाइड के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोडवेज बस में निशुल्क यात्रा सहित कई लाभ मिलते हैं। किशोर प्रजापति ने बताया सम्पूर्ण भारत वर्ष में भारत स्काउट गाइड की विश्वनीयता महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन खुमानसिंह ने किया। इस अवसर पर पालू विश्नोई, कुमार, मुकेश कुमार, कैलाश जैन, विवेक जीनगर, विवेक कॅरियर क्लासेज,डॉक्टर किशोर माली, दिव्य ज्योति स्कूल, अमराराम मेघवाल, सुरेश माली,नरेश सुन्देशा भवानी वोटर सप्लाई, हरीश माली व नेमलाल सहित विविध शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# भाजपा विधानसभा क्षेत्र जालोर की बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा विधानसभा जालौर की बैठक संपन्न हुई। निवर्तमान नगर अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया की नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थान पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नव सृजन-2025 के तहत आज बीजेपी कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंचायती राज के जिला सह संयोजक दीपसिंह धनाणी, नगरीय निकाय के जिला सह संयोजक अंबालाल व्यास, भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, प्रकाश छाजेड़, नगर मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री नाथूसिंह तीखी, पूर्व मंडल अध्यक्ष उम्मेदाबाद गणपत सिंह राव का मुख्य आतिथ्य रहा। बैठक में पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नव सृजन संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं जरूरी दिशा निर्देशों की जानकारी दी।बैठक में जीवाणा मंडल अध्यक्ष तुलछाराम चौधरी, जालोर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तम गर्ग,निवर्तमान नगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह भागली, भवानी सिंह देता, परम वीर सिंह भाटी, मंडल महामंत्री दिनेश महावर,डायालाल राजपुरोहित,रमेश गर्ग, हाजाराम देवासी, मांगीलाल राजपुरोहित सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैलों से परंपरागत खेती करने पर मिलेंगे सालाना तीस हजार

## लघु व सीमांत कृषकों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने की घोषणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में फिर से बैलों से परंपरागत खेती की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने किसानों को परंपरागत खेती की ओर वापस लौटने के लिए प्रेरित करने के लिए बैलों से खेती करने वाले किसानों को प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। वर्तमान समय में खेती का पूरा काम ट्रैक्टर व अन्य आधुनिक यंत्रों से किया जा रहा है। ऐसे में बैलों की संख्या लगातार घटती जा रही है। ऐसे में चंद वर्षों बाद किसानों का पालनहार समझा जाने वाला बैल को आने वाली पीढ़ी भूल नहीं जाए, इसलिए प्रदेश सरकार की बजट घोषणा बैल की पहचान को भविष्य में भी जीवित रखेगी। हालांकि गई ग्रामीण क्षेत्र जिसमें आबूरोड के भाखर क्षेत्र में आज भी बैलों से खेती की जाती है। बैलों से खेती करना भारतीय कृषि की एक पुरानी परंपरा रही है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि किसानों को महंगे ट्रैक्टर और मशीनरी पर निर्भर होने से भी बचाता है। ऐसे में अब किसानों को प्रतिवर्ष 30 हजार सहायता राशि दी जाएगी।

### परंपरागत खेती को करेगा प्रेरित

यह कदम किसानों को परंपरागत खेती की ओर वापस लौटने के लिए प्रेरित करेगा और साथ ही उनकी आय में भी वृद्धि करेगा। राजस्थान में बैलों की दो नस्लें प्रसिद्ध रही है। राजस्थान में दो बैंलों की नस्ल प्रमुख है। जिसमें से कांकरेज बैल सिरोही, जालोर एवं बाड़मेर तथा नागौर की नागौरी नस्ल प्रसिद्ध है।

### अनुदान बढ़ने से आसानी से मिलेंगे बैल

प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में जारी किए बजट में गौशालाओं और नंदीशालाओं के लिए अनुदान राशि में वृद्धि की है। इससे न केवल पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गौ संरक्षण को भी प्रोत्साहन मिलेगा। नंदीशालाओं को बढ़ावा देने से किसानों को बैलों की आसानी से उपलब्धता होगी, जिससे वे खेती के लिए बैलों का उपयोग कर सकेंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## खग्रास चन्द्रग्रहण 14 को, भारत में नहीं आएगा नजर : दवे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा शक्रवार को खग्रास चन्द्र ग्रहण होगा। यह चन्द्र ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। अतः भारत में यम-नियम, सूतक आदि लागू नहीं होंगे। ज्योतिष एवं वास्तुविद् आचार्य प्रदीप दवे ने बताया कि भारतीय समयानुसार इस ग्रहण का विरल छाया में प्रवेश होगा। यह ग्रहण उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अंटार्कटिका, मध्य पूर्वी आस्ट्रेलिया, पूर्वी रुस, जापान, कोरिया, ग्रीनलैंड, अफ्रीका, स्वीडन, डेनमार्क, नार्वे, जर्मनी, इटली, पोलैंड में दृश्यमान होगा।

## शिक्षा अधिकारियों ने किया विद्यालय का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी हनीफ खान एवं सहायक निदेशक अजय माथुर ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज का आकस्मिक अवलोकन व निरीक्षण कर व्यवस्था देखी। प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालय का निरीक्षण व अवलोकन करने के साथ ही विद्यालय की प्रत्येक शाखा व कक्षा-कक्ष, उत्तरपुस्तिका के साथ मिड डे मील, कम्प्यूटर लैब सहित लेखा शाखा का गम्भीरता से अवलोकन करने पर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। भामाशाह परिवार सेठ हरकचन्द, रुपचंद खीचा फाउण्डेशन द्वारा निर्मित सुविधा युक्त नवीन भवन को देखकर खुशी जताई व भामाशाह परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य गुलाब मीणा, वरिष्ठ अध्यापक छगनलाल भाटी, शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गहलोत, भंवरलाल हिन्डोनिया, कृपाराम मीना, प्रकाश गर्ग, सुरजीत सिंह कविया, आदित्य चौधरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# हर कार्य में सुरक्षा सर्वोपरि : केशवानी

## 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभांरभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड में मंगलवार को 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख राजेश केशवानी ने ध्वजारोहण कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी कार्य को सुरक्षा के साथ ही करना चाहिए इसी के साथ सभी को सुरक्षा की शपथ दिलाई। सुरक्षा प्रमुख दीपक शर्मा ने सुरक्षा दिवस मनाने की सम्पूर्ण जानकारी साझा करते हुए संस्थान को शून्य दुर्घटना स्थल बनाने पर जोर दिया। शुभारंभ के बाद 4 से 26 मार्च तक सुरक्षा के रूप में मनाया जाएगा। जिसके दौरान अन्तर्विभागीय सुरक्षा मूल्यांकन, पोस्ट, सेफ्टी अवेयरनेस एवं क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# मालगांव को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** मालगांव के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी रेवदर और पूर्व विधायक जगसीराम कोली को ज्ञापन सौंपकर मालगांव को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत गुलाबगज से ग्राम मालगांव को ग्राम पंचायत पोसीतरा में शामिल किया जा रहा है। लोगो ने मांग करते हुए कहा की मालगांव को नई ग्राम पंचायत बनाया जाए जिससे लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम मालगांव को ग्राम पंचायत बना कर ग्राम हाथल को ग्राम पंचायत मालगांव में शामिल कर एक नई ग्राम पंचायत बनाई जावे। ग्राम मालगांव को नई ग्राम पंचायत बनाया जाए तो ग्राम मालगांव में भामाशाह के द्वारा एक जन उपयोग भवन उपलब्ध है। जिसमें ग्राम पंचायत कार्यालय को संचालित किया जा सकता है। मालगांव को नई ग्राम पंचायत बनाया जाता है। जिसमें मालगांव के करिबन 2400 मतदाता है व ग्राम हाथल के करिबन 1400 मतदाता है। इस प्रकार दोनों गांवों के कुल मतदाताओं की संख्या करिबन 3800 है। जिससे नई ग्राम पंचायत मालगांव का गठन हो सकता है। मनोहरसिंह, भरतसिंह, रघुपालसिंह, जीवाराम, अमरसिंह, डुगरीराम, मोहब्बतसिंह, नीतादेवी, शारदा देवी, वगतुदेवी, हरियादेवी, सुमन, लीलु देवी, कमी देवी, अनिता देती, ज्योति सुथार, हस्तुदेवी आदि मौजूद थे।




## एग्रीस्टैक योजना के तहत लगेंगे शिविर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** एग्रीस्टैक योजना के तहत फॉर्मर रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के शिविरों के तहत मार्च माह के प्रथम सप्ताह में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख हरिसिंह देवल ने बताया कि 6 से 8 मार्च तक सिरोही तहसील के मंडवारिया, मनोरा, सिलदर, जैला, नवारा व गोल, आबूरोड तहसील के सांतपुर, भैंसासिंह, सियावा, तलेटी, शिवगंज तहसील के झाड़ोली वीर, रोवाड़ा, बागसिन, कलदरी, रूखाड़ा, बड़गांव व पिंडवाड़ा तहसील के रामपुरा, वरली, पंचदेवल, ईसरा, ठंडी वेरी, सनवाड़ा आर तथा देलदर तहसील के किवरली और आमथला में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# दो लाख से भरा थैला लेकर युवक रफू चक्कर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**आबूरोड।** अंबाजी चौराहे के आगे राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के सामने तीन बाइक सवार युवकों ने एक वृद्ध को निशाना बनाया। वृद्ध को झांसे में लेकर उससे दो लाख रुपए से भरा थैला लेकर फरार हो गए। वृद्ध से हुई ठगी के मामले में क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में सरगर्मी से जुट गई। हुआ यूं कि प्रमोद जैन थैली में दो लाख रूपए लेकर राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के सामने पहुंचे। इसी दौरान तीन बाइक सवार युवक उनके पास पहुंचे और जैन को बातों में उलझा कर उनको झांसा देकर दो लाख रुपए से भरी थैली लेकर गायब हो गए। कुछ देर बाद वृद्ध को ठगे जाने का एहसास हुआ तो आस पड़ोस के लोग, दुकानदार मदद के लिए दौड़ पड़े। पूरी वारदात समीप की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लोगों ने संदिग्धों की तलाश शुरु की। लेकिन, उनका कहीं पता नहीं चला। घटा की जानकारी मिलने पर शहर कोतवाल हरचंद देवासी मौके पर पहुंचे और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश में जुट गए।

# चौधरी अध्यक्ष निर्वाचित

## रीको की आबू वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको की आबू वेलफेयर सोसाइटी की साधारण सभा एवं चुनाव समिति की बैठक एक होटल में हुई। जिसमें सोसाइटी की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया गया । इसके बाद साधारण सभा की बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। पीआरओ रमण बंसल के अनुसार अध्यक्ष पद पर प्रह्लादराम चौधरी, सचिव भंवरसिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सह.सचिव दीपेश मरडिया, सह.कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल व पीआरओ रमन बंसल को मनोनीत किया गया।



## रात्रि चौपाल में होगा आमजन की समस्याओं का समाधान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आमजन की समस्याओं एवं परिवादों के निस्तारण के लिए मार्च में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि बुधवार को डबानी में, 12 को जोयला में, 19 को सरतरा में तथा 26 को लौटाणा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

# 591 युवाओं ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गोयली।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोयली एवं राउमावि गोयली में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने निःशुल्क शिक्षादान अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नेताजी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुम्बाराम मेघवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दोनों विद्यालयों में कुल 591 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संस्था प्रधान उम्मेदसिंह दियोल की सराहनीय व उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए कार्यं म प्रभारी अधिकारी लुम्बाराम मेघवाल ने विद्यार्थियों को अवार्ड से विद्यालय के संस्था प्रधान एवं पी.ओ. को सम्मानित किया गया। व्याख्याता राजेन्द्र कुमार प्रजापत, श्रीमती अनिता परिहार, सोहनलाल, श्रीमती जयश्री, श्रीमती भावना, श्रीमती भानु सुथार, महेश कुमार कलावंत, जितेन्द्र कुमार, नारायणलाल, महिपालसिंह देवडा, धीरज कुमार, सुश्री रितिका ओझा आदि मौजूद थे।



# एडवेंचर एक्टिविटी शिविर का समापन

## माधव विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिंडवाड़ा।** स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मॉनेटरी, माउंट आबू में 10 दिवसीय एडवेंचर एक्टिविटी शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर में माधव विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के एमपीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न साहसिक गतिविधियों के माध्यम से न केवल रोमांच का अनुभव किया, बल्कि मानसिक और शारीरिक क्षमता को भी सशक्त बनाया। प्रशिक्षकों द्वारा विशेष तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जिससे प्रतिभागियों की शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता और टीम वर्क की भावना का विकास हुआ। शिविर का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विष्णु चौधरी ने किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भरत चौधरी ने विद्यार्थियों को उनकी साहसिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के एडवेंचर कैंप विद्यार्थियों को अत्यधिक दबाव वाली परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में सहायक होते हैं, जो उन्हें खेल एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे।



## प्री-प्राइमरी के अभिभावकों की बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जावाल।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावली में प्री-प्राइमरी कक्षा के बालकों के अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का संचालन शिक्षिका एवं प्री-प्राइमरी प्रभारी सरिता स्वामी ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रागाराम ने की। बैठक में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति दिखाने के लिए पोर्टफोलियो फाइल प्रस्तुत की गई और माताओं को शिक्षण विधियां, पालन-पोषण, पोषण और अनुशासन पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा माताओं के लिए पोस्टर, गाइड प्रतियोगिता एवं व्यक्तित्व विकास में आवश्यक तत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

# तीन दिन में 1,315 वाहनों के चालान, 42.61 लाख का वसूला राजस्व

## राजकीय अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे कार्यालय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला परिवहन कार्यालय सिरोही को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्य को प्राप्ति के लिए कार्यालय के अधीन कार्यरत तीनों उड़नदस्तों को सिरोही-पाली एवं सिरोही-रेवदर मार्ग पर संघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बकाया कर वसूली एवं मोटरवाहन अधिनियम का उल्लघंन कर संचालित वाहनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पाबंद किया गया। इसी माह में 1 से 3 मार्च तक उड़नदस्तों की ओर से कार्रवाई कर 1 हजार 315 जनों के खिलाफ चालान बनाकर 42.61 लाख का राजस्व वसूला गया। भार वाहनों का वित्तीय वर्ष 2025-26 कर अग्रिम कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सभी भार वाहन चालन/स्वामियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक कर जमा करवा दें। इसके बाद वाहनों को जब्त करने की की कार्रवाई की जाएगी। भार वाहनों मालिकों की सुविधार्थ 14 तारीख धुलण्डी अवकाश के अतिरिक्त सभी राजकीय अवकाश के दिन भी कार्यालय खुला रहेगा।

# शिमला-मनाली भ्रमण को रवाना हुए माधव विवि के विद्यार्थी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए शिमला-मनाली-कसोल के लिए रवाना हुए। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और उनके प्रबंधकीय व उद्यमशीलता कौशल को विकसित करना है। वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। वाणिज्य संकाय के सदस्य प्रोफेसर डॉ. खुशबू शर्मा, डॉ. गंगासिंह चौहान, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. पार्वती कुमावत, इम्तियाज अब्बासी, विष्णु मोहरेशा, एवं अकील मंकोजिया उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यावसायिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। शारीरिक शिक्षा संकाय की प्राध्यापिका डॉ. उर्वशी पटेल एवं वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक विष्णु मोहरेशा भ्रमण दल का नेतृत्व कर रहे हैं। माधव विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ राजीव माथुर ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण छात्र छात्राओं के विकास के लिए आवश्यक होते है। जिसको लेकर विश्वविद्यालय इस तरह के शिविर समय समय पर आयोजित करवाता हुआ आया है। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन करता है। ताकि वे व्यावहारिक ज्ञान अर्जित कर अपने भविष्य को अधिक उज्ज्वल बना सकें।




## पंचांग का सांसद चौधरी ने किया विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** ज्योतिष धनश्याम जोशी के पुत्र डॉ चन्द्रेश जोशी द्वारा निर्मित नर्मदा तिथि पंचांग का जालोर सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने विमोचन किया। इस दौरान जोशी परिवार की ओर से सांसद का सम्मान किया गथा। इस दौरान धनश्याम जोशी, पूर्व उप प्रधान नरेश प्रजापत, डूंगरसिंह, जितेन्द्र रावल, कन्हैयालाल रावल, दिलीप श्रीमाली, सुरेश जुगनू, हितेश जोशी, ओम रावल, जिग्नेश शर्मा आदी मौजूद रहे।



सीएम फडणवीस ने की समीक्षा बैठक

# बीएमसी की दो लाख करोड़ की परियोजनाएं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की 1.41 लाख करोड़ की चल रही परियोजनाओं और 25,000 करोड़ की प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने बीएमसी के नाले सफाई कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का उपयोग करने के निर्देश दिए।

विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, नगर विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, बीएमसी आयुक्त भूषण गगराणी, अपर मुख्य सचिव (नगर विकास) असीम गुप्ता, अपर मुख्य सचिव (राजस्व) राजेश कुमार, अपर मुख्य सचिव (वन) मिलिंद म्हैसकर और बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर उपस्थित थे। बीएमसी आयुक्त भूषण गगराणी ने विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। वर्तमान में बीएमसी 1,41,356 करोड़ की बुनियादी ढांचा, जल आपूर्ति, सीवेज ट्रीटमेंट और स्वास्थ्य परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।



### ▶▶ प्रस्तावित परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया एक महीने में पूरी करें

### हाजी अली में बनेगा दो हजार वाहनों की क्षमता वाला पार्किंग स्थल :सीएम

- छत्रपति संभाजी महाराज कोस्टल रोड के पूरा होने के साथ, हाजी अली क्षेत्र में 2,000 वाहनों की पार्किंग क्षमता वाला स्थल बनाने का निर्देश मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया। निर्माणाधीन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें। प्रस्तावित परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया एक महीने में पूरी करें। गर्गाई जल परियोजना के पुनर्वास कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

### मुंबई को गड्ढा-मुक्त बनाने के लिए सड़क कार्यों में तेजी लाएं: शिंदे

- 700 किमी सीमेंट-कंक्रीट सड़कें निर्माणाधीन।मुंबई में कुल 2,000 किमी सड़कें कंक्रीट की होंगी।बरसात के मौसम में नागरिकों को असुविधा न हो, इसका ध्यान रखें।कोस्टल रोड पर हेलिपैड बनाने की संभावना पर विचार किया जाए।
- मुंबई में 2 लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर सरकार का फोकस है।

### मुख्य परियोजनाएं

700 किमी सीमेंट-कंक्रीट सड़कें। वर्सोवा से भायंदर कोस्टल रोड। गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड। गोखले ब्रिज, विक्रोली ब्रिज, कार्नाक ब्रिज, सायन ब्रिज, मढ-वर्सोवा ब्रिज।

दहिसर, पोइसर, ओशिवारा नदी पुनर्जीवन और मीठी नदी स्वच्छता परियोजना। वर्सोवा, मालाड, भांडुप, घाटकोपर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवेज टनल प्रोजेक्ट।

केईएम, सायन, नायर अस्पतालों का पुनर्विकास व नए अस्पतालों का निर्माण। दहिसर ऑक्ट्रॉय नाका और मानखुर्द में पार्किंग और व्यावसायिक केंद्र निर्माण।

### 25,000 करोड़ की प्रस्तावित परियोजनाएं

नमकीन पानी के शुद्धिकरण परियोजना, मीठी नदी पैकेज। पांजरापोल जल शुद्धिकरण परियोजना, दहिसर गार्डन विकास। मानखुर्द परिवहन केंद्र, जीजामाता उद्यान विस्तार, मुलुंड पक्षी अभयारण्य। देवनार बायोमाइनिंग, पशुवधगृह आधुनिकीकरण, सेंट्रल पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर। गर्गाई जल आपूर्ति परियोजना – मुंबई के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण परियोजना।

उद्धव ने स्पीकर को लिखा खत

# एलओपी के लिए भास्कर जाधव की सिफारिश



▶▶ रेस में थे आदित्य ठाकरे, सुनील प्रभु और भास्कर जाधव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिए शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की तरफ से शिवसेना (यूबीटी) के विधायक भास्कर जाधव के नाम की सिफारिश विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के पास की गई है। उद्धव ने पत्र में लिखा, 'यह विधानसभा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की सारी शक्तियां दे रही है। मैं महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पद के लिए भास्कर जाधव के नाम की सिफारिश कर रहा हूं। कृपया अनुशंसा स्वीकार करें।'

### एमवीए की बैठक में लिया निर्णय

बीते दिन ही महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं की बैठक हुई थी। एमवीए में सबसे बड़ी उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी ने नेता विपक्ष की कुर्सी पर दावा ठोंका है। उद्धव गुट की तरफ से 25 नवंबर 2024 को विधानसभा सचिवालय को एक पत्र लिखकर विरोधी पक्ष नेता के संबंध में नियमन की मांग की गई थी। महाराष्ट्र में सरकार बने करीब तीन महीने हो गए हैं। शिवसेना यूबीटी ने मांग की है कि विधानसभा में नेता विपक्ष होना चाहिए।

### ▶▶ दस प्रतिशत सीटें जीतना जरूरी

विधान सभा में विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए किसी पार्टी को कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटें जीतनी जरूरी हैं। हालांकि गठबंधन में शामिल तीन प्रमुख दलों में से किसी के पास भी विपक्ष के नेता के पद के लिए पर्याप्त सीटें नहीं हैं। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के पास विपक्ष को यह पद देने का अधिकार है। ऐसे में उद्धव ठाकरे ने नार्वेकर को पत्र लिखकर प्रतिपक्ष के लिए भास्कर जाधव के नाम की सिफारिश की है।

### ▶▶ भास्कर जाधव पर बनीं सहमति

नेता विपक्ष के लिए शिवसेना यूबीटी के विधायक और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे, पार्टी के विधायक सुनील प्रभु और भास्कर जाधव के नाम पर चर्चा की गई। जिसमें आखिरकार जाधव के नाम पर फैसला लिया गया। पार्टी का कहना है कि विपक्ष के पास मिलाकर 50 विधायक हैं, ऐसे में यह पद सबसे बड़े घटक शिवसेना यूबीटी को मिलना चाहिए। राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष होगा या फिर नहीं इसका फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर को करना है।

# आठ को होगा कोर्ट और ब्रिज का उद्घाटन

▶▶ सुप्रीम कोर्ट के जज करेंगे कोर्ट का उद्घाटन

▶▶ डिप्टी सीएम करेंगे फ्लाई ओवर ब्रिज का उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** भायंदर में बने फौजदारी एवं दिवानी न्यायालय का उद्घाटन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभय ओक के हाथों होगा तो फ्लाई ओवर ब्रिज का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों होगा यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दी है।मीरा रोड एस के स्टोन से शिवार गार्डन तक बने फ्लाई ओवर ब्रिज के उद्घाटन में हो रही देरी से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसके चलते इस ब्रिज को जनता के लिए खोले जाने की मांग की जा रही थी। सरनाईक के अनुसार



8 मार्च को साढ़े बारह बजे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस ब्रिज को जनता को समर्पित करेंगे। सरनाईक ब्रिज का जायजा लेने पहुंचे थे उनके साथ एमएमआरडीए के इंजीनियर्स और अधिकारी उपस्थित थे।सरनाईक ने सभी कार्यों को समय रहते पूर्ण कर लिए जाने की हिदायत अधिकारियों को दी। सरनाईक ने कहा कि विधायक बनने के बाद से ही वो शहर के विकास को लेकर सतर्क थे जिसके चलते आज शहर को 3 फ्लाई ओवर ब्रिज मिला है साथ ही मेट्रो के लिए उन्होंने प्रयास किया था और जल्द ही शहर वासियों की सेवा में मेट्रो दौड़ती नजर आएगी।बता दे कि फ्लाई ओवर ब्रिज के उद्घाटन में हो रही देरी से नाराज कांग्रेस ने पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन के नेतृत्व में मोर्चा निकालने वाली थी जिसको लेकर सरनाईक ने कांग्रेस से कहा कि कांग्रेस अपना आंदोलन स्थगित करे और उद्घाटन के अवसर पर कांग्रेस के सभी नेता उपस्थित रहे।इस फ्लाई ओवर ब्रिज के चलते काशीमीरा से शिवार गार्डन तक वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम का सामना नहीं करना होगा।

# विरार में महिलाओं को नि:शुल्क बस यात्रा

**विरार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को के अवसर पर वसई विरार शहर महानगरपालिका परिवहन सेवाओं में महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा देने की घोषणा की है। यह जानकारी महानगरपालिका के जनसंपर्क अधिकारी गणेश पाटील ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को दुनिया भर के सौ से ज्यादा देशों में मनाया जा रहा है। हर कोई महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने,महिला सशक्तिकरण और समानता का समर्थन करने के लिए एक साथ आता है। यह दिन रैलियों, मार्च,सम्मेलनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ज़रिए मनाया जाता है,जो समाज, राजनीति,अर्थव्यवस्था और संस्कृति में महिलाओं के योगदान को उजागर करते हैं।इस दिन महिलाओं के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राजनीति से लेकर विज्ञान,कला,संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। साथ ही, महिलाएं अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दैनिक जीवन में पुरुषों के साथ मिलकर काम करती हैं।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, आयुक्त अनिल कुमार पवार ने 8 मार्च को महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए वसई विरार शहर महानगरपालिका परिवहन सेवा की बसों में मुफ्त बस यात्रा प्रदान करने की एक विशेष अवधारणा को लागू करने का निर्णय लिया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ को

किरण कुंभार का 'परसेप्शन ऑफ नेचर'

# लोढ़ा ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** किरण कुंभार की नवीनतम प्रदर्शनी 'परसेप्शन ऑफ नेचर' फिलहाल प्रतिष्ठित हिरजी जहांगीर आर्ट गैलरी में नौ मार्च 2025 तक प्रदर्शित की जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने किया, जिसमें कला संग्राहक अजयकांत रूइया, गैलरिस्ट सुनील चौहान, विनायक संकपाल और कलाकार दिलीप माली व शर्वरी माली समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस प्रदर्शनी में किरण कुंभार द्वारा पिछले दो से तीन वर्षों में बनाई गई 45 से अधिक ऑयल और एक्रेलिक एब्स्ट्रैक्ट पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। हर एक पेंटिंग उनके जीवन के अनुभवों का एक रंगमय संगम है। रियलिज्म से एब्सट्रेक्शन अमूर्त कला की ओर उनका सफर आत्मचिंतन और परिवर्तन का रहा है। किरण कुंभार का जन्म और पालन-पोषण महाराष्ट्र के सतारा जिले के उंडाले गांव में हुआ। प्रकृति के बीच बीते अपने बचपन के बाद, उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए पुणे के देहूगांव का रुख किया। प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने पुणे में जी.डी. आर्ट डिप्लोमा प्राप्त किया और अपने कला कौशल को निखारा।



प्रदर्शनी जहांगीर आर्ट गैलरी में नौ मार्च तक



# राम नाईक ने बीजेपी सदस्यता का भरा फॉर्म

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व उत्तर मुंबई के कई बार जनप्रतिनिधि रहे भाजपा नेता राम नाईक अपनी अस्वस्थता के बाद भी भाजपा के सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भरा। उनका फॉर्म स्वीकार करते हुए मुंबई भाजपा के सक्रिय सदस्यता प्रमुख उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र व उत्तर मुंबई भाजपा के ज़िलाध्यक्ष गणेश खणकर।

# अबू आजमी पर देशद्रोह का मामला दर्ज हो: नरेश म्हस्के

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** सपा विधायक अबू आजमी के बयान से महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल एक बार फिर गरमा दिया। शिवसेना के ठाणे सांसद नरेश म्हस्के ने मांग की कि महापुरुषों का अपमान करने वाले बयानों के लिए देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए।

उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर औपचारिक मांग की है। उन्होंने यह भी मांग की कि अबू आज़मी अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दें, क्योंकि उन्होंने जो बयान दिया है वह विधायक के रूप में ली गई उनकी शपथ के विपरीत है। महापुरुषों का अपमान करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ऐसे बयानों से दो धर्मों और समाज के बीच दरार पैदा हो सकती है, जिससे देश की शांति और व्यवस्था को खतरा हो सकता है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस संबंध में सख्त आदेश जारी किए हैं, साथ ही उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी प्रवृत्तियों का समर्थन करने वालों को समय रहते रोका जाना चाहिए,



पुलिस थानों में हिरासत में लिया जाना चाहिए और तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट की कड़ी आलोचना की। आदित्य ठाकरे की भी आलोचना करते हुए म्हस्के ने कहा कि वह अब वोटों के लिए असहाय हो गए हैं। हम उनकी कही बातों पर कोई निर्णय नहीं लेंगे, क्योंकि हम आदित्य ठाकरे के गुलाम नहीं हैं।

# साईं महादेव मंदिर में साईं भंडारा आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** शिव साईं महादेव मंदिर श्लोक नगर दिवा पूर्व ठाणे में हर साल की भांति इस साल भी धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के माध्यम से साईं भंडारा किया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी समर्थ भजन मंडली ने अपने भजन से भक्तों को भक्तिमय कर दिया। तीन हजार से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ लिया। इस अवसर पर समाजसेवी सियाराम भाई मिश्रा, अभय भाई दुबे, राजूभाई गुप्ता, समाजसेवी शिक्षक बालगोविंद तिवारी, सचिन भाई गुप्ता और कई सामाजिक संगठन से अतिथि आए थे।

धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान के संस्थापक अध्यक्ष अमोल केन्द्रे, सौ.अश्विनी अमोल केन्द्रे, रामपाल मौर्या, कलम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विद्या ताई जैसवाल, राजू भाई खरात, अनिल मौर्या, नितिन आवाडे और धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान के लोगों ने विशेष सहकार्य किया।



# कॅरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेला कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई शहर और मुंबई उपनगर इन दोनों जिलों के लिए प्रादेशिक विद्या प्राधिकरण कार्यालय द्वारा छह मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक करियर मार्गदर्शन और रोजगार मेला विद्यालंकार स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, विद्यालंकार मार्ग, वडाळा (पूर्व), मुंबई-37 में आयोजित किया गया है। इस रोजगार मेला का अधिक से अधिक छात्रों ने लाभ उठाना चाहिए, ऐसा आह्वान प्रादेशिक विद्या प्राधिकरण, मुंबई की प्राचार्या मनिषा पवार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया है। इस मेला में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को उनकी रुचि, क्षमता, व्यक्तित्व और विशेषताओं के प्रति जागरूक करने के लिए काउंसलरों द्वारा करियर टॉक (समुपदेशन) दिया जाएगा। साथ ही, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के लिए कॅरियर और रोजगार मेलावे का आयोजन किया गया है।

# दिवा-शील रोड की नई सड़क की क्वॉलिटी घटिया

**ठाणे।** दिवा-शील मार्ग पर सी सी रोड का कार्य चल रहा है। यह कार्य अत्यंत घटिया गुणवत्ता का किया जा रहा है। आठ दिन पहले दिवा में वैभव ढाबा के पास सड़क के एक तरफ का काम पूरा हो गया है और वहां वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। दिवा में मनसे सचिव प्रशांत गावड़े ने बताया कि जब मैंने इस सड़क को देखा तो पाया कि उसका एक हिस्सा टूटा हुआ था। नई बनी सीसी रोड महज आठ दिन में ही टूट गई है। उस सड़क पर कंक्रीट व सीमेंट की गुणवत्ता क्या रही होगी टूटी हुई रोड कार्य प्रमाण है। दिवा मनसे ने मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में मांग की है कि इस कंक्रीटिंग कार्य का गुणवत्ता परीक्षण किसी तृतीय पक्ष संस्था से कराया जाए। यह सड़क साढ़े तीन से चार किलोमीटर लंबी है।

# विधायक राजेश मोरे ने किया लोकल में सफर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मोरे डोंबिवली से दिवा हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। उन्होंने हनुमान जी के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने दिवाकरों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उसके बाद वह दिवा से डोंबिवली तक ट्रेन से यात्रा की और यात्रियों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने खुदको एक आम नागरिक की तरह दिखाया कि मैं एक साधारण नागरिक हूं और आपकी तरह लोकल में भी सफर करता हूं। इस अवसर पर विधायक मोरे ने यात्रियों से बातचीत की तथा रेल यात्रा के दौरान उन्हें होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली।



# राजश्री शाहू लॉ कॉलेज में खेल महोत्सव का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। विक्रोली स्थित अभय एजुकेशन सेंटर के राजश्री शाहू लॉ कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों के लिए खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लड़कों के लिए क्रिकेट और लड़कियों के लिए बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर के प्राचार्य डा. संजय सिंह ने बताया कि लॉ की पढ़ाई के दौरान विद्यार्थियों में पढ़ाई का तनाव कम करने और उनमें आनंददायी माहौल बनाने के लिए प्रतियोगिता की पहल की गई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक सचिन काटे, मंगेश जावलेकर, कैलाश आगवाने, लाल तेजवानी, हेमंत मोरे, रिचा चौरसिया, सोनाली पवार, कृपा जोशी एवं अन्य महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित थे।





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** श्री अग्रसेन फाउंडेशन द्वारा भायंदर केशव सृष्टि गौशाला में शेड का निर्माण किया गया। इस शेड के नीचे गौशाला में आनेवाले गौभक्तों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। फाउंडेशन ने गौभक्तों के बैठने के लिए सीमेंट से बनी चेयर लगवाई है। श्री अग्रसेन फाउंडेशन समाजसेवा के लिए जाना जाता है। शेड और चेयर के उद्घाटन पर होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया था। गौभक्तों के लिए फाउंडेशन ने ठंडाई के साथ सुरुचि भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर भायंदर उत्तन केशव सृष्टी गौशाला मे संस्था के ट्रस्टी भीकमचंद अग्रवाल, पवन केडिया विजय फतेहपुरिया, सुभाष बजाज के साथ ही समाज के डाक्टर वकील तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। गौशाला के संचालक डाक्टर सुशील अग्रवाल ने इस कार्य के लिए संस्था का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# सैकड़ों किलो प्लास्टिक की थैलियां बरामद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** वसई-विरार शहर में प्लास्टिक बैन की घोषणा के बावजूद कई जगहों पर इसका इस्तेमाल छिपकर किया जा रहा है। इसको लेकर वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में 3 मार्च को महानगरपालिका ने प्रभाग समिति "सी" एक बेडरूम से सैकड़ों किलो प्लास्टिक की थैलियां बरामद कर, दंड के रूप में हजारों रूपये जुर्माना की राशि वसूला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त अनिल कुमार पवार के आदेशानुसार आरोग्य निरीक्षक अविनाश गुंजालकर,कनिष्ठ आरोग्य निरीक्षक व पुलिस कर्मचारी की उपस्थित में सोमवार को प्रभाग समिति "सी" के रामचंद्र नगर, फुलपाड़ा विरार पूर्व के श्रीसाई समर्थ अपार्टमेंट रूम नं.201 की तलाशी ली गई और बेडरूम में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं,जिनका वजन 272 किलो ग्राम था।



मनपा ने बताया कि,उक्त प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां को जब्त कर लिया गया है और 5000 रुपये का जुर्माना की राशि वसूला गया है। ज्ञात हो कि,केंद्रीय पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नियमों एवं अधिसूचनाओं तथा राज्य सरकार,पर्यावरण विभाग की अधिसूचना 26 अप्रैल 2022 के अनुसार एकल उपयोग वाले प्लास्टिक बैग,बर्तन और थर्माकोल गैर-अपघटनीय वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# गुमट गैरत खेल क्षेत्र में अंडा-चाऊमीन और फास्ट फूड की दुकान में लगी आग

## मोहल्ले के लोगों ने बुझाई आग, पीड़ित का लाखों का नुकसान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र के गुमट गैरत खेल क्षेत्र में सोमवार की शाम एक फास्ट फूड और अंडा चाउमीन की दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकानदार उस दौरान अपना रोजा खोलने घर गया हुआ था। जैसे ही उसे पड़ोसियों से सूचना मिली वह तुरंत दुकान पर पहुंचा और अपनी दुकान की शटर को जैसे-तैसे ऊपर उठाया। इस दौरान आसपास के लोगों ने भी उसकी मदद की,लेकिन आग लगने के बाद उसको बुझाने के सारे प्रयास विफल हो गए,ऐसे में आग लगने की इस घटना में दुकान में रखा सारा सामान और दुकानदारी के पैसे जलकर खाक हो गए। घटना में पीड़ित को करीब चार से पांच लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। शहर के गुमट गैरत खेल क्षेत्र में चाऊमीन अंडा और फास्ट फूड की दुकान में लगी आग को लेकर पीड़ित दुकान मालिक आकिब पुत्र नूर खां ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 6 बजे वह दुकान को बंद कर अपने घर रमजान का दूसरा रोजा खोलने गया था। इस दौरान पड़ोसियों ने उसे फोन पर सूचना दी कि उसकी दुकान में आग लगी है। जिसकी लपटे बाहर निकल रही है। वह दौड़ता हुआ दुकान पर आया तो देखा की दुकान आग की लपटों में घिरी हुई थी। उसने जैसे-तैसे आस पास के युवाओं के सहयोग से दोनों शटर को उठाया और आसपास के घरों के समर पंप एवं पानी के अन्य साधनों से आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान नगर पालिका फायर स्टेशन को भी सूचना दी गई,लेकिन दमकल मौके पर नहीं पहुंच पाई। आग लगने की इस घटना में करीब एक घंटे में दुकान का सारा सामान जलकर खाक हुआ है। जिसमें फ्रिज,पेटीज मशीन,डीप फ्रीजर, फर्नीचर,गैस चूल्हा और दुकानदारी के करीब चार से पांच हजार की नगदी और अन्य सामान जला है। पीड़ित दुकान मालिक आकिब के ताऊ चांद खां ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है। पीड़ित आकिब की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। उसने लोगो के सहयोग से एक साल पहले यह दुकान खोली थी। जिसमें यह हादसा हुआ है,ऐसे में प्रशासन से मदद की मांग की है।

# पोक्सो और पोस अधिनियम का अवलोकन विषय पर प्रशिक्षण दिया




**पिलानी।** बिरला बालिका विद्यापीठ और बिरला शिशु विहार के संयुक्त तत्वावधान में बिरला बालिका विद्यापीठ में पॉक्सो एवं पोस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विषय विशेषज्ञा वंदना बांगा, विद्यालय की प्रबंधक डॉ. एम. कस्तूरी, पवन वशिष्ठ प्राचार्य बिरला शिशु विहार, प्रभारी प्राचार्या अचला वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। यह प्रशिक्षण परिवर्तन संस्था की संस्थापक तथा डीपीएस गुड़गांव की एकडेमिक निदेशक एवं विषय विशेषज्ञ वंदना बांगा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें कुल 150 अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं शैक्षणिक कर्मियों ने प्रतिभाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पॉक्सो एवं पोस अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। ताकि वे अपने संस्थान में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। बिरला शिक्षण न्यास के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर (अति विशिष्ट सेवा पदक) ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यशाला ने शिक्षकों को बच्चों के प्रति अधिक संवेदनशील और सतर्क बनाने का कार्य किया है। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और अपने विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। बिरला बालिका विद्यापीठ की प्रबंधक डॉ. एम. कस्तूरी और पवन वशिष्ठ द्वारा वंदना बांगा को स्मृति चिह्न और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# लापता अधेड़ का एनिकट में मिला शव

**राजसमंद।** मोही कस्बे के एनीकट में 5 दिन से लापता अधेड़ का शव पानी में तैरते हुए मिला। पुलिस के अनुसार मोही निवासी नानालाल धोबी पुत्र धन्नालाल धोबी 5 दिन पहले घर से लापता हुए थे। जिसका शव पांचवें एनीकट के पानी में तैरते हुए दिखा तो घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।


## आम सूचना

यह आम सूचना भारतीय स्टेट बैंक जरिये अधिवक्ता अशोक पुरोहित सिरोही द्वारा प्रकाशित की जा रही है कि निम्नांकित आवेदकों द्वारा स्वयं के स्वामित्व की आवासीय सम्पति को रहन रख कर भारतीय स्टेट बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त की गयी है आवेदको द्वारा बैंक शाखा में रखे गये निम्नांकित दस्तावेजात् लेमीनेटेड है। जिसकी सत्यता व स्वामित्व बाबत् जिस किसी आमजन को आपत्ति है वह बैंक शाखा में उपस्थित होकर या जरिये अधिवक्ता को अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर रसीद प्राप्त करे, ताकि बैंक शाखा द्वारा अपने ऋण की समुचित सुरक्षा की जा सके। आवेदकों द्वारा इन दस्तावेजात् को सही व सत्य होना कथन किया है।

| क्र. स. | ऋणी का नाम | लेमीनेटेड दस्तावेजात् का विवरण | सम्पति का विवरण | ऋण देने वाली बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | राजेन्द्रसिंह देवडा पुत्र श्री दलपतसिंह देवडा सिरोही | 1- विक्रय विलेख पं. क्रम संख्या 2004000997 दिनांक 06.10.2004 उप पंजीयक कार्यालय सिरोही 2- बैचान ईकरारनामा 16.09.2004 3- पट्टा संख्या 13 दिनांक 21.10.1933 | मौजा- नयावास (सैनिक वास) सिरोही, जिला सिरोही कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफीट | एस0 बी0 आई0 सिरोही |
| 02 | भवानीशंकर पुत्र श्री हीराजी रावल निवासी- रोहिडा | 1- विक्रय विलेख पंजीयन क्रम संख्या 83 दिनांक 13.5.1989 उप पंजीयक कार्यालय आबरी | मौजा सरूपगंज, जिला सिरोही, कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफीट | एस0 बी0 आई0 रोहिडा |
| 03 | रामाराम पुत्र श्री धनाजी मेघवाल, निवासी -उथमण, जिला सिरोही | पट्टा संख्या 63, पंजीयन क्रम सं0 20180332510036 दिनांक 21.02.2018 उप पंजीयक कार्यालय शिवगंज | मौजा उथमण, जिला सिरोही कुल क्षेत्रफल 1137 वर्गफीट | एस0 बी0 आई0 शिवगंज |
| 04 | पुखराज पुत्र श्री अर्जुनलाल पूर्बिया, निवासी - झाडोल जिला उदयपुर | पट्टा संख्या 164, दिनांक 6.6.2014 | मौजा झाडोल, जिला उदयपुर, कुल क्षेत्रफल 497.76 वर्गफीट | एस0 बी0 आई0 |

**अशोक पुरोहित (एडवोकेट), आफिस- केशव सृष्टि, पुराना बस स्टैंड सिरोही। मो. 9414544393**



### फॉर्म नं. यूआरसी – २

*कानून के प्रकरण २१ के भाग १ के तहत पंजीकरण हेतु सूचना देने वाला विज्ञापन (कंपनी कानून, २०१३ के खंड ३७४ (बी) और कंपनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियम, २०१४ के नियम ४ (१) के तहत)*

१. कंपनी कानून, २०१३ के खंड ३६६ के उप – खंड २ के तहत सूचना दी जा रही है कि, कंपनी कानून, २०१३ के प्रकरण २१ के भाग १ के तहत शेअर्स द्वारा मर्यादित कंपनी के तौर पर ''स्पेक्ट्रम टेक एन फैब'', एक साझेदारी संस्था इस संस्था का शेअर्सद्वारा मर्यादित कंपनी के तौर पर पंजीकरण हेतु रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इन्स्टीट्युट ऑफ कार्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नं. ६, ७, ८, सेक्टर ५, आईएमटी मानेसर, जिला गुरगांव (हरयाणा), पिन कोड – ७२२ ०५७. के पास आवेदन करना प्रस्तावित है.

२. कंपनी के प्रमुख उद्देश निम्न अनुसार है :

ए) आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे भवन, रास्ते, पुल, राजमार्ग, रेलवे, एयरपोर्ट और अन्य नागरिक कार्यों की डिजाइनिंग, योजना, विकास और निर्माण सहित सिविल निर्माण और इंजीनियरिंग सेवाओं का व्यवसाय चलाना.

बी) इंजीनियरिंग, वास्तुकला और निर्माण परियोजना प्रबंधन में परामर्श सेवाएं प्रदान करना, जिसमें व्यवहार्यता अध्ययन, संरचनात्मक डिजाइन, पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और अन्य संबंधित सलाहकार सेवाएं शामिल हैं.

सी) सभी परियोजनाओं में स्थायी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए इंटीरियर डिजाइन, लैंडस्केपिंग और शहरी नियोजन से संबंधित गतिविधियों में शामिल होना.

डी) निर्माण और इंजीनियरिंग उद्योग में सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं, निजी कंपनियों और अन्य संगठनों के साथ अनुबंध, उप-अनुबंध, जॉइंट व्हेंचर स्थापित करना एवं सहयोग करना.

३. प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन एवं कंपनी विधान की कापी का कार्यालय पता : ठोकर चौरसिया के पास, अयाद रोड, उदयपूर, राजस्थान – ३१३००१, भारत इस पते पर परीक्षण किया जा सकता है.

४. इसके तहत सूचना दी जा रही है कि, इस आवेदन से किसी व्यक्ति को यदी कोई आपत्ति हो तो वे उनकी आपत्ति लिखित रूप में रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इन्स्टिट्युट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नं. ६, ७ ,८, सेक्टर – ५, आईएमटी, मानेसर, जिला गुरगांव (हरयाणा), पिन कोड – १२२ ०५० इस पतेपर इस सूचना के विज्ञापन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर पेश करें जिसकी एक कापी कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भेजें.

दिनांक : ०५ मार्च, २०२५
**स्पेक्ट्रम टेक एन फैब**

१. सौरव सिंघवी (पार्टनर)
२. गौरव सिंघवी (पार्टनर)
३. निखिल चापलोत (पार्टनर)


# 40 कृषकों का प्रशिक्षण दल सात दिवसीय प्रशिक्षण के लिए रवाना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत जिले के विभिन्न गांवों के 40 कृषकों के प्रशिक्षण दल को सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के लिए राज्य के बाहर भेजा गया है। यह दल मंगलवार को यहां से रवाना हुआ। जिसे संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. राजेंद्रसिंह लाम्बा व सहायक निदेशक कृषि (वि.) सविता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण चार से 10 मार्च तक राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल (हरियाणा) में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कृषकों को वैज्ञानिक विधि से पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा संस्थान के आस-पास के अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। प्रशिक्षण दल की रवानगी के समय कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार, रवि रेपस्वाल व विजय ढाका, जयचंद भड़िया, कृषि पर्यवेक्षक संत कुमार, तपेश कुमार, इमरान खान आदि मौजूद थे। उप परियोजना निदेशक आत्मा प्रमोद कुमार व सहायक कृषि अधिकारी विकास कुमार प्रशिक्षण दल के प्रभारी अधिकारी, प्रशिक्षण के दौरान कृषकों के साथ रहेंगे।

# करोड़ों रुपए का दान देकर अमेरिकन प्रवासी डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच हुए भावुक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** स्वतंत्रता सैनानी स्वर्गीय रामलाल सुंडा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैरु में कैरु निवासी एवं अमेरिका प्रवासी डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच, जिन्हें विश्व में फादर ऑफ वॉयरलैस कम्यूनिकेशन के रूप में जाना जाता हैं। वे अपनी बहन मोहिनी देवी के साथ अपने पैतृक गांव कैरु के विद्यालय में पधारने पर एक भव्य स्वागत के साथ इनका अभिनंदन किया गया। जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं कैरु विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी उम्मेद सिंह महला, सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश कैरु सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे। संस्था प्रधान आशा मीणा के निवेदन पर विद्यालय को पांच कक्षा कक्ष मय स्मार्ट बोर्ड और स्मार्ट फर्नीचर, 10 लेटेस्ट जेनरेशन कंप्यूटर, पांच किलोवाट का पूरे विद्यालय के लिए सोलर प्लांट, विद्यालय परिसर के लिए इंटरलॉक, स्कूल का भव्य मुख्य द्वार, पेयजल के लिए ट्यूबवैल एवं कृषि संकाय के लिए संभावित दो हेक्टेयर कृषि भूमि का दान डॉ. राजेंद्र सिंह लुणायच ने अपने माता—पिता स्वर्गीय रूकमणी देवी एवं स्वर्गीय चैनसिंह लुणायच की स्मृति में किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में 1960 के दशक में आने वाली विषम परिस्थितियां होने के बावजूद भी पढ़ाई एवं जीवन की सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सामने भविष्य में आने वाली किसी भी आवश्यकता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भामाशाह मोहिनी देवी ने विद्यालय को मिठाई एवं उपहार दिए। विद्यालय प्राचार्य बालचंद सोडा एवं स्टाफ ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सायला (जालोर)

क्रमांक / लेखा/खुलीनिविदा/2025/87-88 दिनांक: 25/02/2025

OFFICE OF THE SENIOR MEDICAL OFFICER INCHARGE, COMMUNITY HEALTH CENTER, SAYLA (JALORE)

S.No./Acct./Open Tender/2025/83-86 Dated: 25.02.2025


-:: Notice Inviting Bids ::-

Bids for Procurement of Various Minor Civil Work, Repairing and Iron Work under the institute under this office are invited from interested bidders. Other particulars of the bids may visited on the procurement portal of the state sppp.rajasthan.gov.in and in the office during working hours.

**UBN: MHS2425WSOB05088**

(Dr. Raghunandan Bishnoi)
SMO-I/C, COMMUNITY HEALTH CENTER, SAYLA


# अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न, ऊषा मित्तल अध्यक्ष बनीं



**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर की अग्रवाल महिला मंडल बाड़ी के रिक्त हुए अध्यक्ष,महामंत्री, सूचना मंत्री एवं उपाध्यक्ष के पदों पर निर्वाचन श्री फट्टा सर्राफ धर्मशाला में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, महामंत्री हरिशंकर मंगल एवं निरीक्षक अग्रसेन विद्यापीठ दीनदयाल मित्तल की देखरेख में कराया गया। सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में अध्यक्ष ऊषा मित्तल, उपाध्यक्ष विद्या देवी जिंदल,महामंत्री सुमन मंगल,सूचना मंत्री विमला गर्ग सर्व सम्मति से चुनी गई साथ में कोषाध्यक्ष प्रिंसी गर्ग, संगठन मंत्री सुनीता मित्तल,निरीक्षक लता मंगल, मीडिया प्रभारी मंजू अग्रवाल को फिर से चुना गया है। निर्वाचन के दौरान जिलाध्यक्ष सरोज मंगल,जिला महामंत्री नीतू सिंघल, निरमा सिंघल, रानी गर्ग,अनीता सिंघल,मालती मित्तल,शालिनी गर्ग,इंदिरा गोयल, कविता मित्तल,आशा बंसल, विमला गर्ग आदि महिला सदस्य मौजूद रहीं।

# देश के दूसरे वृंदावन धाम में मनाया जाएगा तीन दिवसीय फागोत्सव

## देशभर से आएंगे श्रद्धालु, 500 घी के दीपक भी जलाकर मनाएंगे बाबा पुरूषोत्तमदास का 500वां जन्मोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** देश के दूसरे वृंदावन, यानि कि झुंझुनूं के भड़ौंदा गांव में तीन दिवसीय फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के कोने—कोने से श्रद्धालु आएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बिहारीजी मित्र मंडल की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। आयोजन समिति के सदस्य बंटी सुलतानिया ने बताया कि इस बार कोलकाता से करीब 500 किलो फूल मंगवाए गए है। इन फूलों से मंदिर को जंगल थीम पर सजाने के लिए झारखंड से कलाकार आएंगे। इसके अलावा झारखंड के कलाकारों द्वारा ही थर्माकॉल, पीओपी व फूलों आदि से बाबा पुरूषोत्तमदास के जीवन का सजीव चित्रण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार बाबा पुरूषोत्तमदास का 500वां जन्मदिन है। इसलिए यह फागोत्सव ऐतिहासिक और भव्य रूप में मनाया जा रहा है। बाबा के जन्मोत्सव के दिन 10 मार्च को शाम को 500 घी के दीपक से दीपदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के पहले दिन नौ मार्च को विशाल पदयात्रा बिहारीजी मंदिर चिड़ावा से शुरू होगी। जो अरड़ावता और श्यामपुरा मटाना होते हुए वृंदावन पहुंचेगी। इससे अगले दिन 10 मार्च को दिनभर कार्यक्रम चलेंगे। सुबह पंचकुंडीय महायज्ञ होगा। दो बजे से सुभाष कुल्थिया कोलकाता, मनहर व्यास आसनसोल तथा श्रुति पारासर बैंगलोर द्वारा बाबा के जीवन पर बनाया गया अखंड पाठ करेंगे। इस दौरान 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। वहीं शाम को दीपदान तथा रात को नौ बजे बाबा के समाधि स्थल पर भजनों का कार्यक्रम होगा। अगले दिन 11 मार्च को सुबह फागोत्सव मनाया जाएगा।


## OFFICE OF THE DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY, BARMER

No. 1052 Dated :- 21.02.2025

**Notice Inviting "E" Bid**

Bid for Rate contract OF sundries material are invited from interested bidders upto 07.03.2025, 1.00 pm. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and rajswasthya departmental website.

**UBN : MHS2425GLRC04991**

**CHIEF MEDICAL & HEALTH OFFICER, BARMER**

**DIPR/C/2655/2025**



## OFFICE OF THE DISTRICT RURAL HEALTH SOCIETY, BARMER

No. 1044 Dated :- 21.02.2025

**Notice Inviting "E" Bid**

Bid for Rate contract OF STATIONERY are sundries item are invited from interested bidders upto 07.03.2025, 1.00 pm. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and rajswasthya departmental website.

**UBN : MHS2425GLRC04989**

**CHIEF EXECUTIVE OFFICER & CHIEF MEDICAL & HEALTH OFFICER, DRHS BARMER**

**DIPR/C/2657/2025**


# सरस्वती स्कूल में विदाई समारोह आशीर्वाद-2025 का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** रेलवे फाटक स्थित सरस्वती सीनियर सैकंडरी स्कूल बलवंतपुरा में कक्षा 12 के विदाई समारोह आशीर्वाद—2025 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिसिंह गोदारा ने की। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा व सम्मानित अतिथि नवलगढ़ सीआई सुगन सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रस्तुतियां दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जोकर थीम, राजस्थानी, ओल्ड एज होम, जिंदगी के सफर में, साथी हाथ बढ़ाना आदि ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों से विभिन्न हास्य गतिविधियां आयोजित करवाई गई। इन गतिविधियों ने दर्शकों को खूब हंसाया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के अनुसाशन के साथ-साथ उत्कृष्ट परिणाम को खूब सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत करने व दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की बात कही। इस अवसर पर कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा सभी को तिलकार्चन कर व विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा व प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने सभी को दही चीनी पिलाकर व भेंट प्रदान कर शुभाशीष दिया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि डीईओ एलीमेंट्री मनोज ढाका, सीबीईओ अशोक शर्मा व एसीबीईओ महेंद्र सैनी, पूर्व सीबीईओ श्रीराम फांडन, डॉ. दयाशंकर जांगिड़, डॉ. नवल सैनी, डॉ. सतवीर चाहर, विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी हरि हॉस्पिटल नवलगढ़ संचालक डॉ. राजेश सैनी व मुरली मनोहर चौबदार, पंकज शाह आदि उपस्थित रहे। जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरि ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ, नैतिकता का भी ध्यान रखने के बारे में कहा। उन्होंने कहा हमें विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास पर ध्यान देना होगा। सीआ. सुगन सिंह ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को संगत का ध्यान रखने के बारे में कहा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी आज के समय गलत संगत की वजह से अपराध की ओर बढ़ रहे है। डीईओ मनोज ढाका ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति जज्बा रखने व कठिनाइयों से ना घबराने के बारे में कहा। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि विदाई एक परंपरा है। विद्यार्थियों ने जो भी विद्यालय से सीखा है। उसे अपने जीवन की सीख की तरह जोड़ते हुए आगे बढ़ने के बारे में कहा। अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रवीम राय ने कहा पाषाण काल से लेकर डिजिटल युग तक मानव जो इंसान का समर्पण, कड़ी मेहनत व हार न मानने का जज्बा, यह नहीं बदला है, हमें इन्हीं गुणों को अपने साथ जोड़ते हुए आगे बढ़ना है। हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में ध्यान रखने योग्य टिप्स बताए व कहा कि आप प्रयास करते रहे। सफलता आसान नहीं होती पर कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने कहा कि अध्यापक द्वारा कही भी सख्त स्वभाव अपनाया जाता है तो वो विद्यार्थी की बेहतरी के लिए ही अपनाया जाता है।

# वाहनों पर बकाया ई-रवन्ना जुर्माना राशि पर छूट

**झुंझुनूं।** जिला परिवहन कार्यालय ने खान व भू विज्ञान विभाग से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार बकाया ई-रवन्ना वाले भार वाहनों के पंजीयन निरस्त करने की तैयारी कर ली है। परिवहन कार्यालय द्वारा उक्त चार हजार 744 वाहनों के वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने बताया कि अभी तक कार्यालय द्वारा एक हजार 683 नोटिस जारी किए जा चुके है।


**NAME CHANGE**

I SYED MOHD KUMAIL DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY OLD NAME SAYED MOHAMMAD KUMAIL ZAIDI. IN FUTURE I MAY BE KNOWN AS MY NEW NAME SYED MOHD KUMAIL INSTEAD OF SAYED MOHAMMAD KUMAIL ZAIDI. SYED MOHD KUMAIL S/O MAZHAR HUSSAIN VPO BASAN, TEHSIL REODAR.



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED CITY DIVISION BARMER

Phone No. 02982-220610 Email: eecity01@gmail.com

**No : EE/PHED/BAM/2024-2025/5329 Date : 21.02.2025**

**NIT No. 2024-25/105 to 106**
**NIB No. PHE2425A4785**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from enlisted contractors with PHED Rajasthan and meeting eligibility criteria, Contractors enlisted with other Departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railway, MES, other state Govt./Central Govt. undertaking/organizations equivalent in Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the website http://eproc.rajasthan.gov.in. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on website. www.dipronline.org. & sppp.rajasthan.gov.in

| NIT No | UBN No | Name of Work | Estimated Cost (Rs. In Lacs) | Earnest Money (Rs. in Rs.) | Tender Fees | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25/105 | PHE2425WSOB10363 | Pipe Line Shifting Works Under Atal Path Road Baldev Nagar Barmer | 23.85 | 47700.00 | 500.00 | 1 Month |
| 2024-25/106 | PHE2425WSOB10364 | Providing Laying and Jointing of Pipe Line from BLWSP Part C ESR Langera (VTC) to Adresh Vidhya Mandir School Langera G.P. Langera | 23.80 | 47600.00 | 500.00 | 2 Month |

Last Date & time of online submission of tender document - **05.03.2025** up to 6.00 PM
Last Date & time of physical submission of document etc - **06.03.2025** up to 11.00 AM
Date & time of opening of technical bid - **06.03.2025** - 11.00 AM
Date & time of opening of Financial bid - To be intimated online

(Bijendra Prasad Meena)
Executive Engineer, PHED City Dn., Barmer

**DIPR/C/2708/2025**

## सुविचार

संन्यास का अर्थ है, मृत्यु
के प्रति प्रेम.

- अज्ञात

जागरूक

# संपादकीय

## 'विकसित भारत' की परिकल्पना

पिछले कई महीनों से देश के सत्तारूढ़ नेता भारत को विकसित राष्ट्र परिकल्पना संजोए हुए है। केंद्र सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और भाजपा समर्थित राज्यों के मुख्यमंत्री भी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मुहिम में जुटे हुए है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिस देश में 80-85 प्रतिशत जनता पांच किलो अनाज पर टिकी हो। देश में बेरोजगारी पिछले चालीस सालों में सबसे आगे हो। देश में हर राज्य चाहे वह बीजेपी शासित हो या न हो, वह अपने राज्यों में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं को कुछ न कुछ वित्तीय मदद कर रही है। सरकारी बसों में आने जाने की फ्री सुविधा, बिजली फ्री दिए जा रहे है, डालर के प्रति रूपए का मूल्य कम हो रहा है। पिछले पांच माह से शेयर मार्केट में लगभग 90 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। ऐसे में कोई राष्ट्र या राज्य विकसित कैसे बन सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर मंच से कहते है कि भारत 2049 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा, ऐसे में उपरोक्त 'फ्री' की बातों को ध्यान में रखते हुए यह कहा जा सकता है कि विकसित भारत की परिकल्पना इतना आसान नहीं है जितना कहा जा रहा है। देश के उपर ढाई लाख करोड़ का कर्ज है। विदेशी आयात-निर्यात का रेशियों में इतनी बड़ी असमानता है कि कई देशों से बराबरी करने में सदियां गुजर जाएंगी। भारत में ही कितनी परियोजनाएं जो कि 2014 से केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शुरू की गई थी, उसमें से आधी से ज्यादा परियोजनाएं पूरी ही नहीं हो पाई है, बल्कि उन परियोजनाओं का बजट भी लगभग डेढ़-दो गुना बढ़ गया है, ऐसे में विकसित भारत की परिकल्पना नामुमकिन है। केंद्र की मोदी सरकार को हर क्षेत्र में विशेष कर कोर सेक्टर चाहे वह बिजली का क्षेत्र हो, सीमेंट , स्टील या अन्य कोई क्षेत्र हो , उसमे औद्योगिक घरानों को साथ लेकर पॉलिसी का निर्माण करना चाहिए। देश को हर क्षेत्र में विकसित करने के लिए सभी का साथ और सहयोग लेना चाहिए। देश में जितने भी औद्योगिक क्षेत्र है, उसमें निजी क्षेत्रों के साथ-साथ सरकार का भी सहयोगी रहना जरूरी है। हर चीज को पीपीपी माडल पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। हाईवे को लेकर जिस तरह से टोल टैक्स वसूले जा रहे है, और सड़को के निर्माण के बाद भी टूटती जा रही है, ऐसे में सरकार पर सवाल उठना लाजिमी है कि निजी क्षेत्र की कंपनियां जो भी काम कर रही है, उस पर सरकार कोई भी निगरानी नहीं कर रही है। विकसित भारत की परिकल्पना तभी संभव हो सकती है जब देश के युवाओं को रोजगार दिया जाए। केंद्र एवं राज्य की सरकार वोटरों को दी जा रही 'फ्री सेवाएं' बंद की जाएं। देश-विदेश में आयात-निर्यात के अनुपात को कम किया जाए। विदेशी कर्ज को कम किया जाए। केंद्र सरकार किसानों की हरसंभव मदद करे जिससे कृषि क्षेत्र को कोई संकट का सामना न करना पड़े नहीं तो देश को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

### क्या अंधी सुरंग में फंस गया है

# भारत का मिडिल क्लास...?



नरेंद्र शर्मा

काफी लंबे अर्से से जो डर सता रहा था या दूसरे शब्दों में जिसकी आशंका उभर रही थी, अंततः वह आशंका हकीकत के रूप में सामने आ गई है। वेंचर कैपिटल फर्म 'ब्लूम वेंचर्स' के एक ताजा रिपोर्ट ने भारत के राजनेताओं को भले परेशान किया हो, लेकिन दुनियाभर के निवेशकों, अर्थशास्त्रियों और समाजशास्त्रियों के कान खड़े कर दिये हैं; क्योंकि इस रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में गरीबी जितनी दिखती है, उससे कहीं ज्यादा है। दूसरे शब्दों में अपने यहां समृद्धि का जो अनुमान लगाया जा रहा है, विशेषकर मजबूत मिडिल क्लास को लेकर जो हमारी और दुनियाभर की धारणाएं हैं, वे गलत साबित हो रही हैं। हिंदुस्तान की मौजूदा आबादी करीब 1 अरब 42 करोड़ के आसपास है।

इमेज

लेकिन इतनी बड़ी आबादी में बमुश्किल 13 से 14 करोड़ मिडिल क्लास आबादी ही ऐसी है, जिसकी क्रयशक्ति दुनिया के दूसरे मिडिल क्लास उपभोक्ताओं के बराबर या उनसे बेहतर है, वर्ना तो हमारे यहां जो करीब 40 से 44 करोड़ मिडिल क्लास आबादी का अनुमान लगाया जा रहा है, वह बड़ा धोखा है। क्योंकि इनमें से 30 से 34 करोड़ ऐसे मिडिल क्लास लोग हैं जो फिलहाल महंगाई की हकीकत और अपनी क्रयशक्ति की वास्तविकता के बीच पिस रहे हैं। अगर कहा जाए कि इनके साथ दुखद यह हो रहा है कि उन्हें माना तो सम्पन्न वर्ग का जा रहा है, लेकिन ये खुद अपनी हकीकत जानते हैं।

वास्तव में भारत में जो मिडिल क्लास का एक बड़ा तबका बताया और दिखाया जाता है, वह वैसा नहीं है, जैसा उसके बारे में सोचा और समझा जाता है। भारत के वास्तविक 13 से 14 करोड़ सम्पन्न मिडिल क्लास के अलावा जो 30 करोड़ अन्य मिडिल क्लास लोग हैं , उसे ब्लूम वेंचर्स की रिपोर्ट में इमर्जिंग या आकांक्षी मिडिल क्लास कहा गया है, जो खर्च करने की इच्छा तो रखता है, लेकिन ऐसा करने से घबराता है, क्योंकि पिछले चार सालों में यानी कोरोना महामारी के बाद से लगातार उसकी आय या तो घटी है या स्थिर है, जिससे उसे अपने नीचे की तरफ जाने का खतरा सता रहा है। अगर इस पूरे संदर्भ को व्यापक आर्थिक नजरिये दे देखें तो कहा जा सकता है कि भारत में एक लंबे समय से अमीर और गरीब वर्ग के बीच जो खाईं धीरे धीरे बढ़ रही थी, वह हाल के कुछ सालों में खासकर कोरोना के दौरान या उसके बाद से बहुत ज्यादा तेजी से बढ़ी है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास देश की कुल आय के करीब 57.7 फीसदी पर कब्जा है। जबकि 1990 में इस 10 फीसदी आबादी के पास देश की कुल आय का करीब 34 फीसदी था यानी करीब 34 सालों में अमीरी और गरीबी के बीच फासला करीब 24 फीसदी बढ़ गया है। इसी तरह निचले 50 फीसदी लोगों की कुल आय तब जहां 22.2 फीसदी लोगों के पास हुआ करती



थी,वहीं अब यह महज 15 फीसदी लोगों तक सिमटकर रह गयी है। कहने का मतलब यह है कि ऊपर से भी और नीचे से भी देश में गरीबी और अमीरी के बीच की दूरी लगातार बढ़ रही है। यह कई वजहों से खतरनाक है। हालांकि इस संबंध में कोई ठोस अध्ययन सामने नहीं आया, लेकिन पिछले पांच महीनों से जिस तरह से देश का शेयर बाजार लगातार गिर रहा है, कहीं उस गिरावट के पीछे निवेशकों का यह डर तो नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जितनी बड़ी और जितनी ठोस दिखायी जा रही है, वैसी है नहीं ?

लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि देश में उपभोक्ता सामानों की मांग घट रही है। जहां तक मांग का सवाल है तो उसमें एक विरोधाभास तो यह उभरकर आया है कि देश में महंगी और लग्जरी चीजों की मांग बढ़ रही है, जबकि कम और मझोले दर्जे की चीजों की मांग घट रही है। इसको इस उदाहरण से भी समझा जा सकता है कि हाल के सालों में देश के सभी बड़े महानगरों में न सिर्फ लग्जरी घरों की मांग बढ़ी है बल्कि इनकी बिक्री में भी 12 से 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ भारत के सभी बड़े और मझोले शहरों में कम बजट वाले घरों की मांग पिछले 10 सालों में 15 से 22 फीसदी तक कम हुई है, बढ़ी तो है ही नहीं। यही हाल लग्जरी कारों का भी है। लग्जरी कारें भी देश में आम कारों से ज्यादा (औसत के मामले में) बिक रही हैं। भारत के कुल बाजार में इस समय सस्ते घरों की हिस्सेदारी महज 18 फीसदी है, जबकि 2019-20 में यह करीब 40 फीसदी थी। ठीक यही बात दूसरे ब्रांडेड चीजों पर भी लागू हो रही है। बाजार में लगातार एक्सपीरियंस इकोनॉमी फल फूल रही है। ब्लूम वेंचर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कोल्ड प्ले और एड सिरॉन जैसे अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के कंसर्ट पूरी तरह से सफल हो रहे हैं, चाहे इनमें हिस्सेदारी की टिकट कितने ही ऊंचे दामों की क्यों न हो। दूसरी तरफ लोकल उत्पादों या निचली और मध्यम दर्जे की उपभोक्ता चीजों की मांग घट रही है। मतलब साफ है कि पिछले पांच सालों में पहले से गरीब लोग तो और ज्यादा गरीब हुए ही हैं, जो लोग गरीब नहीं हैं, मध्यवर्ग के दायरे में आते हैं, लेकिन कभी भी इस दायरे से नीचे फिसल सकते हैं। ऐसे लोग बहुत डरे हुए हैं और अपनी खरीदारी ही नहीं बल्कि अपनी जरूरतों को भी कम कर दिया है या आम भाषा में कहें तो मन मार लिया है और बाजार की तरफ घूमने जाने तक का नाम नहीं लेते। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था ठहर सी गई है।

सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी बाजार से मंदी जाने का नाम नहीं ले रही या फिर यह कह सकते हैं कि बाजार इस कदर उठ नहीं रहा कि कैश इनफ्लो बढ़े और लोगों में खर्च करने की हिम्मत व बेफिक्री आये। यह खतरनाक स्थिति है। अगर पारिभाषिक शब्दों में कहें तो भारत की अर्थव्यवस्था ग्रोथ के मामले में ठहर सी गई है। यह अकारण नहीं है कि हाल के सालों में जिन कंपनियों ने खुद को मध्यवर्गीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के उत्पादों पर फोकस करने का मन बनाया, वो कंपनियां या तो खतरे के लाल निशान के पार पहुंच गई हैं या इतनी कमजोर खुद को महसूस कर रही हैं कि वे बाजार में अपनी गतिविधियों को चाहकर भी नहीं बढ़ा पा रहीं।सवाल है यह स्थिति कितनी खतरनाक है और क्या सरकार और देश का आर्थिकतंत्र इस भयानक सच्चाई को समझ पा रहा है? समझ पा भी रहा है तो क्या इससे निपटने की कोई कोशिश कर रहा है? इस रिपोर्ट का अध्ययन करने और इस अध्ययन से निकले निष्कर्षों को कलमबद्ध करने वाले सजिथ पाई ने कहा है कि सरकार ने पिछले दिनों आम बजट में टैक्स छूट देकर जो करीब 12 अरब डॉलर की पूंजी को बाजार में खर्च करने के अलिखित उद्देश्य के तहत मुक्त किया है।

## पंचांग

बुधवार, 5 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - फाल्गुन
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - षष्ठी 12.52 तक
- वार - बुधवार
- नक्षत्र - कृतिका 25.09 तक
- योग - वैधृति 23.08 तक
- करण - गर 23.49 तक
- सूर्योदय - 06.56 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.43 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.00 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.45 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मेष 08.14 तक
- अभिजित् मुहूर्त - नहीं
- राहु काल - 12.50 से 14.19
- व्रत, त्यौहार - आचार्य सुंदर साहेब पुण्यतिथि (सच्चिदानंद संप्रदाय), रवियोग व सिद्धियोग 25.09 तक
- दिशा शूल - उत्तर


• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## 128 साल पुराने मंदिर की खास कलाकृतियां

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ शहर के महावीर गंज इलाके में करीब 128 साल पुराना प्राचीन दाऊजी महाराज का मंदिर स्थित है। यहां भगवान श्री द्वारकाधीश को दाऊजी के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की स्थपना सन 1896 मे लाला कल्याण राज द्वारा की गई थी। इस मंदिर की खास बात यह है कि इस मंदिर में जो हाथों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां हैं, वह बेहद खूबसूरत हैं। इन लाजवाब कलाकृतियों को बनाने के लिए देश के कोने-कोने से कारीगरों को बुलाया गया था। जिन्होंने करीब 18 साल की अवधि के बाद इसको पूर्ण रूप से भव्य रूप दिया। कहा जाता कि इस मंदिर में पूर्ण मन से 41 दिन पूजा करने से कष्ट दूर होते हैं। साथ ही यहां दर्शन करने से ग्रहों के प्रकोप से भी मुक्ति मिलती है। मंदिर की देखभाल करने वाले सर्वेश कुमार ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना सन 1896 में हुई थी। इसको हमारे परबाबा लाला कल्याण राज जी ने बनवाया था। उनकी मृत्यु के बाद हमारे बाबा ज्वाला प्रसाद जी ने इसकी देखभाल की। उनके बाद हमारे पिताजी रमेश चंद्र जी ने इस मंदिर की देखभाल की जिम्मेदारी ली। इसके बाद सन 2014 में इसका एक पारिवारिक ट्रस्ट बना दिया गया। तब से इसकी देखभाल मंदिर श्री दाऊजी महाराज ट्रस्ट कर रहा है। यह अलीगढ़ के विशेष मदिरों मे से एक भव्य मंदिर है। सर्वेश कुमार ने कहा कि इस मंदिर के बारे में हमारे पूर्वजों द्वारा कहा गया है कि कुछ साधु लोग आए थे और हमारे परबाबा को कुछ हीरे जावरात देकर कहा था कि अगर हम अगले 6 महीने में वापस नहीं आए तो इन हीरे जवारत के बदले यहां एक दाऊजी महाराज का मंदिर बनवा दिया जाए। हमारे परबाबा लाला कल्याण राज जी एक साधारण व्यक्ति थे। जब वह साधु लोग 6 महीने तक वापस नहीं आए। तब उन्होंने इस भव्य मंदिर को बनवाना शुरू कर दिया। इस मंदिर के बनते बनते हमारे परबाबा शहर के सबसे धनी लोगों में शुमार हो गए। इन दाऊजी महाराज की कृपा से उनको इतना धन अर्जित हुआ। इस मंदिर की यही खासियत है कि यहां आने वाले भक्त की जो भी मुराद होती है वह पूर्ण रूप से पूरी होती है। उन पर दाऊजी महाराज की कृपा हो जाती है। अगर बात की जाए इसके कलाकृति की तो इसकी कलाकृति मे करीब 18 साल लग गए थे और देश के कोने-कोने से कारीगर आए थे।



## गीता सार

**अपि चेदसि पापेभ्यः सर्वेभ्यः पापकृत्तमः।**
**सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिनं सन्तरिष्यसि॥४-३६॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

यदि तुम अन्य सभी पापियों से भी अधिक पाप करने वाले हो, तो भी इस ज्ञान रूपी नाव द्वारा निःसंदेह पाप-समुद्र को पार कर लोगे॥36॥

## तारीख विशेष

### मेघालय को पूर्ण राज्य का दर्जा

मेघालय, जिसे 'बादलों का घर' कहा जाता है, भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण राज्य है। यह क्षेत्र अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य और विविध जनजातीय परंपराओं के लिए जाना जाता है। 21 जनवरी 1972 को मेघालय को एक स्वायत्त राज्य के रूप में असम से अलग किया गया था, लेकिन इसे पूर्ण राज्य का दर्जा 5 मार्च 2001 को मिला। इससे पहले, राज्य प्रशासनिक रूप से कई मामलों में असम सरकार पर निर्भर था, लेकिन इस निर्णय के बाद मेघालय को स्वतंत्र प्रशासनिक, विधायी और न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हो गईं। स्वतंत्रता के बाद, मेघालय असम राज्य का हिस्सा था और खासी, जयंतिया तथा गारो पहाड़ियों को मिलाकर इसे एक स्वायत्त क्षेत्र का दर्जा दिया गया था। 1960 के दशक में स्थानीय जनजातीय समुदायों ने अपनी अलग पहचान और स्वतंत्र प्रशासन की मांग उठाई। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप, 1969 में मेघालय को असम के भीतर एक स्वायत्त राज्य बनाया गया, जिसे 'असम पुनर्गठन (मेघालय) अधिनियम 1969' के तहत मान्यता मिली। लेकिन पूर्ण स्वायत्तता की मांग जारी रही, और अंततः भारतीय संविधान के 22वें संशोधन के तहत 21 जनवरी 1972 को मेघालय को भारत के 21वें राज्य के रूप में पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। राज्य बनने के बाद मेघालय को अपनी नीतियां और योजनाएं बनाने की स्वतंत्रता मिली, जिससे स्थानीय प्रशासन अधिक प्रभावी हुआ। मेघालय की जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई योजनाएं लागू कीं, जिससे उनकी भाषा, परंपराएं और रीति-रिवाज संरक्षित रहे। राज्य बनने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश बढ़ा, जिससे आर्थिक सुधार हुआ। आज मेघालय अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। शिलांग इसकी राजधानी है और यह पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। हालांकि, राज्य में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षा, रोजगार और औद्योगिक विकास को लेकर अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं।

### 5000 मीटर दौड़ में

# गुलवीर ने तोड़ा एशियन इंडोर रिकॉर्ड

सारिम अन्ना

**जेवलिन में नीरज चोपड़ा ने नये कीर्तिमान स्थापित करने आरंभ किये हैं, तब से एथलेटिक्स में भी, भले ही धीरे धीरे ही सही, स्थितियां आवश्यक रूप से बदल रही हैं और भविष्य बेहतर नज़र आने लगा है। अब धावक गुलवीर सिंह को ही लीजिये, जिन्होंने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता था, उन्होंने 21 फरवरी 2025 की रात को बोस्टन, अमेरिका, में इतिहास रचा। हालांकि टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता की 5,000 मी. की दौड़ में गुलवीर सराहनीय चौथे स्थान पर रहे, लेकिन यह रेस 13 मिनट (12:59.77 सेकेंड्स) के भीतर पूरी करने वाले वह पहले भारतीय ही नहीं बल्कि एशियाई धावक बने। साथ ही इस 26-वर्षीय सैनिक ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स (जो 13 सितम्बर 2025 से टोक्यो में आयोजित होंगी) के लिए भी स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है क्योंकि 5,000मी में आटोमेटिक क्वालिफिकेशन मार्क 13:01.00 सेकेंड्स का है। गुलवीर ने अपने इस प्रयास से एशियन इंडोर रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया है। बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर गुलवीर का शानदार प्रदर्शन थाईलैंड के किएरण तुन्तिवते के एशियन इंडोर रिकॉर्ड (13:08.41 सेकेंड्स) से बेहतर था, जोकि उन्होंने 2022 में स्थापित किया था।**

इमेज

एथलेटिक्स में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का रिकॉर्ड व प्रदर्शन खेल प्रेमियों की इच्छाओं के अनुरूप नहीं रहा है। लेकिन जब से जेवलिन में नीरज चोपड़ा ने नये कीर्तिमान स्थापित करने आरंभ किये हैं, तब से एथलेटिक्स में भी, भले ही धीरे धीरे ही सही, स्थितियां आवश्यक रूप से बदल रही हैं और भविष्य बेहतर नज़र आने लगा है। अब धावक गुलवीर सिंह को ही लीजिये, जिन्होंने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता था, उन्होंने 21 फरवरी 2025 की रात को बोस्टन, अमेरिका, में इतिहास रचा। हालांकि टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता की 5,000 मी. की दौड़ में गुलवीर सराहनीय चौथे स्थान पर रहे, लेकिन यह रेस 13 मिनट (12:59.77 सेकेंड्स) के भीतर पूरी करने वाले वह पहले भारतीय ही नहीं बल्कि एशियाई धावक बने। साथ ही इस 26-वर्षीय सैनिक ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स (जो 13 सितम्बर 2025 से टोक्यो में आयोजित होंगी) के लिए भी स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है क्योंकि 5,000मी में आटोमेटिक क्वालिफिकेशन मार्क 13:01.00 सेकेंड्स का है। गुलवीर ने अपने इस प्रयास से एशियन इंडोर रिकॉर्ड को भी ध्वस्त कर दिया है। बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर गुलवीर का शानदार प्रदर्शन थाईलैंड के किएरण तुन्तिवते के एशियन इंडोर रिकॉर्ड (13:08.41 सेकेंड्स) से बेहतर था, जोकि उन्होंने 2022 में स्थापित किया था। बोस्टन में गुलवीर ने अपनी पूरी जान झोंक दी थी, लेकिन इसके बावजूद वह बहुत ही मामूली अंतर से तीसरा स्थान पाने से चूक गये, जोकि ऑस्ट्रेलिया के जैक रायनेर ने 12:59.43 सेकेंड्स का समय निकालकर हासिल किया, यानी वह मात्र 00:00.34 सेकेंड्स से कांस्य पदक हासिल न कर सके। अमेरिका के ओलंपिक 1500मी. चैंपियन कोल होक्कर ने 12:57.82 सेकेंड्स समय के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि उनके ही देशवासी कूपर ने 12:57.97 सेकेंड्स में दौड़ पूरी करके रजत पदक पर कब्ज़ा किया। इन समयों की अगर तुलना की जाये तो गुलवीर और पदक विजेताओं में कोई खास अंतर नहीं है। इसका अर्थ यह है कि अगर गुलवीर थोड़ी सी और मेहनत करके अपने समय को सुधार लें, जिसकी उनमें भरपूर क्षमता है तो वह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पोडियम फिनिश कर सकते हैं। टोक्यो की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में अभी समय है। इस अंतराल का गुलवीर अगर सदुपयोग कर लेते हैं तो यह संभव है कि टोक्यो में हम उन्हें पोडियम पर खड़ा हुआ देखें। गुलवीर का कहना है, "बोस्टन में मेरा लक्ष्य 5,000मी में अपने सर्वश्रेष्ठ को बेहतर करना था। इसके लिए मैंने कॉलोराडो स्प्रिंग्स के अपने ट्रेनिंग सेंटर पर तैयारी की थी। मैं खुश हूं कि रेस के दौरान मैंने नया कीर्तिमान स्थापित किया। मेरे दिमाग में हरदम यह चलता रहता था कि मैं इस दौड़ को 13 मिनट से कम में पूरा करूं और मैं यह लक्ष्य सीजन की शुरुआती दौड़ों के दौरान ही हासिल करना चाहता था। मकसद पूरा करने पर वास्तव में बहुत अच्छा महसूस होता है।" गुलवीर के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन का यह भी अर्थ है कि उन्होंने अपना आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। पिछले साल उनका आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 सेकेंड्स था। पिछले साल जापान में गुलवीर ने 10,000मी आउटडोर में भी अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड (27:14.88 सेकेंड्स) तोड़ा था। इससे यह अंदाज़ा सहज ही लगाया जा सकता है कि गुलवीर अपने प्रदर्शनों में निरंतर सुधार लाते जा रहे हैं। गुलवीर बताते हैं, "मैं कॉलोराडो स्प्रिंग्स में अपने ट्रेनिंग बेस पर इस संतोष के साथ लौट रहा हूं कि मैंने वर्ल्ड एथलेटिक्स के लिए स्वतः प्रवेश मानक को हासिल कर लिया है। अब मैं छोटी सी ब्रेक लूंगा और फिर अपनी अगली दौड़ के लिए तैयारी करूंगा, जोकि अमेरिका में 29 मार्च 2025 को होगी।" गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही गुलवीर ने बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर ही आयोजित डेविड हेमरी वैलेंटाइन इनविटेशन प्रतियोगिता की 3000मी इंडोर दौड़ में अपना व राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। इसमें उनका समय था 7:38.26 सेकेंड्स। गुलवीर ने 2024 का अंत सबसे अच्छे संभावित नोट पर किया था कि जापान में हचिओजी डिस्टेंस एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुष 10,000मी दौड़ में उन्होंने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था। अपने इस निरंतर बेहतर होते प्रदर्शन का श्रेय वह एएफआई (एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया) के कोच स्कॉट सिम्मंस और आर्मी कोच यूनिस खान को देते हैं। वह कहते हैं, "अधिकतर श्रेय कोच सिम्मंस को जाना चाहिए कि उन्होंने मेरे कार्यक्रम की योजना बनाने में मदद की और प्रैक्टिस सेशन के दौरान स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। कोच यूनिस ने सुनिश्चित किया कि मैं सही से ट्रेनिंग करूं। सिम्मंस, जो स्वयं अमेरिका से हैं, ने मुझ पर बहुत काम किया है कि मेरी मानसिकता विजेताओं वाली हो और उन्होंने मेरी ट्रेनिंग के तरीके में भी बदलाव किया है, जिसका मैं सख्ती से पालन करता हूं। इसका प्रभाव आपको मेरे निरंतर बेहतर होते प्रदर्शनों और तेज़ समय में दिखायी दे रहा होगा।"

## पाठक पाती

### मतभेद के बीच नए समीकरण

रूस यूक्रेन युद्ध में राष्ट्रपति जेलेंस्की को अपरोक्ष समर्थन और मदद के बाद अब जब इस भयावह युद्ध में सुलह के आसार बन रहे हैं तो हाल ही में ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई बैठक में तीखी बहस के बाद दोनों कुछ जो प्रतिक्रिया सामने आई है उससे विवाद के नए रूप में गहराने की आशंकाएं बढ़ गई है। ट्रंप ने जेलेंस्की पर 'लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालने' का आरोप लगाते हुए तीसरे विश्व युद्ध को भड़काने की वजह बता डाला। नाराज़ जेलेंस्की अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना व्हाइट हाउस से बाहर निकल गए ऐसे में चिंता स्वाभाविक ही है।जेलेंस्की ने 'एक्स' पर पोस्ट कर अमेरिका, राष्ट्रपति, कांग्रेस और अमेरिकी जनता को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया लेकिन इसके पीछे छिपी मंशा जाहिर नहीं की। उन्होंने यूक्रेन को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की जरूरत और उसके लिए प्रयास की बात कहकर कूटनीतिक तनाव के संकेत दिए है। इस घटना के बाद नॉर्वे, नीदरलैंड, पोलैंड, यूरोपीय संघ, जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया यूरोप के कई नेताओं ने जेलेंस्की के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है।अब समय ही बताएगा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर इस तनातनी का क्या असर पड़ेगा? यह भी देखने वाली बात होगी कि ट्रंप का अगला कदम क्या होगा?

**-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र.**

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...




तुम्हारे (तेजस्वी) पिता (लालू यादव) को भी हम ही सीएम बनाए थे। तुम्हारे जाति वाले भी आपत्ति कर रहे थे कि काहे बना दिए। लालू यादव पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को खत्म कर खाली पिछड़ा वर्ग करने वाले थे। हमने इसका विरोध किया था। फिर हम अलग हो गए थे।

**-नीतीश कुमार**

'महाराष्ट्र सरकार से मै विनती करूंगी कि जिस तरीके से औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजी के नाम पर 'संभाजीनगर' रखा है, जल्द से जल्द औरंगाबाद में औरंगजेब की जो कब्र है, उसे उखाड़कर फेंक दीजिए, जिसे वह कब्र प्यारी हो, वह अपने घर में सजा ले।'



**-नवनीत राणा**



'विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तनों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की जरूरत है और आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तो भारत ही एकमात्र ध्रुव तारा है जो सही दिशा दे सकता है.'

**-मोहन भागवत**

## कुछ अलग | अजब गजब

# धरती के नीचे है पाताल लोक, लेकिन उससे आगे क्या? सच्चाई जान चौंक जाएंगे!

विज्ञान की जानकारी बाद कई सवाल ऐसे होते हैं जो बहुत कन्फ्यूज से करते हैं। पहले माना जाता था कि पृथ्वी गोल नहीं है और लोगों को लिए ऊपर का आसमान जितना रहस्यमयी थी उतना ही पृथ्वी के नीचे की दुनिया! जब से पृथ्वी का गोल होने और स्पेस में सौरमंडल और मिल्की वे गैलेक्सी के बीच में मौजूद होने की बात साबित हुई है। यह सवाल बेमानी सा लगता है कि आखिर पृथ्वी के नीचे क्या है? पर अगर गौर किया जाए तो यह सवाल गलत नहीं है। पृथ्वी के नीचे कुछ तो है। आइए जानते हैं कि आखिर पृथ्वी के नीचे क्या है और उसमें कितनी सच्चाई है।

**क्या कहते हैं लोग?**

सोशल मीडिया पर अगर आप सर्च करेंगे कि "पृथ्वी के नीचे क्या है?" तो अधिकांश लोग समझाने लगते हैं कि दरअसल पृथ्वी के बाहर नीचे ऊपर जैसा कुछ नहीं होता है। क्योंकि पृथ्वी तो स्पेस में, सौरमंडल में, गैलेक्सी के अंदर है और ऐसे में नीचे ऊपर जैसा कुछ मायने नहीं रखता है। लेकिन फिर इसका जवाब दो होगा ही।

**पाताल लोक के नीचे क्या?**

हिंदू धर्म के अनुसार पृथ्वी के नीचे पाताल लोक है। लेकिन इसका अर्थ पृथ्वी के अंदर से ही लगाया जाता है कि क्योंकि हिंदू पौराणिक कथाओं के



अनुसार पृथ्वी का मतलब धरती ही लगाया जाता है। यहां तक कि कई लोग तो यह भी तर्क देते हैं कि जिनशेषनाग के फनों पर पृथ्वी के होने का दावा किया जाता है, वह कुछ और नहीं बल्कि पृथ्वी की पर्पटी के नीचे टेक्टोनिक प्लेटे हैं। और रिंग ऑफ फायर शेषनाग के फन हैं। इसी तरह पाताल लोक भी धरती के नीचे पृथ्वी के अंदर ही माना जाता है।

**क्या होना चाहिए**

लेकिन इस पाताल लोक के नीचे भी क्या है। यानी अगर हम पृथ्वी की तुलना में जानना चाहें कि उसके नीचे क्या है? तो इसका जवाब हमें यही मिलेगा कि पृथ्वी के नीचे भी वैसा ही आकाश है जैसा कि पृथ्वी के ऊपर है।इस लिहाज से पृथ्वी नीचे भी तारे और तारमंडल होना चाहिए। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह सच है। जिस तरह पृथ्वी की ठीक ऊपर, यानी उत्तरी ध्रुव के ठीक ऊपर ध्रुव तारा है।पृथ्वी के नीचे भी एक तारामंडल और ध्रुव तारे जैसा तारा है।

<u>लोगों को साक्षर बनाने को लेकर डिजिटल साक्षरता पर दिया जा रहा जोर</u>

# ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायतों के पीईओ को दिया कार्यशाला में प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाड़ी।** नवभारत साक्षरता के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला बाड़ी में जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक के समस्त पीईईओ और स्कूल प्राचार्यो ने भाग लिया। जिला साक्षरता अधिकारी वीरी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिशन 2011 की जनगणना के अनुसार पूरे देश में 75.76 करोड लोग निरक्षर थे,लेकिन लगातार साक्षरता कार्यक्रमों और शिक्षा के प्रति किए गए प्रचार प्रसार के चलते अब इनकी संख्या घटकर 18.12 करोड़ रह गई है जिनको साक्षर किया जाना जरूरी है।

नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है,जो की बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत आज के समय अनुसार ना केवल साक्षर व्यक्ति का हस्ताक्षर करना जरूरी है,बल्कि उसे इतना जागरूक और साक्षर बनाना है,कि वह अपने नाम पता लिख सके। बैंक में जाकर वित्तीय लेनदेन कर सके। मोबाइल चलाना सीख सके,क्योंकि मोबाइल से पैसों का लेनदेन तो होता ही है, हर जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध है। जिसके लिए डिजिटल साक्षरता, वित्तीय लेनदेन, मोबाइल बैंकिंग,शिशु देखभाल, पशुओं की सुरक्षा आदि जैसे कार्य किये जा रहे हैं। इसलिए इस कार्य को पूर्ण ईमानदारी से दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करना है। इस दौरान संदर्भ व्यक्ति आरपी राजेश शर्मा व्याख्याता एवं भारत भूषण भारद्वाज अध्यापक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला साक्षरता कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी बने सिंह द्वारा वित्तीय लेनदेन के बारे में जानकारी दी गई एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हर पंचायत स्तर पर पीईओ की विशेष जिम्मेदारी बनती है। खासकर महिलाओं को साक्षर करना बेहद जरूरी है। जिसके लिए हर ग्राम पंचायत पर 15 से 20 वॉलिंटियर्स को यह पीईओ प्रशिक्षण देंगे,जो घर-घर जाकर लोगों को साक्षर करेंगे। जिनकी प्रथम परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिओम सिंह सिकरवार, प्रतिभा तोमर, भगवानदास शर्मा,रामदास बघेल, ओमवती मीणा, गुमान सिंह मीणा,लक्ष्मण सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक मुकेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

## बालाजी ट्रंसपोर्ट से चुराई गई बोलेरो कैंपर को पुलिस ने बरामद किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ पुलिस ने दो रोज पूर्व चुराई गई बोलेरो कैंपर को बरामद कर लिया है। राजगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग ने मीडिया कर्मियों को बताया कि यह बोलोरो कैंपर निकटवर्ती गांव कान्धराण की रोही में खड़ी मिली है मगर इसे कौन चुरा कर ले गया यह अभी तक पता नहीं लग पाया है। करीब चार लाख रुपए कीमत की उक्त बोलोरो कैंपर आरजे 10 जीए 5654 को बालाजी ट्रांसपोर्ट के आगे से शनिवार की देर रात को उड़ाया गया था। इस बारे में राजगढ़ तहसील के भगेला गांव के नितेश स्वामी ने मामला दर्ज करवाया था। उक्त मामले की जांच तथा बोलेरो की बरामदगी के लिए थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग के नेतृत्व में टीम गठित की गई।



## 15 में राष्ट्रीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पंचकूला में शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** 15वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन पंचकूला हरियाणा में हो रहा है मंगलवार 4 मार्च 2025 को ,क्र, डिवीजन के लीक मुकाबले में हॉकी बिहार का हॉकी राजस्थानी के साथ मुकाबला हुआ उसमें हॉकी बिहार ने राजस्थानी ,को 5-4 से हराकर मैच जीता। मैच में सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी खिलाड़ी, हॉकी राजस्थानी की उषा कुमारी रही उसे प्रतियोगिता के निर्णायकों द्वारा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया एवं पुरस्कृत किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच नंदकुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलो इंडिया हॉकी, सेंटर गाजुवास, तारानगर जो की देश के प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत खेलो इंडिया हॉकी केंद्र की गत 5 सालों से नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर अब वह 2 वर्षों से सेंटर आफ एक्सीलेंस भोपाल में भारत सरकार की खेल मंत्रालय की सर्वश्रेष्ठ योजना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उसे बहुत-बहुत धन्यवाद एवं हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## मिर्गी रोगियों के लिए फिजियोथैरेपी एवं जनचेतना प्रकोष्ठ स्थापित : डॉ. सुरेका



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पिछले 31 वर्षों से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला नि:शुल्क मिर्गी निदान शिविर आज रतननगर जिला चुरू में सम्पन्न हुआ। त्रिवेणी देवी सुरेका चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में यूनिट एपीलेप्सी केयर एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के तहत यह 367वां कैम्प सम्पन्न हुआ। इस कैम्प में 530 मरीजो के इलाज कर पूरे माह की दवाई नि:शुल्क वितरित की गई। कैम्प के मुख्य न्यूरोफिजिशयन डॉ. आर. के. सुरेका ने बताया कि मिर्गी पर बहुत सारी भ्रान्तियां प्रचलित है और इस कैम्प में जनचेतना प्रकोष्ठ बनाया जो मिर्गी रोगियों को मिर्गी रोग से सम्बन्धित व्याख्यान देंगे एवं मिर्गी रोगियों की तकलीफों को दूर करने के लिए सुझाव देंगे। इस तरीके के वार्तालाप से मिर्गी रोगी व उनके अभिभावको को अपनी भ्रान्तिया एवं मिर्गी रोगियों द्वारा झेली गई परेशानियां एवं सुचारू रूप से दवाईया लेने का व जीवन यापन करने का ज्ञान प्राप्त होगा। इसी तरीके से डॉ. सुरेका ने आगे बताया की मिर्गी रोगियों के लिए एक फिजियोथैरेपी प्रकोष्ठ भी बनाया गया है। जिसमें मिर्गी रोग से ग्रस्ति बच्चे व बड़ों की अपगंता को ठीक किया जा सकेगा।

<u>स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत की कार्रवाई</u>

## 2 किलो प्लास्टिक थैलियों की जब्ती के साथ 8 चालान व 900 रुपयों का जुर्माना वसूला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**फुलेरा।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत पालिका अधिशाषी अधिकारी छगनलाल यादव के निर्देशन पर पालिका की स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की तैयारी को लेकर स्वच्छ अभियान चलाया गया जिसमें साफ सफाई, गिले सूखे का पृथक्करण, सिटीजन फीडबैक, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने सहित दुकानों के सामने मुख्य मार्ग पर सामान नहीं रखने तथा दुकानों के सामने डस्टबिन रखने को लेकर समझाइश कर प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों की जब्ती के साथ 8 चालान कर 900 रुपयों का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान टीम को हल्के विरोध का सामना भी करना पड़ा। कार्यवाही के दौरान एमआईएस इंजीनियर कृष्ण वाधवानी, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार,सौम्या वर्मा,आरती गुर्जर,मधु कुमावत, श्रवण गुर्जर, तनुज शर्मा, विनोद टेलर, तरुण शर्मा, जमादार विनोद कुमार, कालू राम सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे

## एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** शहर के जयपुर रोड राधास्वामी बाग स्थित ए एन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित प्रोजेक्ट कार्य किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के उपकरण व स्वचालित उपकरणों का उपयोग एव प्रयोग बताया गया। इस प्रदशनी में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान के महत्व का अपने जीवन में क्या योगदान है विस्तृत जानकारी दी। प्रदशनी का अवलोकन करते हुए संस्था सचिव डॉ.सुमित्रा चौधरी एव प्राचार्य अमरीश कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि महावीर सिंह चोपड़ा ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। संस्था के कोऑर्डिनेटर डॉ.के एल कुमावत ने बताया की विज्ञान प्रदर्शनी में बेस्ट प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाले सभी विद्यार्थियों का सम्मान आगामी 12 मार्च को आयोजित वार्षिकोत्सव में किया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक धर्मा नागा, पुनीत चांदवानी, सुमन बराला, आदित्य स्वामी,निक्की सैनी, मोनिका जांगिड़, सत्यप्रकाश पारीक, प्रकाश जाजोरिया सहित अभिभावक एव अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता, समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं विकसित भारत की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सडक़ सुरक्षा एवं यातायात नियम संबंधी जागरूकता कार्यक्रम तथा समाज कल्याण विभाग की विभिन्न राज्य सरकार की छात्रवृत्ति, पेंशन, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पोषण, और शिक्षा आदि योजनाओं की जानकारी का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनीता गोस्वामी ने अवगत कराया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वाहन चालक लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, हेलमेट लगाने की अनिवार्यता, रोड सेफ्टी एवं यातायात सुरक्षा संबंधी नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी के साथ महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर गोस्वामी द्वारा समाज कल्याण विभाग की छात्राओं के हित से संबंधित विभिन्न योजनाएं जैसे छात्रवृत्ति, स्कूटी, पेंशन योजनाएं, चिकित्सा, शिक्षा और उनके पोषण स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। इसी कड़ी में एनएसएस प्रभारी डॉक्टर गोस्वामी के द्वारा विद्यार्थियों को अवगत कराया गया कि मार्च माह के अंत में जिला स्तर पर विकसित भारत युथ पार्लियामेंट का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 की थीम पर माय भारत पोर्टल पर अपना एक 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना है। उत्कृष्ट श्रेणी के वीडियो को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा और और राज्य स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## विशुद्ध मन ही वसुदेव है तथा देवबुद्धि देवकी है तो उनके घर भगवान अवतार लेते हैं : पं. रामपाल शर्मा शास्त्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरू सिंह व यजमान ज्योतिका सिंह, मधुसूदन सिंह द्वारा आयोजित भागवत कथा में पांचवें दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का अवतरण वही करा सकता है जिसका मन व बुद्धि शुद्ध होकर भगवान में पूर्णत: समर्पित हो। पूतना उद्धार का कथानक हमें यह शिक्षा देता है कि अविद्या यानी अहंकार, राग, द्वेष, मौत का डर तथा अज्ञान इन पांचों से बनी हुई आसुरी वृत्ति पूतना है जो कमोबेश हर मानव के मन में रहती है। भगवान ने बालघातिनी पूतना को भी सद्गति प्रदान की। शकटासुर व तृणावर्त के उद्धार के बाद यदुकुल गुरु गर्गाचार्य द्वारा किये गये नामकरण संस्कार को मनमोहक संगीतमय सुनाया गया। पं. शास्त्री ने बताया कि माखन चोरी का अर्थ हमारे मन रूपी माखन की चोरी है इसीलिए भगवान् को सुमन अर्थात् अच्छा मन समर्पित किया जाता है। बाल चरित अति सरल सुहाये कथा में बालकृष्ण की बाल लीलाओं को सहज एवं आकर्षक रूप से सुनाया गया। माटी खावण लीला से हमें यह सीख मिलती है कि धरती क्षमाशीला है तथा भगवान् के भक्त व भक्त स्वरूपा गोपियों की चरण रज का आस्वादन कर प्रेम की पराकाष्ठा बताई है। ऊखल बंधन दामोदर लीला के जरिए बालकृष्ण हमें यह समझाना चाहते हैं कि मां लाड प्यार तो खूब करे लेकिन बालकों को अनुशासन में रहना भी सिखाना चाहिए। यमलार्जुन उद्धार के साथ सुखिया पर अनुग्रह की लीलाओं को आज के व्यवहार जगत से जोड़कर बताया। कथा विराम के बाद आरती होकर प्रसाद वितरण किया गया।

## चौमूं नगर परिषद की अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई



### काउंटर, बोर्ड, बैनर व अन्य सामानों को किया जब्त, चौमूं के थाना मोड व धोली मंडी में की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चौमूं।** नगर परिषद चौमूं ने खाटू पद यात्रियों की सहूलियत के लिए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। एसआई जय किशन और कर्मियों की मौजूदगी में थाना मोड और धोली मंडी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान काउंटर, बोर्ड, बैनर और अन्य सामानों को जब्त किया गया। इसके अलावा, नगर परिषद ने मुख्य बाजार के व्यापारियों को भी अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी है। इस कदम से खाटू श्याम दरबार जाने वाले यात्रियों को अब बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 6 मार्च गुरुवार को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ग्राम पंचायत मत्सूरा, बाड़ी की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

### मृतक आश्रित टंकण परीक्षा का परिणाम जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की टंकण परीक्षा 7 फरवरी को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 2 पारियों में राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें 13 कनिष्ठ सहायक उपस्थित हुए। टंकण परीक्षा का परिणाम वेबसाइट www.dholpur.rajasthan.gov.in पर जारी कर दिया गया है। उत्तीर्ण कनिष्ठ सहायक अपना प्रमाण पत्र जिला कलक्टर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा आज करेंगे दिल्ली में काव्य पाठ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** स्थानीय मरूदेश संस्थान सुजानगढ के अध्यक्ष और वरिष्ठ रचनाकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा 5 मार्च को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के सांस्कृतिक उत्सव शब्दपांखी-2025 में कविता पाठ करेंगे। इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर ऑफ आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस कवि सम्मेलन में डॉ.घनश्याम नाथ कच्छावा के साथ देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार व शिक्षाविद् प्रोफेसर जसवीर त्यागी, प्रोफेसर अनामिका, डॉ.दीपक जैसवाल, मुकुल कुमार और पंकज कुमार सिंह भी कविता पाठ करेंगे। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर साधना सिंह के अनुसार आयोजन का उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं की कविताओं से छात्राओं में काव्यगत अभिरूचि उत्पन्न करना और काव्य की प्रेरणा से उनके व्यक्तित्व का विकास करना हैं।

### खेजड़ी संरक्षण के लिए मुखमन्त्री को लिखा पत्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी को बचाने और संरक्षण के लिए कला संस्कृति एव विरासत संरक्षण अभियान के नितिन बजाज ने मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय पर्यावरण मन्त्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिख कर राजस्थान में खेजड़ी के संरक्षण की मांग की बजाज ने बताया कि राजस्थान में दिन पे दिन खेजड़ी के वृक्षों को काटा जा रहा है इन्हें आज के समय में लुप्त होने से बचाना बहुत जरूरी है। हरियाणा में सरकार द्वारा 1300 से अधिक पेड़ों को बचाने के लिए सरकार सालाना अनुदान दे रही है उसी तर्ज़ पर राजस्थान में भी खास कर खेजड़ी के प्रति सरकार को अनुदान योजना लागू की जानी चाहिए जिससे इनके संरक्षण को बढ़ावा मिल सके, खेजड़ी सिर्फ एक पेड़ नहीं बल्कि राजस्थान के लोगो के लिये आस्था का भी केंद्र है।

### राजगढ़ सब जेल पर पथराव, तीन आरोपी दबोचे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** यहां के उपकार गृह पर चार दिन पूर्व शुक्रवार की आधी रात के बाद पथराव करने तथा राजकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन आरोपियों को राजगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही घटना में काम ले गई बोलेरो गाड़ी को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए राजगढ़ पुलिस थाना में दबंग थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग ने अपने नेतृत्व में टीम का गठन किया तथा ताबड़तोड़ कार्रवाई की उसी कार्रवाई के अंतर्गत मंगलवार को तीन जनों को हिरासत में लिया गया है। पकड़े गए आरोपी गांव मनौता (खेतड़ी) निवासी तथा वर्तमान में हमीरवास रहने वाला अमित पुत्र बाबूलाल स्वामी, राजगढ़ तहसील के भोजाण गांव का जोगेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह राजपूत तथा हमीरबास का सन्टी पुत्र राम सिंह जाट हैं। वारदात में काम दी गई बोलोरो आरजे 18 यूए 6614 को भी पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। थानाधिकारी सीआई राजेश सिहाग के नेतृत्व में गठित टीम में अन्य एएसआई रामनिवास, हवलदार सुनील कुमार सहित कांस्टेबल रवि कुमार, संदीप कुमार सज्जन सिंह तथा कुलदीप शामिल थे। बताया गया है कि पुलिस की सफलता में सिपाही रवि कुमार की विशेष भूमिका रही है।

### गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग, एकता मंच का आंदोलन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** गोचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि राजा महाराजाओं ने गोवंश संरक्षण के लिए हजारों बीघा जमीन गोचर भूमि के रूप में रखी लेकिन लोगों ने अपने स्वार्थ के कारण इन गोचर भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है जिनके कारण आवारा गोवंश को जीवन में काफी खतरा उत्पन्न हो रहा है। राज्य सरकार के आदेशानुसार सभी गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा लेकिन चूरू में इस विषय में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मंच के जिला अध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि जल्द ही चूरू जिला कलेक्टर द्वारा इस विषय में कार्यवाही की जाएगी, अगर समय रहते इस विषय पर ध्यान नहीं दिया गया तो शहर में बड़ा आंदोलन होगा और आवारा गोवर्धन संरक्षण की उनकी मांग जन आंदोलन बन जाएगी। इस अवसर पर जयप्रकाश बरोड़, विनोद राठी, कपिल चंदेल, जयप्रकाश प्रजापत, रामकरण नैन, रामचंद्र प्रजापति, सुशील शर्मा, राकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जोधपुर विकास प्राधिकरण का 2188 करोड़ का बजट पारित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर-बाड़मेर रोड पर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने के निकट स्थित नहर चौराहा पर आए दिन लगने वाले ट्रेफिक जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है, क्योंकि इस समस्या के निराकरण का बीड़ा उठाया जोधपुर विकास प्राधिकरण ने। सोमवार को जेडीए ने अपना 2188 करोड़ का बजट पारित करते हुए पाल रोड – नहर चौराहा पर 50 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर निर्माण कार्य के लिए भी बजट तय किया है। इसके साथ ही नौ नई योजनाएं भी लॉन्च करने का निर्णय इस बजट में लिया गया है। इनमें पाल रोड दल्ले खान की चक्की-शास्त्री नगर पुलिस थाना चौराहा पर 40 करोड़ की लागत से अटल सेतू, 62 करोड़ रुपए से जोजरी नदी का जीर्णोद्धार तथा झालामंड में नवीन एसटीपी, विवेक विहार में पीपीपी मोड पर 25 करोड़ की लागत से बस स्टैंड /टर्मिनल व ट्रांसपोर्ट हब, कायलाना झील पर म्यूजिकल फाउंटेन व अन्य विकास कार्यों पर 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। संभागीय आयुक्त व जेडीए अध्यक्ष



डा. प्रतिभासिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए सभागार में प्राधिकरण बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जेडीए निदेशक वित्त मंजीत चारण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार वर्ष 2025-26 का बजट पारित किया गया। बैठक में आयुक्त जेडीए उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ विश्नाई, कलेक्टर प्रतिनिधि, जेडीए उपायुक्तगण, निदेशकगण व अन्य विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### आय का मुख्य स्रोत भूखंडों की बिक्री से

2188 करोड़ के इस बजट में जेडीए की आय का मुख्य स्त्रोतों में भूमि की ब्रिकी से 93,800 लाख रुपए, वर्गीकृत आवासीय योजनाओं से 5510 लाख रुपए, भूमि रूपान्तरण से 8750 लाख रुपए, नगरीय कर एवं शहरी जमाबन्दी से 36100 लाख रुपए, निक्षेपों एवं धरोहर से प्राप्तियाँ 4250 लाख रुपए तथा विभिन्न शुल्क, शास्तियों, ब्याज, अग्रिम वसूली, किराया, ऋणां से, डिपोजिट कार्य से प्राप्तियां व अन्य प्राप्तियों आदि से 70390 लाख रुपए आय का अनुमान रखा गया है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल व्यय एवं भुगतानों का अनुमान 2188 करोड़ यानी 218800 लाख रुपए किया गया है। इसमें सामान्य प्रशासन के लिए 7872 लाख रुपए, विकास कार्यों के लिए 192568 लाख रुपए, राज्य सरकार के अंशदान 7550 लाख रुपए तथा अन्य व्ययों हेतु 10810 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

### शहर में होंगे ये विकास कार्य

वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट में एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक सड़क सौन्दर्यकरण एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु 1000 लाख रुपए, पांच बत्ती चौराहा से 12वीं रोड़ चौराहा गौरव पथ पर सौन्दर्यकरण एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु 1000 लाख रुपए, साइंस पार्क में डिजिटल प्लेनेटेरियम निर्माण एवं अन्य कार्य हेतु 800 लाख रुपए, विवेक विहार गांधी मैदान में स्पोर्टस पार्क/सर्व खेल अकादमी निर्माण कार्य हेतु 500 लाख रुपए, प्राधिकरण के समस्त रिकॉर्ड को स्कैन कर डिजिटलाईज करने हेतु 300 लाख रुपए, जालोरी गेट से सोजती गेट वाया चाँदशाह तकिया सड़क निर्माण कार्य हेतु 200 लाख रुपए, जोधपुर शहर क्षेत्र में सौन्दर्यकरण एवं हेरिटेज संरक्षण संबंधी कार्य हेतु 200 लाख रुपए, आफरी के पीछे नगर वन कार्य हेतु 200 लाख रुपए एवं उम्मेद उद्यान में विकास कार्य हेतु 100 लाख रुपए का भी बजट प्रावधान किया गया है।

### नवीन आवासीय-व्यवसायिक योजनाओं से भरा जाएगा खजाना

■ जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी ने बताया कि जोधपुर शहर के विकास एवं प्राधिकरण की आय के स्त्रोत बढ़ाने के क्रम में प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाएं प्रस्तावित की जा रही है। इनमें आगामी वित्तीय वर्ष में दांतिवाड़ा वेयर हाउसिंग योजना, जालेली चंपावत आवासीय येजना, देवलिया आवासीय एवं व्यवसायिक योजना, ट्रांसपोर्ट नगर एवं ऑटोमोबाईल योजना मोगडा कला, ग्राम मोगडा कला ट्रांसपोर्ट नगर के सामने नवीन आवासीय योजना, सरदार पटेल आवासीय योजना चौखा, केरू वाणिज्यिक योजना, केरू औद्योगिक योजना एवं ग्राम उजलिया में फार्म हाउस योजना प्रस्तावित है।

## जोधपुर-बिलाड़ा-अजमेर रोड पर भयानक हादसा

▶▶ चालक केबिन में फंसा, मौके पर ही मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर-बिलाड़ा-अजमेर रोड पर खारिया-मीठापुर गांव के पास मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे एक तेज रफ्तार हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर के दूसरी तरफ जाकर कंटेनर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पेट्रोलिंग व्हीकल आगे से पूरी तरह पिचक गया और इसके चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार- हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा की गाड़ी का सहायक चालक महीराम मेघवाल (25) खारिया-मीठापुर इलाके में झुड़ली स्थित प्लांट से चालक और अन्य स्टाफ को लेने के लिए जा रहा था। खारिया मीठापुर गांव के पास हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया। गाड़ी डिवाइडर तोड़कर रोड के दूसरी तरफ सामने से आ रहे एक कंटेनर से जा टकराई। इससे पेट्रोलिंग व्हीकल आगे से पूरी तरह पिचक गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में टोल स्टाफ व बिलाड़ा पुलिस भी मौके पर पहुंची। किसी तरह गाड़ी में फंसे चालक के शव को बाहर निकालकर बिलाड़ा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। किसी बाइक को बचाने या टायर फटने से भी हाईवे पेट्रोलिंग की गाड़ी का बैलेंस बिगड़ना सामने आ रहा है।



## डाक्टर की लापरवाही, बच्चे का हाथ सही नहीं जोड़ा

▶▶ फिसलने से टूटा हाथ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर कंज्यूमर कोर्ट ने बच्चे का हाथ सही नहीं जोड़ने के मामले में बाड़मेर जॉईंट्स एंड डेंटर केयर हॉस्पिटल पर तीन लाख 66 हजार 350 रुपए का क्षतिपूर्ति क्लेम देने का आदेश जारी किया है।

एक माह में भुगतान नहीं करने पर क्षतिपूर्ति राशि पर नौ प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा। मामला साढ़े तीन साल पुराना है। कोर्ट ने तीन मार्च को आदेश जारी किए।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के रीडर कमलेश विश्नोई ने बताया- पीड़ित ने एक परिवाद कोर्ट में पेश किया था। जिसमें बताया कि 31 दिसंबर 2021 को उसके चार साल के बेटे का फिसलने से हाथ फैक्चर हो गया। परिवादी बाड़मेर जॉईट्स ट्रोमा एंड डेंटल केयर हॉस्पिटल में डाक्टर सुरेंद्र चौधरी से चेकअप करवाया। डाक्टर ने कच्चा प्लास्टर करके आश्वासन दिया कि हाथ पहले जैसा ठीक कर दूंगा, कहीं जाने की की आवश्यकता नहीं है। कुछ दिन बाद का हाथ प्लास्टर खोलने पर देखा गया कि हाथ तिरछा/टेडा जुड़ा है।

### आयोग ने लगाया 3.66 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति

इस पर आयोग अध्यक्ष शंकरलाल पुरोहित, सदस्य स्वरूप सिंह राठौड़, सरीता पारिक ने डाक्टर सुरेंद्र चौधरी को बच्चे के इलाज के दौरान हुए खर्चे के लिए एक लाख 56 हजार 350 रुपए मय ब्याज एवं परिवादी व्यय के 10 हजार रुपए शारीरिक व मानसिक के दो लाख रुपए अलग से देने के आदेश जारी किए। आदेश में रुपए एक माह के अंदर नहीं दिए गए तो नौ प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करने का आदेश दिए है।

### जिंदगीभर हाथ टेढ़ा ही रहने से शारीरिक-मानसिक क्षति

परिवादी के बेटे का हाथ टेढ़ा रह गया जो अब जिंदगी भर हाथ टेढ़ा ही रहेगा। इस कारण परिवादी के बेटे को भविष्य में कार्य करने व अच्छी सरकारी सेवा व बेल्टबंद सरकारी सेवा आदि में जाने से पूर्ण वंचित हो गया। डाक्टर की कमी व लापरवाही के कारण पीड़ित को फिजिकली और मानसिक ओर आर्थिक रूप से नुकसान हुआ।

## नहर में गिरने से युवक की मौत

**जोधपुर।** तिंवरी के गगाड़ी पंपिग स्टेशन की जाली में मंगलवार सुबह एक युवक का शव फंसा हुआ मिला। युवक की पहचान रजाला सदरी निवासी राजेंद्र विश्नोई (35) के रूप में हुई। राजेंद्र देर रात नहर पर पानी पीने गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना लोहावट से एएसआई शैतानाराम पंवार और पुलिस थाना मथानिया से एएसआई मीठालाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर अस्पताल भिजवा दिया है। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस थाना लोहावट के अनुसंधान अधिकारी एएसआई शैतानाराम पंवार मामले की जांच कर रहे हैं।



## ट्रक लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले की झिनझिनयाली थाना पुलिस में सोलर कम्पनी के सामान से भरे ट्रक को रुकवाकर धमकियां देकर सामान लूट कर ले जाने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। वारदात के दो महीने बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। झिनझिनयाली थाना प्रभारी सज्जन सिंह ने बताया- दो महीने पहले की घटना में शामिल लोकेंद्र सिंह (20) व समुन्द्र सिंह (32) को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की। एसएचओ सज्जन सिंह ने बताया- बईया गांव में अडाणी सोलर एनर्जी बाड़मेर की साइट पर 600 मेगावाट प्रोजेक्ट का जीएसएस का निर्माण होना है। 26 जनवरी को जीएसएस का सामान एक ट्रक लेकर आ रहा था। बईया गांव पहुंचने पर अचानक बईया निवासी लोकेंद्र सिंह व अन्य ने ट्रक को रुकवाकर खलासी व ड्राइवर को जान से मारने की धमकियां दी।



### ▶▶ 2 महीने बाद पकड़ा

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार, झिनझिनयाली थानाधिकारी सज्जनसिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने अपने संसाधनों और तकनीकी मदद से आरोपियों की तलाश कर लोकेंद्र सिंह व समुन्द्र सिंह को पकड़ा। पुलिस दोनों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करेगी और पीसी रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। दोनों आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी सज्जन सिंह, कॉन्स्टेबल नवल सिंह, चन्दन सिंह, महेन्द्र सिंह व बाबूलाल शामिल रहे।

## जोधपुर : गलत इंजेक्शन लगाने से महिला की मौत

▶▶ जुकाम का इलाज करवाने गई थी महिला

**जोधपुर।** जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में एडमिट महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन और समाज के लोग महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में धरने पर बैठ गए। परिजनों का आरोप है की पूर्व में महिला आसिया बानो (35) ने प्राइवेट क्लीनिक में एक दिन पहले इलाज करवाया था। जहां पर उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया था। इसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल लाया गया था। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मौत के बाद धरना देना शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि मामले में डायमंड क्लिनिक संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिसने महिला को गलत इंजेक्शन लगाया। इसकी वजह से उसकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर महिला की मौत के बाद डाक्टर के खिलाफ परिजनों की ओर से उदय मंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं परिजनों के मोर्चरी में धरने पर बैठने की सूचना मिलने के बाद सरदारपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले को लेकर जानकारी ली।

## जैसलमेर : दो आरोपियों ने किया चिंकारा का शिकार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के मोहनगढ़ इलाके के वन विभाग की रेंज 113 आरडी में वन विभाग ने चिंकारा शिकार के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन सिंह ने बताया कि वन्यजीव पर्यावरण प्रेमियों ने सूचना दी कि दो व्यक्ति चक एक एसडीवाई पर चिंकारा का शिकार कर रहे है। इस पर तुरंत घटनास्थल पर वनकर्मी महेश, वनरक्षक एवं सुनील को मौके पर भेजा, जहां चिंकारा घायल अवस्था में था। दोनों आरोपियों लहरनाथ व भुट्टानाथ को गिरफ्तार किया गया।

### दोनों आरोपियों को कोर्ट ने रिमांड पर भेजा

घायल चिंकारा को वन्यजीव पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से मोहनगढ़ स्थित पशु हॉस्पिटल लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जैसलमेर पशु हॉस्पिटल लाया गया। जहां देर रात में चिंकारा की मौत हो गई। हिरण शिकार मामले में क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन सिंह एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरेश विश्नोई के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए दो आरोपी लहरनाथ व भुट्टानाथ निवासी लोहारों की ढाणी सांकड़ा के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं में मामला दर्ज किया। मामला दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें रिमांड पर भेज दिया।



## जोधपुर में थाने पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों पर मामला दर्ज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपु।** जोधपुर जिले के लूणी थाने के बाहर दो मार्च की रात को हुए प्रदर्शन के मामले में पुलिस की ओर से चार नामजद सहित तीन अन्य लोगों के खिलाफ भीड़ को उग्र कर सरकारी ड्यूटी कर रहे पुलिस जाब्ते के साथ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया गया है।



### ▶▶ प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल

बता दें कि लूणी थाने में बीते दिनों एक लड़की के गुम होने को लेकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दी गई थी। दो मार्च की शाम आठ के करीब लूणी थाने के बाहर 40-50 लोग इकट्ठा हो गए थे। उन्होंने लड़की के गुमशुदा होने के मामले में पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल हुई। थाने के बाहर मौजूद लोग थाने के अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। इस दौरान उनकी पुलिस से बहस भी हो गई। बाद में पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ा।

# व्यापार जगत

## मस्क की स्टारलिंक भारत में जल्द शुरू कर सकती सर्विस, क्या सस्ता होगा इंटरनेट

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की स्टारलिंक को जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष नियामक से मंजूरी मिल सकती है। बताया जा रहा है कि कंपनी सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल व्यक्तिगत संचार लाइसेंस हासिल करने के लिए अधिकांश प्रावधानों का पालन करने पर सहमत हो गई है, लेकिन सुरक्षा संबंधी कुछ आवश्यकताओं पर चर्चा चल रही है। संभावना है कि आने वाले दिनों में सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर सहमति बन जाएगी। स्टारलिंक करीब 100 देशों में अपनी इंटरनेट की सेवाएं दे रही है। सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने जरूरी डिटेल्स जमा कर दिया है। यह स्टारलिंक के लिए भारत में पहली नियामक मंजूरी होगी, जिसका लक्ष्य भारत में कॉमर्शियल ब्रॉडबैंड-फ्रॉम-स्पेस सेवाएं शुरू करना है। कंपनी उपयोगकर्ता टर्मिनलों के स्थानांतरण और उससे जुड़े प्रावधान का पालन करने के लिए सहमत हो गई है। कंपनी भारत में अपना नेटवर्क नियंत्रण और निगरानी केंद्र बनाने पर भी सहमत है। स्टारलिंक इस बात पर भी सहमत है कि वह यह भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे के माध्यम से डेटा रूट नहीं करेगा।




### इन प्रावधानों पर चल रही चर्चा

- मौजूदा नियमों के अनुसार कंपनियों के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार 10 किलोमीटर तक निगरानी सुविधाएं प्रदान करना अनिवार्य हैं।
- सूत्रों का कहना है कि अब सरकार विचार कर रही है कि स्टारलिंक को एलईए से जुड़ी शर्तों में छूट प्रदान की जाए या नहीं।

### जमीनी सीमा वाले देशों में कोई गेटवे नहीं

कंपनी का फिलहाल भारत के जमीनी सीमा वाले देशों में कोई गेटवे नहीं है, लेकिन कंपनी ने प्रतिबद्ध किया है कि भविष्य में जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे स्थापित करती है तो वह भारत से जुड़ा डेटा उनके माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। लेकिन, इस बार भी सुरक्षा के मोर्चों पर कई सारे प्वाइंट्स हैं, जिनको लेकर निरंतर चर्चा चल रही है। स्टारलिंक चाहती है कि भारत के साथ जल्द से जल्द सेवा शुरू करने वाले शर्तों पर आपसी सहमति बने, जिससे कि वह अपनी सेवा शुरू कर सके।

## रक्षा मंत्रालय से मिला 239 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट

▶▶ शेयर के बढ़ गए दाम

**मुंबई।** सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर 2% तक चढ़कर 9138.85 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी डील है। दरअसल, कंपनी ने मंगलवार, चार मार्च को कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने रक्षा मंत्रालय से 239 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। डील के तहत, सोलर डिफेंस और एयरोस्पेस एक साल के भीतर मल्टी-मोड हैंड ग्रेनेड डिस्ट्रिब्यूट करेगा। यह डील देश की सुरक्षा क्षमताओं में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण डिफेंस प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर फोकस है। सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड हाई क्वालिटी वाले डिफेंस प्रोडक्ट्स के निर्माण और आपूर्ति में सक्रिय है। बता दें कि इसस पहले 28 फरवरी को, सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया ने ऐलान किया था कि कंपनी ने अपनी सहायक कंपनी के साथ डिफेंस प्रोडक्ट्स की सप्लाई के लिए 2,150 करोड़ के ऑर्डर हासिल किए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा दिए गए ये ऑर्डर अगले छह सालों में पूरे होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन ने यह भी कहा कि घरेलू बाजार में मंदी के कारण वह FY25 के लिए पहले निर्धारित 30% रेवेन्यू बढ़ोतरी टारगेट को पूरा नहीं कर पाएगी। हालांकि, रक्षा रेवेन्यू वृद्धि स्थिर बनी हुई है, इसमें 5-10% का उतार-चढ़ाव हो सकता है। पिनाका ऑर्डर के एग्जिक्यूशन की समय-सीमा आठ-12 वर्ष होने का अनुमान है। उम्मीद से कम रेवेन्यू बढ़ोतरी के बावजूद कंपनी को मार्जिन में सुधार की उम्मीद है।



## ओयो का आ रहा आईपीओ, अगले छह से 12 महीने में होगा लॉन्च

**मुंबई।** शेयर बाजार के निवेशक इस साल में कई दिग्गज कंपनियों के आईपीओ का इंतजार कर रहे हैं। इस साल टाटा कैपिटल से लेकर एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, जेप्टो समेत के आईपीओ पाइपलाइन में हैं। इस बीच, खबर है कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की कंपनी ओयो का भी आईपीओ इसी साल लॉन्च होने को तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, ओयो होटल्स अगले छह से 12 महीनों के भीतर भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रहा है। मामले से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया, 'पिछली आठ तिमाहियों से हम लगातार मुनाफा दर्ज कर रहे हैं, इसलिए हम अगली दो-चार तिमाहियों में आईपीओ प्लान की घोषणा करने की स्थिति में हैं।' रितेश अग्रवाल के नेतृत्व में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर-आधारित स्टार्टअप ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 (FY24) में अपने 12 वर्षों के संचालन में अपना पहला पूर्ण वर्ष का शुद्ध लाभ दर्ज किया। ओयो ने FY23 में 1,286 करोड़ के नुकसान के खिलाफ FY24 में 229 करोड़ के टैक्स के बाद अपने लाभ की रिपोर्ट की। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 132 करोड़ का लाभ हुआ, दूसरी तिमाही में बढ़कर 158 करोड़ हो गया। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 166 करोड़ हो गया।

## क्यों नहीं संभल रहा बाजार, भारतीय शेयर मार्केट में गिरावट

**मुंबई।** घरेलू शेयर मार्केट में लगातार पांच महीने से गिरावट के ट्रैक पर है। लगातार गिरावट के मामले में इसने 29 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सोमवार को छठे महीने का खाता भी गिरावट के साथ खुला। निफ्टी ने पिछले साल 27 सितंबर को 26277.35 का शिखर बनाया था, वहां से यह सूचकांक 4273 अंक यानी 16 फीसदी गिर चुका है। वहीं, सेंसेक्स में 85,978.25 अंक के शिखर से 13200 अंक यानी 15 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2025 में हर दिन औसतन 2700 करोड़ रुपए की बिकवाली की है। आखिर घरेलू शेयर मार्केट क्यों गिर रहा है? सरल शब्दों में कहें तो, वैश्विक अनिश्चितता, घरेलू अर्थव्यवस्था में सुस्ती, कंपनियों के कमजोर नतीजे, FIIs की बिकवाली और रुपए की कमजोरी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को नीचे धकेल दिया है। भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के पीछे पांच मुख्य कारण सितंबर के बाद, नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बाजार का मूड सतर्क हो गया। चुनाव के बाद, डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ी, जिससे ट्रेड वॉर की आशंका और बढ़ गई। साथ ही, ट्रंप की नीतियों से अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, जो फेडरल रिजर्व के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। अब यह उम्मीद कम हो गई है कि फेड ब्याज दरें कम करेगा। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कम ब्याज दरों का दौर खत्म हो गया है और अब लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची रह सकती हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत ने विदेशी निवेशकों को चिंतित कर दिया, जो भारत को वैश्विक मंदी के बीच एक उज्ज्वल स्थान मान रहे थे। भारत की जीडीपी लगातार तीन तिमाहियों (Q4FY24 से Q2 वित्त वर्ष 2025) में गिरावट के साथ रही। Q3 वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी विकास दर 6.2% रही, जो Q4FY23 के बाद सबसे कम है। कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वित्त वर्ष 2025 की जीडीपी ग्रोथ रेट आरबीआई और एनएसओ के अनुमान से कम रह सकती है। भारतीय कंपनियों ने Q1, Q2 और Q3 में निराशाजनक नतीजे पेश किए। घरेलू निवेशकों के समर्थन से शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था, लेकिन कंपनियों के कमजोर नतीजों ने बाजार को गिरावट की ओर धकेल दिया।



## आप का राशिफल 5 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

# नॉकआउट मैच के दबाव से पार पाने उतरेंगे द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड




**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम का सामना सेमीफाइनल में बुधवार को न्यूजीलैंड से होगा। यह दोनों ही टीमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करती हैं, लेकिन बड़े मैचों में दबाव में आ जाती हैं। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी, लेकिन न्यूजीलैंड के ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में भारत से हार मिली थी। मिचेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा।

## बराबरी पर दिख रही दोनों टीमें

कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमशः 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है। दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम) के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया था।

## स्पिनरों की भूमिका रहेगी अहम

दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले साल टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल की बाधा पार करने में सफल रही थी, लेकिन उसे फाइनल में भारत ने हराया था। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम पर खेला जाएगा। लाहौर की पिच थोड़ी धीमी है, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती है। दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि मामूली बढ़त दिख रही है। दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच मैच में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि लाहौर की धीमी पिच को देखते हुए दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा थीं और इन दोनों को ही हाल में पाकिस्तान की पिचों पर खेलने का अच्छा अनुभव है। न्यूजीलैंड पिछले महीने पाकिस्तान में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज कर चुकी है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।

## न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय सीरीज में दर्ज की थी जीत

न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय सीरीज को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। लाथम 187 रन के साथ टूर्नामेंट में अब तक न्यूजीलैंड के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी करने में सफल रहे। गेंदबाजी में मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर भी कमाल दिखाया और वह आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें विलियम ओ रुर्के (छह विकेट) का भी अच्छा साथ मिला है। कप्तान सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन के रूप में न्यूजीलैंड के पास अच्छा स्पिन आक्रमण है। दक्षिण अफ्रीका भी शानदार फॉर्म में है। इस टीम ने टूर्नामेंट में अपनी सबसे बेहतरीन टीमों में से एक को मैदान में उतारा है। शतकीय पारी खेलने वाले रेयान रिकेल्टन शानदार फॉर्म में हैं, जबकि तेम्बा बावुमा, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मार्करैम जैसे खिलाड़ियों ने भी बल्ले से योगदान दिया है। वियान मुल्डर, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन, केशव महाराज और तबरेज शम्सी जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से दक्षिण अफ्रीका

## दोनों टीमें इस प्रकार

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विलियम ओ रुर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करैम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

# बाबर-रिजवान को किया बाहर




**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम में सर्जरी शुरू हो गई है। यह टूर्नामेंट पाकिस्तान की ही मेजबानी में खेला जा रहा है। मगर यह मेजबान पाकिस्तान टीम पांच दिन के अंदर ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। चैंपियंस ट्रॉफी वनडे फॉर्मेट में खेली जा रही है। टूर्नामेंट में पाकिस्तानी टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने संभाली थी। अब पाकिस्तान टीम न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी।

## टी20 सीरीज़ में सलमान अली को सौंपी कप्तानी

इसके लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वनडे और टी20 दोनों सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। मगर इसमें बड़ी खबर यह है कि टी20 टीम से रिजवान और बाबर आजम को बाहर कर दिया है। रिजवान की जगह टी20 सीरीज में सलमान अली आगा को कप्तानी सौंपी गई है। जबकि शादाब खान उपकप्तान बने हैं। हालांकि वनडे सीरीज में रिजवान ही कप्तानी संभालेंगे। इस सीरीज में बाबर आजम भी खेलते नजर आएंगे। न्यूजीलैंड दौरे पर सबसे पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसका आगाज 16 मार्च को होगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बाद पहला टी20 मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

## मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद

- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा, 'पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।' पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया।

## पाकिस्तानी टीम

**टी20 टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन नवाज, जहांदाद खान, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हारिस, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम और उस्मान खान

**वनडे टीम:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान अली आगा (उप-कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम-उल-हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सुफयान मोकीम और तैयब ताहिर। टी20 के बाद एक विकेटकीपर/बल्लेबाज को वनडे टीम में शामिल किया जाएगा।

एशियाई चैंपियंस लीग

# रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला।



40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गए मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

# लखनऊ के घरेलू मैदान पर हारी यूपी, गुजरात 81 रन से जीती

**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स ने लखनऊ के एकाना स्टेडियम में यूपी वारियर्स को 81 रन से हराकर सीजन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। यूपी का यह घरेलू मैदान पर पहला मुकबाला था लेकिन उनकी टीम जीत हासिल नहीं कर पाई। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित गुजरात जायंट्स ने बेथ मूनी के 59 गेंदों पर 96 तो हरलीन देओल के 32 गेंदों पर 45 रन की बदौलत 186 रन बनाए थे। जवाब में यूपी की टीम 105 रन ही बना पाई। ग्रेस हैरिस 25 तो हेनरी 28 रन बना सकी। गुजरात की ओर से काशवी और तनुजा ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि डॉटिन ने 14 रन देकर दो विकेट लिए।

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में मनोज यादव ने दिखाया दम, दिल्ली में जीता पदक

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन) की तरह खेले जाने वाले खेल एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) में बरेली के मनोज यादव ने दिल्ली में पदक जीता है। नए तरह के इस खेल के वह यहां पर एकमात्र खिलाड़ी हैं। दिल्ली में 25 से 28 फरवरी तक हुई एमएमए प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा के राजेश पुजारी को हराकर पदक जीता है। अधिकतर विदेशों में खेले जाने वाले एमएमए में मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, कराटे और बॉक्सिंग की तकनीक का प्रयोग होता है। इसमें



खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देकर जीतता है। इसकी प्रतियोगिता बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) के नाम से महाराष्ट्र में करवाते हैं। इस खेल में खिलाड़ी अक्सर चोटिल हो जाते हैं। इसलिए कम खिलाड़ी ही इसमें हाथ आजमाते हैं।

# भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही। इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल



करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है।'

## म नो रं ज न

# कार्तिक के फैमिली फंक्शन में शामिल हुई श्रीलीला



कार्तिक आर्यन और श्रीलीला जल्द अनुराग बसु के डायरेक्शन में बन रही रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल में फिल्म की पहली झलक सामने आई थी जिसे देखने के बाद फिल्म का इंतजार हो रहा है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ रोमांस करते दिखेंगे। अब दोनों की ये ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री ऑफ स्क्रीन भी नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें श्रीलीला कार्तिक आर्यन के फैमिली फंक्शन में डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्टर उन्हें अपने फोन के कैमरे में रिकॉर्ड कर रहे हैं। दरअसल, कार्तिक आर्यन की बहन कृतिका तिवारी के मेडिकल करियर में सफलता मिलने पर छोटा फंक्शन का आयोजन किया गया था। इस फंक्शन में श्रीलीला एक्टर के साथ शामिल हुई। वीडियो में श्रीलीला पुष्पा 2 के गाने "किस्सिक" का हुक स्टेप भी करती हैं, लेकिन जैसे ही पार्टी में "मस्त कलंदर" बजता है, वह हंसी में रुक जाती हैं और क्यूट तरीके से साइड हो जाती हैं। यह पल देख कर कार्तिक भी हंसते हुए नजर आते हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद दोनों के अफेयर की खबरें तेज हो गई हैं। एक यूजर ने लिखा, 'श्रीलीला-कार्तिक के घर तक पहुंच गई हैं, मतलब उनकी मम्मी को लड़की पसंद है', एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कार्तिक को इतना शरमाते हुए नहीं देखा है', एक और यूजर ने लिखा, 'अशिक अपनी आशिकी के साथ।' बता दें, कार्तिक और श्रीलीला की फिल्म इस दीवाली में थिएटर पर दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में एक्टर एक रॉकस्टार के किरदार में दिखेंगे। हाल में टीजर सामने आया था जिसमें एक्टर के लुक्स की खूब चर्चाएं हुईं। उन्हें बढीं हुई दाढ़ी में देखा गया था। इस फिल्म में एक्टर एक आशिक बने नजर आएंगे।

# ऋतिक रोशन को डांस में टक्कर देंगे जूनियर एनटीआर



ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' में देखने का इंतजार हो रहा है। हाल में ऋतिक ने खुलासा किया था कि फिल्म में उनके और जूनियर एनटीआर के बीच एक जबरदस्त डांस-ऑफ शूट होने वाला है। इस डांस-ऑफ में दोनों लीड एक्टर्स एक दूसरे को टक्कर देते दिखेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये डांस-ऑफ का आईडिया डायरेक्टर अयान का नहीं बल्कि प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा का था। दोनों एक्टर्स के बीच एक डांस-ऑफ होना फिल्म देखने वाली ऑडियंस के लिए बड़ा सरप्राइज है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक और जूनियर एनटीआर का डांस-ऑफ चार मार्च से यशराज स्टूडियोज, अंधेरी में शूट किया जाएगा। यह सीन 'वॉर 2' के क्लाइमेक्स का हिस्सा बताया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस डांस-ऑफ का आइडिया फिल्म के प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा का था, जिन्हें लगा कि दोनों सुपरस्टार्स के बीच डांस मुकाबला फिल्म का सबसे बड़ा हाइलाइट बन सकता है। इसके बाद आदित्य और अयान ने इस सीन को कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस के साथ मिलकर तैयार किया।

# 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर




दिग्गज एक्टर अनुपम खेर एक और फिल्म लेकर हाजिर हैं। उनकी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में अदा शर्मा, ईशा देओल और इश्वाक सिंह जैसे स्टार्स हैं। फिल्म को विक्रम भट्ट ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के ट्रेलर को फैंस पसंद कर रहे हैं। इस ट्रेलर में इंटेंस ड्रामा देखने को मिलेगा। दो मिनट 51 सेकंड के इस ट्रेलर में अनुपम खेर अहम रोल में नजर आ रहे हैं। वो मर्डर के आरोप में फंसे हैं और वो खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं अदा शर्मा का कैरेक्टर अपने पति के सपने को पूरा करने में मदद करती हैं। अदा के पति IVF क्लिनिक खोलना चाहते हैं लेकिन उन्हें जज किया जा रहा है और कोई भी सपोर्ट नहीं कर रहा है। वहीं ईशा देओल वकील के रोल में नजर आई हैं। रिपोर्ट्स हैं कि ये फिल्म डाक्टर अजय मुर्डिया के ऊपर बेस्ड है। डाक्टर अजय मुर्डिया फर्टिलिटी क्लिनिक इंदिरा IVF के फाउंडर हैं। बता दें कि ये फिल्म 21 मार्च को रिलीज होनी है। फिल्म थिएटर में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- सुपरस्टार अनुपम खेर की ब्लॉकबस्टर फिल्म। वहीं एक यूजर ने इश्वाक सिंह की तारीफ करते हुए लिखा- इश्वाक सिंह बहुत अंडररेटेड एक्टर हैं। उनकी इस फिल्म में परफॉर्मेंस देखने के लिए एक्साइटेड हूं। एक यूजर ने अदा शर्मा की एक्टिंग की भी तारीफ की। मालूम हो कि ईशा देओल लंबे अरसे के बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं।

# रवीना टंडन ने पैपराजी को गिफ्ट किए अपने सोने के इयररिंग्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अपनी दरियादिली और नेक दिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस का दिल छू लिया। मुंबई एयरपोर्ट पर रवीना अपनी बेटी राशा के साथ नजर आईं, जहां पैपराजी के साथ उनकी बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपनी सोने की इयररिंग्स उन्हें गिफ्ट कर दीं। यह खूबसूरत वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रवीना टंडन की इस दरियादिली फैंस तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस पैपराजी से बातचीत करती नजर आ रही हैं। बाद में वो पूछती हैं कौनसा इयररिंग्स अच्छा लगा और अपने कान से उतार कर पैपराजी को पकड़ा कर चली जाती हैं। ये वीडियो पसंद किया जा रहा है। इससे पहले भी रवीना ने अपनी शादी के सोने के कंगन एक सामूहिक विवाह में दान किए थे, जो उनकी दरियादिली दिखा रहा है। रवीना की इन दोनों दान की घटनाओं ने फैंस का दिल जीत लिया है। रवीना टंडन बॉलीवुड की ऐसी एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अपने सामाजिक कार्यों और दान पुण्य को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस का करियर भी काफी दिलचस्प है। वह अभी भी अपनी फिल्मों के लिए काम कर रही हैं और अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन और स्टाइल के मामले में भी आगे रहती हैं। रवीना टंडन के फैंस को उनके अगले प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। एक्ट्रेस 'वेलकम टू जंगल' फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में रवीना के साथ अक्षय कुमार, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, जॉनी लीवर जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म की कहानी एक शानदार एडवेंचर पर आधारित होगी। रवीना का इस फिल्म में एकदम नए किरदार में दिखेंगी। फिल्म दिसंबर में रिलीज होगी।

# रोमांटिक गीत के लिए साथ आए ईशान खट्टर-तारा सुतारिया



ईशान खट्टर और तारा सुतारिया बॉलीवुड अब एक साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। प्रशंसक जल्द ही इस नई जोड़ी को साथ देख सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईशान खट्टर और तारा सुतारिया जल्द ही एक आगामी म्यूजिक वीडियो में अभिनय करेंगे, जिसमें रितो रीबा और श्रेया घोषाल की आवाजें होंगी। काफी दिनों से ईशान और तारा की किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आने की खबरें थीं। हालांकि, यह तय हो गया है कि ईशान खट्टर और तारा सुतारिया, रितो रीबा और श्रेया घोषाल के आने वाले गाने में साथ नजर आएंगे।

प्ले डीएमएफ के तहत अंशुल गर्ग द्वारा निर्मित इस रोमांटिक ट्रैक को कश्मीर की शानदार बैकग्राउंड पर फिल्माया गया है। इस गाने के लिए प्रशंसकों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि यह गाना सात मार्च, को रिलीज होने वाला है। सोशल मीडिया पर फैंस इसे लेकर खुशी जाहिर कर रहे हैं।

# तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का हुआ ब्रेकअप !



तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक बार फिर सुर्खियों का हिस्सा बन गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई सालों तक डेट करने के बाद इस कपल ने अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। ब्रेकअप की खबरों के बाद तमन्ना और विजय ने अपने इंस्टाग्राम से साथ की फोटोज भी डिलीट कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक तमन्ना और विजय कुछ हफ्तों पहले ही अलग हो गए थे। उन्होंने अभी ब्रेकअप पर चुप्पी साधी हुई है। इन दोनों के फैंस ये खबर सुनकर बहुत दुखी हैं क्योंकि वो तमन्ना और विजय की शादी का इंतजार कर रहे थे। जहां भी दोनों साथ में स्पॉट होते थे वहीं सब उनसे शादी के प्लान्स के बारे में ही पूछते थे। बता दें तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा दोनों के ही इंस्टाग्राम पर अब दोनों की साथ में फोटोज नहीं हैं। साथ की फोटोज डिलीट होने के बाद से ही ब्रेकअप की खबरों को हवा मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विजय और तमन्ना कई हफ्तों पहले अलग हो गए थे लेकिन दोनों ने मिलकर प्लान किया है कि वो हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। तमन्ना और विजय दोनों अपने काम पर फोकस कर रहे हैं।

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने 'लस्ट स्टोरीज 2' के प्रमोशन के दौरान अपना रिलेशनशिप पब्लिक किया था। विजय ने एक बार बताया था कि वे अपने रिश्ते को छिपाते नहीं हैं, लेकिन फिर भी वे अपनी प्राइवेसी को वैल्यू देते हैं और हज़ारों फोटोज सिर्फ अपने लिए रखते हैं।

# वार्षिकोत्सव में दिखा उत्साह, दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, विशिष्ट अतिथि वोवेश्वर मठ के रूपपुरी महाराज, ललित भारती महाराज एवं अधिशाषी अधिकारी शिवगंज विनीता प्रजापत के सानिध्य में आयोजित किया गया। संस्था सचिव जेठाराम कुमावत ने बताया कि अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गीतों पर एकल व सामुहिक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर कार्यं म में समा बांधा गया। संस्था प्रधान भगवती कंवर ने बताया कि इस से पूर्व भामाशाह अमृतलाल, पूर्व पार्षद पेपीबाई, वीणा देवड़ा, ज्ञानचंद्र ठेकेदार, राजूभाई ठेकेदार, लादाराम माली आदि का माला-साफा पहनाकर व मोमेंटो व गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा बिना जीवन अधूरा है। उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छे औहदे पर बैठकर सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यं म मे विद्यालय स्टाफ प्रभारी शिल्पा, संगीत अध्यापिका करीनाकंवर, पूजा कुमावत, अध्यापक सोहनलाल, विं मकुमार, कुणाल चौहान, अशोक कुमावत, अशोक लौहार, सूरज कुमावत, लक्ष्मण कुमावत आदि का विशेष सहयोग रहा।

**नाडोल।** विश्व भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हीरालाल मेरावत एवं विशिष्ट अतिथि नितिन राजपुरोहित रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मोहनसिंह राजपुरोहित, प्रधानाचार्य कार्तिकेयसिंह राजपुरोहित, प्रधानाध्यापक दक्षा राणा, सह व्यवस्थापक गौरव राजपुरोहित एवं चित्रांश राजपुरोहित का सान्निध्य रहा। सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, संगीत, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्य' मों की प्रस्तुति दी गई।





**बाली।** हुलासीबाई बस्तीमल सिरोया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाली में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य मदनलाल सुथार ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यं म की शुरुआत की। 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।



**नारलाई।** कस्बे में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभुदास वैष्णव के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष ढलाराम सरगरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यं म संयोजक गुलाबसिंह राणावत का आतिथ्य रहा। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यं म की प्रस्तुति दी। कक्षा 8 के 35 छात्र/छात्राओं को माला पहनाकर एवं श्रीफल, कॉपी व पेन देकर विदाई दी गई। भामाशाह गणपत जोशी, भरत माली एवं दिवंगत सज्जनसिंह गहलोत परिवार का सहयोग रहा। गणमान्य अभिभावकों ने नकद राशि से विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर हौंसला आफजाई की। इस अवसर पर निर्मल कुमावत, पूर्व वार्डपंच फकीर मोहम्मद, श्रीमती रतनदेवी, शक्ति सिंह राठौड़, अशोक दमामी, विद्यालय परिवार के सर्वेश दवे, अतुल परिहार, हरदीपसिंह, नरपतराम, रविन्द्र कटारिया, तसनीम बानू, बीना मीना, भव्य मूलचंदानी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य गुलाबसिंह राणावत ने शिक्षकों एवं अभिभावकों से सब मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं विद्यालय विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। मंच संचालन प्रकाश मोबारसा ने किया।

## गिव-अप अभियान की अवधि 31 मार्च तक बढ़ी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चयनित अपात्र लाभार्थियों की ओर से स्वेच्छा से योजना का लाभ त्यागने के लिए चलाए जा रहे 'गिव-अप अभियान' की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 मार्च, 2025 निर्धारित की गई है। जिला रसद अधिकारी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि 'गिव-अप अभियान' के अंतर्गत योजना का लाभ स्वेच्छा से त्यागने के लिए खाद्य विभाग की वेबसाइट के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सक्षम अथवा अपात्र लाभार्थी उचित मूल्य दुकान से भी आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। यदि सक्षम अथवा अपात्र लाभार्थी 31 माच तक स्वेच्छा से 'गिव-अप अभियान' के अंतर्गत योजना का लाभ त्यागने के लिए आवेदन नहीं करते हैं तो 30 मार्च, 2025 के पश्चात् उनसे 27 रूपये प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से विभागीय नियमानुसार वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

### इ-केवाइसी करवाने की अंतिम तिथि भी 31 मार्च

उन्होंने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में चयनित लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी की अंतिम तिथि भी 31 मार्च, 2025 निर्धारित की गई है। यदि लाभार्थी इस निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी नहीं कराते हैं तो निर्धारित तिथि पश्चात् योजना से उनका नाम हटा दिया जाएगा। ई-केवाईसी का कार्य नजदीकी उचित मूल्य दुकान पर निःशुल्क किया जा रहा है। राशन कार्ड में आधार सीडिंग का विकल्प उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी के पास उपलब्ध है। उपभोक्ता संबंधित उपखण्ड कार्यालय, पंचायत समिति या नगरीय निकाय कार्यालय में जाकर राशन कार्ड में आधार सीडिंग कराई जा सकती है।

## राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष आज जिले के दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यं म के तहत बुधवार को आउवा आएंगे। कार्यं म के अनुसार लखावत बुधवार को प्रातः 7 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 11 बजे आउवा (मारवाड़ जंक्शन) पहुंचेंगे। वे यहां 1857 स्वतंत्रता संग्राम से संबंद्ध पैनोरमा का निरीक्षण करेंगे। वे सवेरे 12.30 बजे आउवा से जालोर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष रका किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जीवाणा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जीवाणा पहुंचने पर मुख्य चौराहे पर धवेशा काम्प्लेक्स में फूलों की बरसात कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। राजपुरोहित ने मां बायोसा मंदिर में दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इसी तरह बावतरा में भी वांकल माता मंदिर व कैवाय माता मंदिर में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजपुरोहित का स्वागत किया गया। राजपुरोहित ने कैवाय माता व वांगल माता मंदिर में दर्शन कर खुशहाली की कामना की। भाजपा मण्डल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, मण्डल महामंत्री डायालाल राजपुरोहित, जीवाना सरपंच उत्तमसिंह धवेशा, बावतरा सरपंच पारस मल राजपुरोहित, खेतसिंह, ताराचंद राजगुरु, भोपालसिंह, दलपत सिंह दहिवा, जीतूसिंह दुदवा, भीमसिंह, उकसिंह दहिया, राजगुरु, चेनसिंह राजपुरोहित, रानसिंह दहिया, मुकेश कुमार, महिपालसिंह, भट्टा राम गर्ग, त्रिलोक चौधरी, ईश्वरलाल सरगरा, डालूराम, भीमाराम प्रजापत सहित कई जने मौजूद थे।

## किसान रजिस्ट्रीकरण शिविर आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रामसीन।** ग्राम पंचायत पुनककलां में राज्य सरकार द्वारा तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्रीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भू अभिलेख निरीक्षक सज्जनसिंह चारण की ओर से शिविर में उपस्थित किसानों को इस शि विर के महत्व के बारे में बताया तथा किसानों की समस्याओं का निराकरण कर किसानों को पंजीकरण करवाने को कहा गया। ग्राम विकास अधिकारी बलवंताराम भांदु ने बताया जिन किसानों का पंजीकरण हुआ उनके पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंच जमनादेवी माली, पटवारी ओरमती, केवाराम देवासी, कनिष्ठ लिपिक मुकेश काबावत, उपसरपंच किरतसिंह वार्डपंच नाथुसिंह परमार, थानाराम भील, कांतिलाल सुथार, नरेश कुमार प्रजापत, हंसाराम हीरागर, जुजाराम मेघवाल पुनक, डूंगरसिंह, जोरसिंह, महेन्द्रसिंह पुनकखुर्द, विरकाराम, चमनाराम, माधाराम देवासी रतपुरा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को अपने जीवन में संस्कार एवं अनुशासन अपनाने के लिए किया प्रेरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** स्थानीय संस्कार विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई एवं आशीर्वाद समारोह शिक्षाविद् कांतिलाल शर्मा, भामाशाह जालम सिंह, पवन स्वामी राज पटेल विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय पावली की उपस्थत में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें दसवीं बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को पवन कुमार स्वामी द्वारा श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं तिलक मौली से उज्ज्वल भविष्य के लिए विदा किया गया। शिक्षाविद् कांतिलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में संस्कार एवं अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया एवं अपने गांव माता-पिता विद्यालय का नाम रोशन करने पूर्व कीर्तिमान को स्थापित रखने व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संस्था प्रधान ने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने तथा परीक्षा के समय स्वास्थ्य का ध्यान रखना के बारे में निर्देश दिए। अध्यापक सुरेश कुमार प्रजापत ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में आत्मविश्वास एवं धैर्य से परीक्षा का पेपर हल करने के लिए बताया। अपने लक्ष्य को ध्यान मे रखकर निरन्तर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। परीक्षा प्रभारी नटवर लाल ने जीवन मे अनुशासित व संस्कारवान बने रहने का कहा।परीक्षा के समय परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय पर व आवश्यक परीक्षा सामग्री साथ ले कर जाने को बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से समस्त परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। मंच का संचालन मगनलाल जीनगर के द्वारा किया गया। इस दौरान नटवरलाल प्रजापत, दिनेश कुमार, जीनल कुमारी, सोनिया जीनगर, लीला देवी, महिला मण्डल से बसकोरी देवी, मंजुला देवी, अलका देवी, फैंसी देवी, मंजु बेन सहित आदि मौजूद रहे।

## नहर में मिले शवों की नहीं हुई शिनाख्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** छजारा गांव में नर्मदा नहर की वांक माइनर में युवक और युवती के अर्धनग्न शव मिलने के बाद में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार उक्त शव चार-पांच दिन पुराने बताया जा रहे हैं। दोनों की शिनाख्त नहीं हुई है। हालात के मुताबिक प्रेमी-प्रेमिका बताए जा रहे हैं। एएसआई हुसैन खान के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शवों को बाहर निकाला और सांचौर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया है। शव सड़-गल जाने से देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई। युवती के सिर पर एक भी बाल नहीं है। युवक ने पेंट पहन रखा है। पुलिस ने बताया कि दोनों मृतकों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच में प्रतीत होती है। दोनों के हाथ आपस में एक पतली डोरी से बंधे हुए थे जो बाहर निकलते समय टूट गई थी। महिला और पुरुष नंगे बदन है। गुजरात की सीमा से 7-10 किलोमीटर भीतर यह स्थान है। इसलिए संभावना है कि गुजरात में ये नहर में गिरे हो या आत्महत्या की हो। दोनों मृतकों की डेड बॉडी को बाहर निकाल कर सरकारी हॉस्पिटल रखवाई गई हुलिया मृतक पुरुष उम्र करीब 20-25 साल, हाथ पर अंग्रेजी में ए वी एच राज लिखा हुआ है व गले में पीली धातु की चैन जिसमें ओ आकृति का लोकेट लगा हुआ है। हुलिया मृतक महिला- उम्र करीब 20-25 साल, छाती पर गुजराती में आशा लिखा हुआ है व गले में पीली धातु की चैन जिसमें ओ आकृति का रेकेट लगा हुआ है।

## दुग्ध समितियों पर वितरित किया 4 लाख 78 हजार का लाभांश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**रानीवाड़ा।** जालोर- सिरोही जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. रानीवाड़ा डेयरी रानीवाड़ा की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में संघ की कबीर महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. रूपावटी खुर्द एवं मेड़क कलॉ दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. मेड़क कलॉ द्वारा अपने दुग्ध उत्पादकों को क्रमशः 247216 एवं 231042 रुपए भावान्तर / लाभांश वितरण किया गया। का कार्यक्रम में संघ के पीएण्डआई प्रभारी जवानसिंह बालावत की ओर से सहकारिता की उपयोगिता एवं फायदों के साथ ही संघ एवं समितियों की गतिविधियों व दुग्ध उत्पादन लागत में कमी कर उत्पादकता वृद्धि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जालोर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक शाखा रानीवाड़ा के प्रबंधक जितेन्द्रसिंह शेखावत ने सहकारिता एंव बेंकिग प्रणाली से दुग्ध उत्पादको को अवगत करवाया । संघ के गुण नियन्त्रण प्रभारी प्रकाश श्रीवास्तव, संयन्त्र प्रभारी डूंगाराम जीनगर, गजेन्द्रसिंह, रघुवीरसिंह, राहुल कुमार, को-ऑपरेटिव बैंक रानीवाड़ा के ऋण पर्यवेक्षक गणपतसिंह रूपावटी खुर्द समिति के सचिव जेठाराम व मेड़क कला समिति के सचिव मगसिंह, समिति अध्यक्ष गुमानसिंह के साथ ही दोनों ही समितियों पर सैकडों की संख्या मे महिला एवं पुरुष दुग्ध उत्पादक सदस्य उपस्थित रहे । कार्यं म में मंच संचालन उमरावसिंह जोधा द्वारा किया गया।

## 36 ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों को अब 11 अंकों की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर जिले में 5 से 7 मार्च तक बादनवाड़ी, थांवला, सेदरिया बालोतान, सामुजा, बालवाड़ा, तड़वा, रायपुरिया, केशवना, सुराणा, थलवाड, डाबली, विराणा, राजीकावास, रामसीन, तवाव, पुरण, सेवड़ी, वाडा नया, बागोड़ा, नवापुरा ध्वेचा, नया मोरसीम, राह, कावतरा, लुणावास, जालेरा खुर्द, सेवाड़ा, जोडवास, रोपसी, नैनोल, जैलातरा, कारोला, सरवाना, जोरादर, भीमगुड़ा, सांगडवा व केसूरी ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## संपूर्ण भारत में होलाष्टक का दोष नहीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** दर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि सामान्यतः फाल्गुन माह की शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक शुभ कार्य का त्याग कर देना चाहिए, परंतु ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार विपाशा, ईरावती, शतद्रुम ये तीन नदियां देश के पश्चिम विभाग में प्रसिद्ध हैं। इन नदियों के दोनों किनारे वाले प्रदेशों (होशियारपुर, गुरूदासपुर, मण्डी, कांगड़ा, सुल्तान, कपूरथला, लाहौर, अमृतसर, मुल्तान जिला, फिरोजपुर, शिमला, मावलपुर लुधियाना) में और त्रिपुष्कर देश (पुष्कर , अजमेर) में होलिका के आठ दिनों में विवाह आदि शुभ कर्म नहीं करना चाहिए। अर्थात् अन्य प्रदेशों में शुभ कार्य वर्जित नहीं है। शास्त्री ने बताया कि होलाष्टक के दौरान किए गए उपाय और अच्छे कार्य जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। विशेष रूप से आर्थिक परेशानी को दूर करने में मददगार होते हैं। होलाष्टक के दौरान घर की सफाई करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस समय पुराने बर्तन, कपड़े और टूटी-फूटी चीजों को घर से बाहर निकालें। साथ ही, घर के हर कोने में गंगाजल छिड़कें। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और घर में शांति का वातावरण बनेगा। यदि कोई व्यक्ति आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा हैं तो होलाष्टक में किसी जरूरतमंद को गुड़,धनिया और धन का दान करना शुभ होता है। इसके साथ ही इस दौरान देवी लक्ष्मी की पूजा करके उन्हें प्रसन्न करने के उपाय किए जा सकते हैं, जिससे वित्तीय संकट दूर हो सकता है।

**होलाष्टक 6 मार्च को 10.52 से शुरू होकर 14 मार्च को दोपहर 12.25 तक रहेगा**

# विधानसभा में आसन के अपमान पर बोले राठौड़, यह कांग्रेस की सोच का नतीजा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ पहुंचे बसंत के सिद्ध पीठ काली कल्लाजी धाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व के चलते प्रदेश में अपराधों के ग्राफ में गिरावट आई है। वे बसंत गांव की सरहद स्थित सिद्ध पीठ काली कल्लाजी धाम पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के राज में प्रदेशभर में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा था एवं कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी थी। आमजन ने इस सरकार को उखाड़ फेंका एवं भाजपा के हाथों में प्रदेश का नेतृत्व सौंप दिया। भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व से प्रदेश में अपराधों में गिरावट में गिरावट दर्ज होने लगी एवं अपराधियों की त्वरित धरपकड़ हुई। हाल ही में विधानसभा में गतिरोध के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने विधानसभा आसन का अपमान किया है। जो कांग्रेस की सोच को दर्शाता है।



**कल्लाजी धाम पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का कल्लाजी धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं, भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की ओर से ढोल ढमाकों व कल्लाजी राठौड़ के जयकारों के बीच पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महिलाओं ने मंगलगीत के बीच कंकुम तिलक कर स्वागत किया।

### दर्शन पूजन कर की खुशहाली की कामना

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने धाम पर वीर कल्लाजी राठौड़ के दर्शन पूजन किए। प्रदेशभर में खुशहाली की कामना की। गादीपति जब्बरसिंह राजपुरोहित ने भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर राठौड़ का स्वागत अभिनंदन किया। इससे पहले राठौड़ ने बसंत गांव में एक शादी समारोह में भी शिरकत की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, वरिष्ठ नेता करणसिंह नेतरा, संजय ओझा, भरतसिंह राजपुरोहित, प्रकाशसिंह राजपुरोहित, कन्हैयालाल रायगुरु, अमृत परिहार, कैलाश सुथार, छगनलाल सैन, सुमेरपुर सीओ जितेंद्रसिंह राठौड़,तखतगढ, थानाधिकारी प्रवीणकुमार आचार्य भी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### शराब तस्करी का वांछित गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बाड़मेर के सांजटा निवासी श्रवण कुमार पुत्र सवाईराम जाट को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि रीको पुलिस ने गत 15 फरवरी को मावल चौकी पर कार्यवाही को अंजाम दिया था। मिनी ट्रक से पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के 385 कार्टन बरामद किए थे। साथ ही दिनेश कुमार व पुखराज को गिरफ्तार किया था। अनुसंधान के दौरान संलिप्त आरोपी श्रवण कुमार को नामजद किया गया। उसकी गिरफ्तारी को विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपी की दस्तयाबी के लिए आसूचना संकलित कर तकनीकी के माध्यम से आरोपी को लोकेट किया गया। टीम द्वारा बाडमेर डीएसटी के सहयोग से आरोपी को दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया।



### बाल आधार नामांकन को बढ़ाने के लिए मांगे आवेदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिले में बाल आधार नामांकन को बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा जिले की चयनित 37 भू-अभिलेख क्षेत्रों यथा सिरोही शहर, मेर मण्डवाड़ा, जावाल, अनादरा, मण्डार, आबूरोड, आबूपर्वत, शिवगंज, पिण्डवाड़ा आदि (शहरी एवं ग्रामीण सम्मिलत) में सीईएलसी (5 वर्ष से छोटे बच्चों के आधार नामांकन के लिए) केन्द्रों के आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। इन केन्द्रों पर आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने के लिए रजिस्ट्रार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) के अधीन नामांकन एजेंसी (राजकॉम्प इन्फो सर्विसिज लिमिटेड) के माध्यम से किया जाएगा। संयुक्त निदेशक गोविन्द टी चौधरी ने बताया कि जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में यूआईडीएआई, नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान द्वारा निर्धारित निर्बन्धनों एवं शर्तो अनुसार कार्य करने का इच्छुक है वह 10 से 17 मार्च तक अपनी एसएसओ आई. डी. के माध्यम से लॉगिन कर राज आधार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। व्यक्ति के पास आवेदन करते समय न्यूनतम पात्रता होनी आवश्यक है यथा 10वी. उर्तीण, आधार सर्टिफाईड ऑपरेटर प्रमाण पत्र (01.04.2024 से अधिक पुराना ना हो), ई-आधार कार्ड, इत्यादि। पात्रता एवं सीएलसी के लिए चयनित भू-अभिलेख क्षेत्रों की सूची तथा पूर्ण विज्ञप्ति एवं शर्ते जिले की वेबसाइट व जिला/ब्लॉक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन संबंधी अन्य जानकारी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के जिला/ ब्लॉक स्तरीय कार्यालय में भी संपर्क कर सकते है।

## लीला मोरिया अभियान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** भाखर भीतरोट विकास मंच के तत्वावधान में 5 से 10 मार्च तक लीला मोरिया अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान को भाखर और भीतरोट के गांवों में चलाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य वन अधिकार कानून के अंतर्गत व्यक्तिगत अधिकार, सामुदायिक अधिकार की प्रकिया और फॉलोअप, सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत राशन, पेंशन, नरेगा और पालनहार जैसी अन्य योजनाओं के बारे मे समुदाय को जागरूक करना, वंचित लोगों से उनकी पहुंच बनें इसके लिए रैली, प्रभात फैरी, समुदाय बैठक, पंचायत स्तरीय संवाद और प्राकृतिक संसाधनों के रख रखाव, उनका संरक्षण, प्रबंधन कैसे बेहतर तरीके से कर सकते है। उनका फॉलोअप करना रहेगा । जिसमें समुदाय के सक्रिय महिलाआं और पुरुषों की भागीदारी के साथ साथ संगठन से सरमी बाई, नवली कुमारी, एलक्ष्मी गरासिया, कानाराम,सवाराम,शारदाबाई, एबा व अन्य सदस्य शामिल होंगे।

## सेवा ही मनुष्य जीवन का सर्वोत्तम लक्ष्यः सांसद

### 110 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को वितरण किए उपकरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मेहता वाड़ी में मंगलवार को वेप्स मंडल पिण्डवाड़ा के 40 वर्ष पूर्ण होने पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर की और से चार दिवसीय विकलांग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद लुम्बाराम चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी, जैन संघ पिण्डवाड़ा अध्यक्ष महेश राठोड़, उप अधीक्षक भंवरलाल चौधरी, इओ महेन्द्र राजपुरोहित, दिलीप, मीठालाल एवं श्रीमती भंवर तंवर की उपस्थति में शिविर का शुभारंभ किया गया। सांसद चौधरी ने कहा की सेवार्थ कार्य जीवन का लक्ष्य हो। ऐसे शिविर आयोजित होने से जरुरतमंदो को अद्भुत लाभ मिलता है। वेप्स मंडल जो कार्य कर रहा है वह सराहनीय है। जिलाध्यक्ष श्रीमती भंडारी ने कहा की आत्म कल्याण का एक मार्ग परमार्थ सेवा है मेरी भी ऐसे कार्यो में सदा रुची रही है। ऐसे अवसर पर उपस्थित रहना यह भी मेरा परम् सौभाग्य है। वेप्स मंडल अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया की इस विकलांग शिविर में शाम तक 5 कत्रिम हाथ-पैर, 7 कैलीपर, जरुरतमंदो 10 वैशाखी, 25 ट्राई साईकील, 10 व्हील चैयर, 45 कान की मशीन एवं 8 सटीक आदि सभी 110 दिव्यांग एवं वृद्धजनों को निः शुल्क वितरण किये गये। इस शिविर में चार दिन तक सेवा की जाएगी। शिविर समापन 7 मार्च को होगा।





## 170 किलो मावा एवं मावे से निर्मित मिठाई को किया नष्ट



**खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने की कार्रवाई**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर होली के त्योहार पर सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिरोही डॉक्टर दिनेश खराड़ी ने बताया कि होली के त्योहार पर विशेष अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत के नेतृत्व में कालन्द्री के मैसर्स मां करणी बीकानेर स्वीट्स एंड नमकीन, मिल्क केक के नमूने लिए एवं मां तनोट राय मिष्ठान से मावा एवं कलाकंद के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रजापत ने बताया कि मां तनोट राय मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के समय लगभग 80 किलो मात्रा में खराब मावा डीप फ्रीजर में रखा था तथा 90 किलो मात्रा में मावा मिठाइयां विभिन्न प्रकार की फंगस एवं बदबूदार इकट्ठा की गई थी। जिन्हें मौके पर ही टीम के सहयोग से नष्ट करवाया गया। जिसकी जांच के लिए नमूने भी लिए गए। रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के बाद कालन्द्री क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सभी खाद्य व्यापारियों को अनिवार्य रूप से खाद लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत दत्ताणी को यथावत रखने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**वास दत्ताणी।** ग्राम पंचायत दताणी के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत दत्ताणी को यथावत रखने की मांग की है। ग्राम पंचायत दतानी से रेवदार पंचायत समिति मुख्यालय की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है। रेवदर जाने के लिए दत्तानी से सीधी बस सेवा ऑटो रिक्शा आदि सभी सुविधा है। जबकि दताणी से मंडार की दूरी 30 किलोमीटर है। मंडार जाने के लिए कोई भी परिवहन व्यवस्था सुगमता से उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों को पहले 12 किलोमीटर रेवदर जाकर फिर 18 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ेगी या फिर भटाणा पादर होकर जाना होगा। जिसकी भी दूरी करीबन 26 किलोमीटर है। ग्राम पंचायत दताणी के निवासी अपने व्यवसाय मजदूरी कृषि उपकरण खाद बीज आदि क्रय करने के लिए निकटतम कस्बे रेवदर जाते हैं। इसके साथ ही उन्हें अपने विभिन्न राजकिय कार्य के लिए निकटतम जाने में सुविधा रहती है।

### कार्यकारी अधिकारी ने किया गांवों का दौरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हड़मतसिंह पंवार को दाहित्व मिलने के बाद वे गांवो का दौरा कर समाज के सभी लोगों को समाजहितों पर कार्य करने पर चर्चा की। इस दौरान मंगलसिंह राठौड़, करणसिंह चौहान, केसरसिंह राठौड़, भूराराम देवासी ने आदि ने पंवार का सम्मान किया।

### प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने एक आदेश जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से सिरोही जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य को सुगमता एवं समय पर निष्पादन के लिए जिला आयोजना अधिकारी को प्रभारी अधिकारी एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

## जीएसएस के विरोध में पूर्व विधायक को दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** जैसलमेर जिले में स्थापित सोलर प्लांट में उत्पादित बिजली को कथित रूप से गुजरात भेजने के लिए राज्य सरकार की ओर से शिवगंज तहसील के कैलाशनगर में जीएसएस निर्माण के लिए आवंटित की गई भूमि को लेकर ग्रामीणों का विरोध सामने आ रहा है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेज कर सात दिन में भूमि का आवंटन निरस्त नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक संयम लोढा से भी उनके आवास पर मुलाकात कर ग्रामीणों की इस जायज मांग में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि भागलीखेडा में व पास वाली भूमि पूरे गांव के गोवंश के लिए विचरण एवं चारागाह के उपयोग में आती है। अगर वहां सोलार जीएसएस बनता है तो गांव के मवेशियों के चरने व विचरण करने के लिए भारी समस्या उत्पन हो जाएगी। इस पर लोढा से मुलाकात कर मामले से अवगत करवा ग्रामीणों की जायज मांग पर सहयोग करने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस संदर्भ में शीघ्र ही उचित मंच पर कार्रवाई की जाएगी।

## दरीबा माइंस की लिफ्ट से जुड़े उपकरणों में आग

**▸ प्रबन्धन की सतर्कता से बड़ा हादसा टला**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजपुरा दरीबा खदान आर डी माईन्स लीफ्ट में मंगलवार को अल सुबह मेन साफ्ट के संचालन के ट्रांसफर व पेनल मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे माल निकासी व लोगों के आवाजाही वाले दोनों रास्तों को सतर्कता रखते हुए बंद कर दिया। रेलमगरा थाना प्रभारी सोनाली शर्मा ने बताया कि दरीबा में स्थित आर डी माईन्स में सवेरे 8 बजे ए सीप्ट में लोगो की आवाजाही हुई तभी सम्भवतः शोर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। लिफ्ट की केबलों व ट्रांसफर के ऑयल ने आग पकड़ ली। जिससे दूर दूर तक धुआं निकला। गनीमत रही कि उस वक्त लिफ्ट कोई नहीं था ओर कोई जनहानि नहीं हुई। सुचना पर जिंक प्रबन्धन की तीन दमकल मौके पर पहुंची। राजसमन्द नगर परिषद तथा नाथद्वारा से दमकलें बुलाई गई। जिंक प्रबन्धन से जुडे रेस्क्यु व सभी सुरक्षा कार्मिक व अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग पर बहुत उंचाई पर होने से प्लान्ट से चेरी पिकर से ऊंचाई लेवल पर जाकर आग पर काबू पाया। प्रथम पारी मे 7 बजे पहुंचे मजदूरों को खतरे को भांपते हुए केज लिफ्ट में नहीं बिठाया। इस तरह सतर्कता से बड़ा हादसा टला।



## विजयनगर ब्लैकमेल कांड को लेकर बाजार बंद, निकाली रैली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** शहर के राजनगर कस्बे में सुबह से ही प्रतिष्ठान व बाजार बंद का माहौल था। चहल पहल अधिक नहीं होने के साथ हर व्यक्ति के मुंह पर अपनी बहन बेटियों व धर्म की रक्षा के लिए लव जिहाद के प्रति आक्रोश था। सर्व हिन्दू समाज समाज के आग्रह पर विजयनगर (अजमेर) क्षेत्र में मुस्लिम समाज के असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल जाने वाली नाबालिग हिंदू लड़कियों को धोखे से अपने जाल में फंसाकर, उनके साथ अनुचित वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल करने और उनका शोषण करने की घिनौनी घटनाओ को लेकर शहर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय फव्वारा चौक से मुख्य मार्ग से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकली। जिसमे बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। लोगों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने भी गगनभेदी नारे लगाकर विरोध जताया। रैली शहर के सदर बाजार, दाणी चबूतरा, गणेश चौक, कलालवाटी, किशोरनगर, मंडा होते हुए जिला परिषद चौराहे से जिला कलेक्ट्रेट में पहुंची। जहा सर्व समाज के लोगों ने संतो व महंतो के सानिध्य में ज्ञापन देते हुए कहा की उन मुस्लिम लड़कों का इरादा न केवल उक्त हिंदू बालिकाओं का यौन शोषण करना था। इन घटनाओं में पीडितों पर अनैतिक दबाव डालने और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से योजनाबद्ध षड्यंत्र रचा जाता है। यह अपराध न केवल विजयनगर बल्कि राजसमन्द में भी गंभीर चिंता का विषय है। राज्य के विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे मुस्लिम असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल, कॉलेज और ट्यूशन सेंटरों के बाहर योजनाबद्ध तरीके से हिंदू लड़कियों को फंसाने, शोषण करने और उन्हें मानसिक और शारीरिक आघात पहुंचाने के मामले सामने आए हैं। सर्व हिंदू समाज यह भी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में ऐसी कोई घटना फिर से घटित होती है और प्रशासन समय पर उचित कदम नहीं उठाता है, तो समाज के लोग मजबूरन सडकों पर उतरकर स्वयं न्याय करेंगे। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति व युवाओं ने आ'ेश रैली की व्यवस्थाओं को स्वनुशासन के साथ संभाला।

## चोरी की वारदात, दो दुकानों के ताले टूटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** कस्बे में देर रात ठाकुरजी मंदिर के सामने स्थित दो दुकानों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार ठाकुर जी मंदिर के सामने स्थित दुकान के ताले तोड़कर दुकान में से 200 ग्राम चांदी, 8 हजार रुपए नकदी और अकाउंट बुक लेकर फरार हो गए। वारदात की जानकारी पुलिस को मिलते ही पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाकर आगे की कार्रवाई शुरू की।



### आधा खुला दिखा दुकान का शटर

पिछले कई वर्षों से चौकीदारी प्राइवेट दो व्यक्तियों द्वारा की जा रही है। उनके द्वारा रात भर कस्बे की हर गली गली में हाथों में लठ और बैटरी लाइट लेकर चौकीदारी की जाती है। सोमवार को देर रात्रि चौकीदार रोजाना की तरह ठाकुरजी मंदिर गली की तरफ आया तो किराणे व ज्वेलर्स की दुकान के शटर आधे खुले हुए दिखे तो उसने दुकान के ऊपर ही निवास कर रहे किराणा दुकान के व्यापारी दिनेश अग्रवाल को उठाया और चोरी की वारदात को लेकर जानकारी दी। जिस पर उन्होंने रेवदर थाना में सूचना दी, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान मालिक की मौजूदगी में दुकान में प्रवेश कर सामान चोरी होने की जानकारी जुटाई।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

ठाकुरजी मंदिर के सामने स्थित किराणा दुकान व ज्वेलर्स की दुकान के ताले तोड़ कर वारदात को जहां अंजाम दिया वहां लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राजस्थान के गौरव 'बाबूलाल भंसाली'

## प्राणीमात्र की सेवा में समर्पित बाबूलाल भंसाली

**सेवा, सत्कार, समाजसेवा एवं प्राणीमात्र के प्रति सच्चे मन से समर्पित महामानव का नाम है भामाशाह बाबूलाल भंसाली। गौसेवक भंसाली जी जनसेवा, प्राणीसेवा को ही अपना कर्तव्य मानते हैं। सत्कर्मों के पवित्र प्रकाश से सराबोर एवं समाजसेवा के प्रतीक राजस्थान में हाड़ेचा के मूल निवासी एवं प्रसिद्ध उद्योगपति बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली एक ख्यातीलब्ध एवं विश्वसनीय नाम हैं। हिंदुस्तान की अग्रणी कंपनियों में शुमार भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लि. के चेयरमैन एवं एमडी बाबूलाल भंसाली को इंडस्ट्रियल विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं देश के आर्थिक विकास में योगदान के लिए इस्टीट्यूट ऑफ इकॉनोमिक स्टडीज की ओर से सर्वोच्च 'उद्योगरत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया है। इन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए 'राजस्थान गौरव' सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। इसके अलावा उनकी भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लि. को 'एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। लगभग 15 वर्षों तक स्टील इंडस्ट्री में अपना लोहा मनवाने के बाद 1984 से एबीएस एवं एसएएन में सिक्का जमा चुके भंसाली जितनी कुशलता के साथ अपने कार्यक्षेत्र में अग्रसर हैं, उतने ही मनोयोग के साथ वह मानवसेवा-प्राणीसेवा में भी तत्पर रहते हैं। कोरोना काल में मरीजों के लिए किए गए सर्वश्रेष्ठ सेवाकार्यों को सम्मान देने के लिए भारत विकास परिषद की राजस्थान पश्चिम प्रांत की ओर से उनको अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।**



### श्रावक - श्राविका भवन को 52 करोड़ रुपए की घोषणा

हाड़ेचा के मूल निवासी बाबूलाल भंसाली वो शख्स हैं जो खुले हाथों से दान करते हैं। सूरत के दीक्षाविधि समारोह के दौरान अहमदाबाद के मादलपुर-पालड़ी स्थित श्रीशांतिजिन जैनसंघ, मादलपुर-पालड़ी में निर्माणाधीन श्रावक-श्राविका आराधना भवन के संपूर्ण निर्माण की जिम्मेदारी हाड़ेचा निवासी बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली परिवार ने निभाई। इस भव्य आराधना भवन के निर्माण के लिए बाबूलाल भंसाली जीने 52 करोड़ रुपए का सहयोग किया है। इस श्रीशांतिजिन जैनसंघ में 51 करोड़ की लागत से श्रावक-श्राविका आराधना भवन बनकर तैयार होगा जबकि भंसाली परिवार ने एक करोड़ आठ लाख की राशि रेखा कानुंगो की दीक्षा निमित्त में भोजनशाला के लाभार्थ प्रदान करने की घोषणा की है। समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई महानुभावों ने मुमुक्षुओं का भव्य स्वागत किया था।



### एज्युकेशन हब बनाने का सपना : भंसाली

मुंबई में आयोजित राजस्थानी महासम्मेलन में "राजस्थान गौरव" से सम्मानित उद्योगपति एवं भामाशाह बाबूलाल भंसाली ने कहा था कि मैं हाड़ेचा गांव में एज्युकेशन हब बनाना चाहता हूं। यह मेरी भावना है और इसे बनाकर मैं सरकार को सौंप देना चाहता हूं। लेकिन कुछ लोगों को ये पसंद नहीं आ रहा है, क्योंकि वे सरकारी जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। यह करीब 700 करोड़ का प्रोजेक्ट है। मैंने इसे 50-50 प्रतिशत पर पूरा करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है। यदि राज्य सरकार को कोई समस्या आती है तो केंद्र सरकार से भी मदद का निवेदन करुंगा। साथ ही मैं हाड़ेचा और सांचौर के अन्य क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने का भी अनुरोध करता हूं और इस संबंध में एक विस्तृत योजना तैयार करके मैं मंत्री से मिलूंगा।







### धर्म परायण

बाबूलाल भंसाली जैन धर्मावलंबी हैं। वे यूं तो सभी धर्मों को सदैव महत्व एवं सम्मान देते हैं, परन्तु जैन धर्म के लिए कार्य करने को सदैव तत्पर रहते हैं। हाड़ेचा गांव में 32 सालों में संगमरमर के सफेद पत्थर से 9 मंजिला कीर्ति स्तंभ बनाया गया है। बीच में तो प्रतिदिन 700 कारीगरों ने काम करके कीर्ति स्तंभ तैयार किया। 9 मंजिल में 108 फीट ऊंचे कीर्ति स्तंभ का अंजनशलाका महोत्सव प्राण प्रतिष्ठा उद्योगपति बाबूलाल भंसाली की देखरेख संपन्न की गई। इसमें 500 साधु संतों व साध्वियों का सान्निध्य रहा। देश-विदेश से लाखों लोग यहां आए, जिनमें प्रसिद्ध राजनेता, उद्योगपति, न्यायाधीश, डाक्टर, वकील जैसे पेशेवर नामचीन शामिल थे। यही नहीं वे जैन समाज की एकता एवं अखंडता को लेकर सदैव कार्यरत रहते हैं।




### श्री बाबूलाल जी भंसाली को जन्मदिन की हार्दिक बधाई!

हाड़ेचा नगर में मार्च महीने की सुबह के सूर्य की किरण के साथ ही भंसाली परिवार कुल दीपक की किलकारियों से गूंज उठा। सौभाग्यवती छोगीदेवी के कोख से जन्म लेने वाले मिश्रीमल जी के सुपुत्र श्री बाबूलाल जी भंसाली को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाए ओर मंगल बधाई। आज जैन एकता की सफलता की सीढ़ी पर चढ़ते हुए पूज्य गुरुदेवों के आशीर्वाद और निरन्तर अथक प्रयास से एकता का आगाज हो गया। हाड़ेचानगर में दोनों तिथि के गुरुदेवों का एक सुधर्मा पाठ पर विराजमान होना और श्री बाबूलाल जी भंसाली के निरन्तर प्रयास से शाश्वत महातीर्थ शत्रुंजय में सांचोर पट्टी के जिनालय की प्रतिष्ठा महोत्सव में दोनों तिथियों को गुरुदेवों की पावन निश्रा मिलने से श्री बाबूलाल जी भंसाली के दोनों तिथि की एकता का स्वप्न साकार होता दिख रहा है, जो जल्द ही साकार होगा। जैन समाज में एक अनुकरणीय और मिशाल योग्य कदम है। सुश्रावक, भामाशाह, जन-जन के हितकारी, गुरुदेव के कृपापात्र, भंसाली कुल को उज्ज्वल करने वाले कुलदीपक, परिवार के दिल में रहने वाले और मानवता के मसीहा, अबोल जीवों के पालनहार जीवदया प्रेमी, सबके लिए मंगल भावना रखने वाले श्री बाबूलाल जी भंसाली को धरा अवतरण दिवस (जन्मदिन) पर शत शत नमन और वंदन करते हैं। आप दीर्घायु बनकर राष्ट्र और समाज के लिए सतत सद्कार्य करते रहें ऐसी शासन देव से मंगल प्रार्थना करता हूं।

**- मंगलचंद सेठ**

### विद्यालय भवन का निर्माण

भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लि. के एमडी बाबूलाल भंसाली हाडेचा में एक पशु चिकित्सालय भवन एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन का निर्माण करवाएंगे। आबू रोड स्थित भंसाली इंजिनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बाबूलाल मिश्रीमल भंसाली का इस विद्यालय से हार्दिक लगाव है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हाडेचा स्थित इसी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से की है। 50 वर्ष से भी अधिक पुराना यह विद्यालय भवन अब जर्जर हो चुका है। भंसाली भलीभांति जानते हैं कि वर्तमान में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भवन के आधुनिकीकरण एवं विस्तार की अत्यधिक आवश्यकता है, जिसे देखते हुए बाबूलाल भंसाली ने जालोर की तत्कालीन कलेक्टर नम्रता वृष्णि से भेंट कर विद्यालय भवन के निर्माण की इच्छा जताई थी। इस विद्यालय भवन के बनने से विद्यार्थियों को यहां सभी तरह की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह भंसाली के लिए एक सुखद अनुभूति होगी कि जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की, अब वहां उनके सहयोग से हजारों नौनिहाल शिक्षा प्राप्त कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम रोशन करेंगे।

### 'जीवेत शरद शतम्'

**जैन शासन के हर कार्य में सदैव अग्रिम स्थान पर और जैन धर्म के किसी भी कार्य को जिनकी उपस्थिति मात्र सफल बनाती है। ऐसे हमारे आदरणीय श्री बाबूलाल भंसाली जी को जन्मदिन की हृदय पूर्वक ढेर सारी कामनाएं।**

श्री भंसाली जी न सिर्फ धर्म के लिए बल्कि कोई भी सामाजिक कार्य हो या किसी व्यक्ति या कोई और समाज का कार्य हो, जो करने से सारे समाज को सुख पहुंचे उन सभी कार्यों में उनका हमेशा सहयोग रहता हैं। ऐसे सर्वसमाज के मसीहा बाबूलाल भंसाली जी को सर्व समाज की ओर से जन्मदिन की कोटिश: शुभकामनाएं। हमारे भाभर तीर्थ के लिए जो भुज-बांद्रा रेल का स्टॉपेज नहीं मिल रहा था, जिस कार्य के लिए 10 साल से राजकीय पार्टी एवं सामाजिक नेता भी विफल रहे थे, लेकिन आदरणीय बाबूलाल जी को हम मिले और उनसे अनुरोध किया। उनकी सिफारिश से भाभर तीर्थ को भुज-बांद्रा ट्रेन का स्टॉपेज मिला और इस सुविधा से भाभर तीर्थ की सारी जनता का आशीर्वाद उनके साथ सदैव रहेगा। भंसाली जी द्वारा किए गए ऐसे बहुत सारे नेक कार्य होंगे जो सभी को शायद मालूम भी ना हों। क्योंकि बाबूलाल जी 'नेकी कर और दरिया में डाल' की उक्ति को सार्थक करते हुए कभी भी अपने आप को औरों से बड़े नहीं मानते; यही उनका बड़प्पन है।

लोगों ने बाबूलाल जी का दूसरा नाम 'भामाशाह' रखा है। यह सर्वथा यथार्थ एवं उचित है। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी 'जैन रत्न' बाबूलाल भंसाली जी को हमारी ओर से जन्मदिन की बहुत सारी शुभकामनाएं। ईश्वर उनको दीर्घायु और आरोग्यप्रद जीवन प्रदान करें। उनका जीवन समाज सेवा के कार्य उपयोग में आए।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ

**अजय मोदी का जय जिनेंद्र!**



### गौ भक्त भंसाली

बाबूलाल भंसाली गौसेवा में हमेशा लगे रहते हैं। राजस्थान की शायद ही कोई गौशाला होगी, जिसमें उन्होंने अपना सहयोग नहीं दिया हो, वे अपने जीवन के हरेक प्रकार के क्षणों गौमाताओं को समर्पित करते हैं। उनके घर में यदि किसी बच्चे की किलकारी गूंजती है तो वे गौशालाओं में दान देते हैं। यदि किसी परिजन को स्वास्थ्यलाभ होता है तो भी वे गौमाताओं धन्यावद प्रदान करते हैं और गौशालाओं में आर्थिक सहयोग करते हैं। उनके जीवन में जिस प्रकार परिवार का महत्व है, ठीक उसी प्रकार गायों का भी उनके जीवन में खास स्थान है।





नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.

# राज्यपाल माथुर और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने किए भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर और राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रसिद्ध सेसली तीर्थ पहुंच भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन पूजन का लाभ लिया। सेसली प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन के बाद राज्यपाल माथुर और राठौड़ के साथ पूर्व सांसद पुष्प जैन और जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी भी तीर्थ स्थल पहुंचे। यात्रिक भवन में ओसवाल जैन संघ बाली के पदाधिकारियों ने अतिथियों का परंपरागत स्वागत किया। अध्यक्ष बाबूलाल मण्डलेशा, सचिव कांतिलाल कितावत और सह सचिव श्रीपाल कितावत ने तिलक, माला, साफा, शॉल और मोमेंटो भेंट किए। कार्य' म में ट्रस्टी प्रकाश धोका, दीपचंद मेहता, रणजीत बाफना, बस्तीमल मेहता, बाली जैन मित्र मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र परमार व महावीर जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मुकेश भंडारी भी मौजूद थे। इसके साथ ही रामकिशोर गोयल, भंवरसिंह राजपुरोहित, संजय ओझा, भूपेंद्रसिंह जोधा, सरपंच जगदीश जणवा समेत समाज के कई गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शरीक हुए।

## राज्यपाल माथुर ने विष्णु महायज्ञ में अर्पित की आहुतियां



**पाली।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने मंगलवार को देसूरी तहसील के गुड़ा मांगलिया पहुंच विष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति समारोह में भाग लिया। माथुर का आयोजन समिति द्वारा माला व साफा पहना कर स्वागत किया गया। विष्णु महायज्ञ में आहुति अर्पित की। जनसभा को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा कि विष्णु महायज्ञ एक दुर्लभ यज्ञ है। गोड़वाड़ की धरा पर कई वर्षों पश्चात विष्णु यज्ञ हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि इस महायज्ञ के आयोजन में शिरकत करने का अवसर मिला। प्रयासराज महाकुंभ की महिमा का वर्णन भी किया। उपस्थित संत समुदाय के दर्शन दुर्लभ बताते हुए संत महात्माओं की महिमा का बखान किया। माथुर द्वारा विष्णु महायज्ञ के विभिन्न बोलियों के लाभार्थी भामाशाहों का तिलक कर दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं जन समुदाय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सांसद पुष्प जैन एवं गादिपति महेन्द्रसिंह महाराज भी मौजूद थे।



## गोस्वामी बने विहिप के जिला मंत्री



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** विश्व हिन्दू परिषद जोधपुर प्रांत की दो दिवसीय बैठक नागौर जिले में खींवसर के पांचला सिद्धा में आयोजित की गई। प्रचार प्रमुख सुजाराम चौधरी ने बताया कि इस बैठक में संगठन के संयुक्त केंद्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन, क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम, क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक विजयानंद, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी व प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल का मार्गदर्शन मिला। प्रयागराज में आयोजित केंद्रीय बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। संगठन विस्तार को लेकर दायित्वों की घोषणा की गई। इसके तहत रतनपुरी गोस्वामी श्रीसेला को जिला मंत्री मनोनीत किया गया। विहिप जिलाध्यक्ष वनाराम चौधरी, लखमाराम परमार, सूजाराम चौधरी, नंदूभाई मेवाड़ा, गणपत नायक, शंकरसिंह, महेंद्र शर्मा, खुशवंत भाटी आदि ने बधाई दी।

## देसूरी नाल में फिर पलटा गेहूं के कट्टों से भरा ट्रक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** मध्यप्रदेश से पाली जा रहा गेहूं से भरा ट्रक मंगलवार दोपहर को देसूरी नाल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक में लदे करीब 150 कट्टे गेहूं गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में खलासी चोटिल हो गया। पुलिस के अनुसार ट्रक के ब्रेक फेल होने पर चालक ने सूझबूझ दिखाई। उसने आगे-पीछे चल रहे वाहनों को बचा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। चालक ट्रक का कांच तोड़कर बाहर निकल आया। हादसे में ट्रक का खलासी सुरेंद्रसिंह घायल हो गया। सुरेंद्रसिंह नाथद्वारा का रहने वाला है। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल खलासी को चारभुजा अस्पताल भिजवाया।

**खलासी घायल, चालक की सुझबुझ से टला बड़ा हादसा**

## हाइकोर्ट में नियुक्त न्याय सहायक व्यास हुए सेवानिवृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** मेवाड़ आमेट से लेकर शेखावाटी तक पंडित के नाम से मशहूर पंडित मदनलाल व्यास न्याय सहायक देवरिया के 35 साल की राजकीय सेवा निवृति पर समारोह राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के सभागार में हुआ। जिसमें न्यायिक, राजनीतिक, पारिवारिक स्नेही जनो के सानिध्य में संम्पन हुआ। सेवा निवृति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनूप कुमार थे। कार्य' म ने न्याय विभाग से पंडित मदन व्यास के कार्यों की प्रशंसा की गई। न्यायाधीश अनूप कुमार ने मदनलाल के सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा कर शाल श्रीफल व प्रभु राम की तस्वीर भेंट कर बधाई दी। न्याय विभाग द्वारा मदन व्यास के पिता बद्रीलाल व्यास का भी मंच पर सम्मान किया। मदन व्यास देवरिया के रहने वाले है। प्रशासन रजिस्ट्रार सुरेश बंसल, न्यायिक मनोज सोनी, जगतसिंह पंवार, ओएसडी कुलदीप सिंह राव मचासीन रहे। कार्य' म में गलता पीठ के महंत अवधेशाचार्य, संत सुरेशचंद्र, पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री सुरेन्द्रसिंह राठौड़ विधायक कुम्भलगढ़, समाजसेवी कुंदनसिंह सोलंकी, श्यामसिंह राठौड़, पूर्व आइजी शिवलाल जोशी, राजसमंद जिला स्पेशल ब्रांच अधिकारी रतनलाल व्यास, समाजसेवी ललित कुमार गेलड़ा, बालकृष्ण टेलर, तेजसिंह, गोपालसिंह, दिनेश शर्मा, सदाम मंसूरी आमेट, कवि सम्पत उजाला मुंबई, रमेश जोशी, सत्यनारायण, बालकृष्ण जोशी आसुना, लोकेश व्यास, नीरज शर्मा सहित सैकड़ों स्नेही जनों ने बधाई दी।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने की मांग

### आइएफडब्ल्यूजे के ब्लॉक अध्यक्ष मेवाड़ा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आइएफडब्ल्यूजे) के सुमेरपुर ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा ने कल्लाजी धाम बसंत आगमन पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को संगठन की ओर से ज्ञापन सौंप पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाने सहित पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं का समाधान कर राहत पहुंचाने की मांग की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे ज्ञापन के जरिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को जिला व उपखंड स्तर पर आवास हेतु निःशुल्क भूखंड आवंटित करवाने, पत्रकारों व उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा के लिए दी जाने वाली राशि को बढ़ाने सहित 13 सूत्री मांगों को पूरा करवाने की मांग की गई। प्रदेशाध्यक्ष ने मांगों को लेकर सकारात्मक रूख दिखाया। इस दौरान अरविंदकुमार जोशी, पुखराज कुमावत, अरूण बैरवा, देवाराम मीणा, महावीर मेवाड़ा, खीमाराम मेवाड़ा, हिम्मत रांगी सहित कई पत्रकार बंधु मौजूद थे।



### अध्यक्ष मेवाड़ा का किया स्वागत

इससे पहले प्रदेशाध्यक्ष राठौड़, कल्लाजी राठौड़ धाम के गादीपति जब्बरसिंह राजपुरोहित, भरतसिंह, पूर्व सरपंच कैलाश सुथार ने आइएफडब्ल्यूजे का ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर नटवर मेवाड़ा का साफा व माला पहनाकर स्वागत कर उन्हें इसके लिए बधाई दी। आंखों का ऑपरेशन करवाने पर मेवाड़ा की कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान राठौड़ ने कहा कि मेवाड़ा ने मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र में निष्पक्ष व निर्भिक कलम के बूते पत्रकारिता के क्षेत्र में पहचान स्थापित की है। वे जमीनी हकीकत और समस्याओं पर रिपोर्टिंग करते है जो सराहनीय है। गादीपति राजपुरोहित ने भी मेवाड़ा की कार्यकुशलता की सराहना की।

## प्राधिकरण सचिव ने किया बाल गृहों का निरीक्षण





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वि' मसिंह भाटी (एडीजे) ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह व राजकीय शिशु गृह का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव भाटी द्वारा गृहों की साफ-सफाई, बालकों के लिए स्वच्छ कपड़े, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह, भवन की भौतिक स्थिति आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आवासित बालकों से वार्तालाप कर गृह में मिलने वाली सुविधाओं तथा अध्ययन के संबंध में एवं सम्प्रेषण गृह में विधि से संघर्षरत बालकों से उनकी परिवारजन से मुलाकात, न्यायमित्र द्वारा प्रकरण के संबंध में समय-समय पर अवगत करवाए जाने आदि के बारे में जानकारी ली। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त पोषित आहार तथा नाश्ते में आवश्यकतानुसार चाय एवं दूध उपलब्ध करवाया जाना बताया। खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुडो इत्यादि उपलब्ध होना पाया गया। भाटी द्वारा गृहों में आवासित बालकों हेतु मैत्रीपूर्ण वातावरण उपलब्ध करवाने एवं भवन की नियमित रूप से साफ-सफाई व स्वच्छता को और अधिकर कारगर बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दोरानसमन्वयक कन्हैयालाल आदि उपस्थित रहे।

### मंदिर, परिसर एवं मंदिर तक का मार्ग लगा निखरने

## सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम का वार्षिक मेला 29 से

### मेले को लेकर सजने संवरने लगा सोनाणा गांव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** जन-जन की आस्था के प्रतीक सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम का दो दिवसीय वार्षिक मेला 29 से आरंभ होगा। आयोजन को लेकर आयोजन कमेटी, ग्रामीणों एवं खेतलाजी के भक्तों में उत्साह का आलम है। मेले को लेकर सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रकाश वनगोस्वामी, सचिव संदीपसिंह चारण, कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष लक्ष्मण मेघवाल, मोतीसिंह राजपुरोहित, अभिषेकसिंह राजपुरोहित, खरताराम चौधरी सहित पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे है। भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल ने बताया कि सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम के आधार स्तंभ, प्रेरणा स्त्रोत दिवंगत ओंकारमल नानचंद भंडारी के दिव्य आशीष से दो दिवसीय मेले को भव्य बनाने में कार्यकर्ता जुटे हुए है। मेले के लाभार्थी कश्मीरा अमृतलाल मावडीकर बंबोरी परिवार निवासी जोजावर हाल पूना अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं वही ट्रस्ट कमेटी के सान्निध्य में युद्ध स्तर पर रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर, परिसर सहित संपूर्ण गांव को सजाया जा रहा है। सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम ट्रस्ट कमेटी, भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल विनोद परमार, प्रमोद पालरेशा, अभिजीत लुंकड़, जयेशभाई फुलफगर, अमोल कोठारी आदि पूरे उत्साह के साथ मेला महोत्सव को यादगार बनाने में जुटे है।



### कार्यक्रम की बानगी

आयोजन के तहत 29 मार्च शाम 8 बजे से विशाल भजन संध्या का आगाज होगा। नितिनकुमार इंडियन आइडल ग्रुप एवं राजस्थान के कलाकार महावीर सांखला नागौर, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विनोद गोमती राजपुरोहित जालौर, त्रिशा सुथार सिरोही एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देगी। वहीं महाकाल भस्म रमैया ग्रुप निंबाहेड़ा, पिनाकल इवेंट पूना राजूभाई गुजरात एक से बढ़कर एक झांकियां, आरती आदि की अदाकारी पेश करेंगे।

### राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े होंगे मुख्य अतिथि

भक्तराज रमेशकुमार ओसवाल एवं भामाशाहों द्वारा राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े से बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शरीक होने का आग्रह किया गया। जिसे राज्यपाल ने सहज मंजूर कर लिया। वे 29 मार्च को जूनीधाम सोनाणा पहुंचेंगे।

## महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हीरालाल द्वारा किया गया। प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और समाज सेवा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सहायक आचार्य हितेन्द्रसिंह ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही, विभिन्न सत्रों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया ने बताया कि आगामी दिनों में शिविर के अंतर्गत ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति अभियान और अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल जाखानगर में सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 9 तक रिक्त स्थानों पर नवीन प्रवेश की प्र' या मंगलवार से प्रारम्भ हुई। प्रधानाचार्य शैतानसिंह सांदू ने बताया कि प्रवेश के लिए पंजीयन आवेदन पत्र प्रातः 9.30 से दोपहर 3 बजे तक विद्यालय से निशुल्क प्राप्त किए जा सकते है। पंजीयन आवेदन 17 मार्च तक जमा किए जाएंगे। कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश के लिए चयनित आवेदकों की सूची 20 मार्च को जारी की जाएगी। कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा स्थानीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। सत्र 2025-26 में कक्षा 1 से 9 तक के रिक्त पदों के अनुसार प्रवेश के लिए पंजीयन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। रिक्त पदों से सम्बन्धित जानकारी विद्यालय के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकेगी। प्रवेश प्रभारी इन्द्रकुमार ने बताया कि प्रवेश आवेदन के साथ आधार कार्ड, सुमेरपुर ब्लॉक का मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, विशिष्ट श्रेणी का प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति व वर्तमान विद्यालय का अध्ययनरत प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# विद्यालय से हटाए दो शिक्षक, जांच कमेटी गठित

### शिक्षकों के आपस में झगड़ने के वायरल वीडियो का मामला

### ग्रामीणों ने की विद्यालय की तालाबंदी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बापूनगर में शिक्षकों के आपसी विवाद को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को विद्यालय की तालाबंदी की। ज्ञातव्य है कि 21 फरवरी से संस्था प्रधान सुरेंद्र गोदारा, प्रबोधक शारीरिक शिक्षक कैलाशसिंह एवं शिक्षक अर्जुन देवासी के बीच में विद्यालय से जल्दी निकल जाने को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर शिक्षक आपस में झगड़े पर उतारू हो गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने शिक्षकों के प्रति आ' श व्यक्त करते हुए विद्यालय की तालाबंदी कर दी। सूचना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचने पर कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविंद्र त्रिवेदी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से समझाइस की। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पोषाहार का खाना पकवाना, शौचालय की साफ सफाई करवाना सहित अन्य विद्यालय का काम भी स्कूल की छात्रों से करवाया जा रहा था। साथ ही बच्चों के सामने आए दिन शिक्षक आपस में लड़ाई झगड़े करने से स्कूल छात्रों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसको लेकर तुरंत प्रभाव से दोनों शिक्षकों को विद्यालय से हटाने की मांग की। जिस पर प्रारंभिक तौर पर विद्यालय के संस्था प्रधान सुरेंद्र गोदारा व प्रबोधक शारीरिक शिक्षक कैलाशसिंह को तुरंत प्रभाव से विद्यालय से हटाकर उनका मुख्यालय सीबीइओ कार्यालय किया गया।

### शिक्षकों के आपस में झगड़ने का महीने में दूसरा मामला

सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र में शिक्षकों में आपसी विवाद के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। महीनेभर में यह दूसरा मामला सामने है। 5 फरवरी को सलोदरिया विद्यालय में भी दो शिक्षकों के आपस में लड़ने का मामला सामने आया था। जिसमें मामला पुलिस थाने तक भी पहुंचा था। प्रारंभिक जांच के बाद सीबीइओ कार्यालय द्वारा अग्रिम कारवाई के लिए 13 फरवरी को डीइओ माध्यमिक को जांच रिपोर्ट पहुंचाई गई है। हालांकि डीइओ माध्यमिक को जांच भेजने के बाद आगे की कार्रवाई अभी भी चल रही है।

### दोनों शिक्षकों को किया है एपीओ

हमारे पास में पूर्व में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय की तालाबंदी की। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों की शिकायत करते हुए ज्ञापन भी दिया गया। जिसको लेकर संस्था प्रधान व प्रबोधक शारीरिक शिक्षक का प्रारंभिक तौर पर मुख्यालय सीबीइओ कार्यालय किया गया है। साथ ही जांच कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए।

रविंद्र त्रिवेदी
एसीबीइओ-सुमेरपुर